

वर्ष- 12 अंक-04
लखनऊ, रविवार 18 अगस्त, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु. 3.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



प्रदेशवासियों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों : उपमुख्यमंत्री 03

मंकीपॉक्स सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित 12


# ओलंपियन खिलाड़ियों पर यूपी सरकार ने की धन वर्षा

**घोषणा**

- राजकुमार पॉल व ललित उपाध्याय को उत्तर प्रदेश सरकार देगी एक एक करोड़ रुपये

**गाजीपुर, समृद्धि न्यूज।**

पेरिस ओलंपिक 2024 में प्रतिभाग करने वाले हॉकी खिलाड़ी राजकुमार पॉल और ललित उपाध्याय को उत्तर प्रदेश सरकार एक एक करोड़ रुपये देगी जबकि ओलंपिक में भाग लेने वाले राज्य के अन्य सभी खिलाड़ियों को दस दस लाख रुपये दिये जायेंगे।

गाजीपुर के मेघबरन सिंह स्टेडियम पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को यह घोषणा की । उन्होने कहा कि खेल व खिलाड़ी के लिए समर्पित सरकार की तरफ से इन दोनों खिलाड़ियों को एक-एक करोड रुपए व उत्तर प्रदेश की तरफ से ओलंपिक में प्रतिभा के सभी खिलाड़ियों को 10-10 लाख रुपए उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने ओलंपिक हॉकी में पदक दिलाने वाले गाजीपुर के राजकुमार पाल और बनारस के ललित उपाध्याय के सम्मान समारोह में भाग लिया।

इसके साथ ही उन्होंने राजकुमार पाल को पुलिस उपाधीक्षक पद पर मनोनीत किया जबकि ललित उपाध्याय पूर्व से ही उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इस पद पर मनोनीत हो चुके हैं। योगी ने ललित उपाध्याय के माता-पिता राजकुमार की मां, दोनों भाईयों को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। उन्होंने मेघबरन स्टेडियम के अन्य खिलाड़ियों और कोच को भी सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि एक खिलाड़ी अपने खेल के लिए की जान लगा देता है। तब देश का मस्तक गौरव से ऊंचा बढ़ता है। ऐसे में खिलाड़ियों के सम्मान के लिए देश को भी बहुत कुछ करने की आवश्यकता है।



**खिलाड़ियों को डिप्टी एसपी सहित महत्वपूर्ण पदों पर दी नौकरी**

सीएम ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा खेल व खिलाड़ियों के लिए तमाम नीतिगत कार्य किया जा रहे हैं। हमने खिलाड़ियों के लिए नौकरी की बौछार लगा दी है। हाल के कुछ वर्षों में तमाम महत्वपूर्ण प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले 500 से अधिक खिलाड़ियों को सीधे डिप्टी एसपी सहित महत्वपूर्ण पदों पर नौकरी दी है। जिससे उनका परिवार सम्मान के साथ अपना जीवन यापन कर सके।

## पुलिस भर्ती में 60 हजार से अधिक नौजवानों को मिलेगा अवसर : सीएम

**अंबेडकर नगर।** उत्तर प्रदेश में अगस्त महीने की 5 तारीखें बेहद महत्वपूर्ण होने जा रही हैं। प्रदेश में 23, 24, 25 व 30 तथा 31 अगस्त को पुलिस भर्ती प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा और ऐसा पहली बार हो रहा है जब प्रदेश में इतने बड़े स्तर पर पुलिस भर्ती परीक्षा आयोजित हो रही है। प्रदेश के हर जिले के युवा को इस पूर्ण पारदर्शी नियुक्ति प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर मिलेगा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अंबेडकर नगर कटेहरी स्थित स्थित देव इंद्रावती महाविद्यालय में आयोजित जनपद स्तरीय वृहद रोजगार एवं ऋण मेले में ये बातें कहीं। इस अवसर पर उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रदेश में होने वाली पुलिस भर्ती में 20 प्रतिशत बेटियों को भी नियुक्ति दी जाएगी। वे प्रदेश की सड़कों पर उतरकर शोहदों का सही इलाज करेंगी। अपराधियों, माफिया और अराजक तत्वों को चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ किसी को भी खिलवाड़ करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। वो समय गया, जब प्रदेश में चाचा-भतीजा की गैंग वसूली करने निकलती थी। अब तो जो भी ऐसा करेगा उनकी संपत्ति जब्त कराकर जरूरतमंद में बंटवा दी जाएगी। प्रदेश में किसी बेईमान को, अपराधी को और अराजकता को बढ़ावा देने वाले तत्वों को छूट नहीं दी जाएगी। कार्यक्रम में कुल 2,500 युवाओं को प्रशस्ति पत्र, 5,100 छात्र-छात्राओं को टैबलेट व कुल 211 करोड़ रुपए के ऋण का वितरण किया गया।



# केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने डॉक्टरों से काम पर लौटने की अपील की

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने डॉक्टरों और स्वास्थ्य पेशेवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया है। मंत्रालय ने कहा कि स्वास्थ्य पेशेवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उपाय सुझाने के लिए एक समिति बनाई जाएगी। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक रेजिडेंट महिला डॉक्टर के साथ सामूहिक दुष्कर्म कर हत्या करने के खिलाफ और महिला डॉक्टरों की सुरक्षा की मांग को लेकर हड़ताल पर गए डॉक्टरों से मंत्रालय ने काम पर लौटने की अपील की है। मंत्रालय ने डेंगू और मलेरिया के बढ़ते मामलों को देखते हुए आंदोलनकारी डॉक्टरों से जनहित में अपने काम पर लौटने का अनुरोध किया है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने प्रतिनिधियों की मांगों को सुना और उन्हें स्वास्थ्य पेशेवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया है। सभी एसोसिएशनों के प्रतिनिधियों को बताया गया कि सरकार स्थिति से अच्छी तरह वाकिफ है और उनकी मांगों के प्रति संवेदनशील है। मंत्रालय ने डेंगू और मलेरिया के बढ़ते मामलों को देखते हुए आंदोलनकारी डॉक्टरों से व्यापक जनहित में अपने काम पर लौटने का अनुरोध किया।



**आग्रह**

- सुरक्षा सुनिश्चित करने का दिया भरोसा

## संक्षिप्त समाचार

### गंगा नदी फोरलेन पुल का पाया संख्या 9 का सुपर स्ट्रक्चर जमींदोज



**भागलपुर।** बिहार में पुलों के गिरने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। ताज़ा मामला जिले के भागलपुर जिले के सुल्तानगंज स्थित गंगा नदी का हैं जहां पर निर्माणाधीन फोरलेन पुल का स्ट्रक्चर शनिवार को फिर एक बार गिर गया है। इस घटना से वहां अफरा तफरी का माहौल है। बताया जा रहा है कि सुलतानगंज अगुवानी गंगा नदी पर बन रहे निर्माणाधीन फोरलेन पुल का पाया संख्या 9 का सुपर स्ट्रक्चर एक बार फिर जमींदोज हो गया है। घटना के बाद बिहार सरकार का यह प्रोजेक्ट एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गया है। क्योंकि कंपनी अगले कुछ ही महीनों में इसे चालू करने का दावा कर रह थी। ऐसे में लेकिन अगर ये पुल चालू हो जाता तो कितना बड़ा हादसा हो सकता था।

### कानपुर में साबरमती एक्सप्रेस के डिब्बे पटरी से उतरे



**कानपुर।** झांसी मंडल के अंतर्गत कानपुर के कानपुर-भीमसेन खंड में गोविंदपुरी स्टेशन के समीप रात्रि करीब 2 :30 बजे साबरमती एक्सप्रेस (बनारस-अहमदाबाद) के कई डिब्बे पटरी से उतर गए। राहत की बात यह है कि हादसे में जानमाल की कोई क्षति नहीं हुई है। नार्दन रेलवे के पीआरओ अमित मालवीय ने बताया कि गाड़ी संख्या 19168 साबरमती एक्सप्रेस (बनारस-अहमदाबाद) के कई डिब्बे झाँसी मण्डल के अंतर्गत कानपुर के कानपुर-भीमसेन खंड में गोविंदपुरी स्टेशन के निकट समय रात्रि 2 :30 बजे पटरी से उतर गए। रेल प्रशासन की तरफ से यात्रियों की सुविधा के इंतजाम किए गए हैं। यात्रियों को बस से कानपुर भेजा जा रहा है। वरिष्ठ अधिकारी दुर्घटना स्थल तथा नियंत्रण कार्यालय में मौजूद हैं। दुर्घटना राहत गाड़ी भी प्रस्थान कर चुकी है।

### प्रधानाचार्य ने छात्रा से की छेड़खानी, अभिभावकों ने किया धुनाई

**जालौन।** कन्या जूनियर विद्यालय में कक्षा सात की छात्रा से छेड़खानी करने के आरोपी प्रधानाचार्य पर गुस्साएं अभिभावकों ने जमकर धुनाई कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी अध्यापक को पकड़ कर थाने ले आई, जहां छात्रा के माँ की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। थाना क्षेत्र के ग्राम बबीना के कन्या जूनियर विद्यालय में तैनात प्रधानाध्यक ने शनिवार को नाबालिग कक्षा सात की बालिका के साथ छेड़खानी कर दी। जब उक्त नाबालिग छात्रा घर पहुंची तो पूरी बात अभिभावकों को बताई। जिसके बाद अभिभावकों ने स्कूल पहुंचकर हंगामा काटा और प्रधानाध्याक के साथ मारपीट करते हुए उसे लेकर थाने पहुंचें।

# आज चारों ओर अनिश्चितता का माहौल : मोदी

**संबोधन**

- आतंकवाद, अतिवाद व अलगाववाद समाज के लिए गंभीर खतरा बने हुए हैं : पीएम



**हेल्थ सिक्योरिटी के लिए हमारा मिशन एक विश्व-एक स्वास्थ्य**

प्रधानमंत्री ने कहा कि समावेशी विकास में डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, बहुउद्देशीय डीपीआई का योगदान किसी क्रांति से कम नहीं है। हमारी जी-20 अध्यक्षता में बना ग्लोबल डीपीआई रिपॉजिटरी, डीपीआई पर ये अब तक का पहला बहुपक्षीय सहमति था। हमें खुशी है कि ग्लोबल साउथ के 12 पार्टनर्स के साथ इंडिया स्टैक साझा करने संबंधी समझौते हो चुके हैं। ग्लोबल साउथ में डीपीआई में तेजी लाने के लिए, हमने सामाजिक प्रभाव निधि बनाया है। भारत इसमें 25 मिलियन डॉलर का शुरुआती योगदान करेगा। उन्होंने कहा कि हेल्थ सिक्योरिटी के लिए हमारा मिशन एक विश्व-एक स्वास्थ्य है। हमारा विज़न-आरोग्य मैत्री यानि स्वास्थ्य के लिए मित्रता है।

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि विश्वभर में अनिश्चितता के माहौल के बीच वैश्विक दक्षिण के देशों को स्वास्थ्य सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा, ऊर्जा सुरक्षा, प्रौद्योगिकी विभाजन और आतंकवाद जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए एकजुट होना चाहिए।

भारत द्वारा वर्चुअल माध्यम से आयोजित तीसरे वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत आपसी व्यापार, समावेशी विकास और सतत विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए ग्लोबल साउथ के साथ अपनी क्षमताओं को साझा करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज चारों ओर अनिश्चितता का माहौल है। दुनिया अभी तक कोविड के प्रभाव से पूरी तरह बाहर नहीं निकल पाई है। दूसरी ओर युद्ध की स्थिति ने हमारी विकास यात्रा के लिए चुनौतियां खड़ी कर दी हैं।

जलवायु परिवर्तन, हेल्थ सिक्योरिटी, फ़ूड सिक्योरिटी और ऊर्जा सिक्योरिटी की चिंताएं भी हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवाद, अतिवाद और अलगाववाद हमारे समाजों के लिए गंभीर खतरा बने हुए हैं। टेक्नोलॉजी विभाजित करना और टेक्नोलॉजी से जुड़ी नई आर्थिक और सामाजिक चुनौतियां भी सामने आ रही हैं। पिछले सदी में बने ग्लोबल गवर्नेंस और फाइनेंशियल संस्थान इस सदी की चुनौतियों से लड़ने में असमर्थ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह समय की मांग है कि ग्लोबल साउथ के देश एकजुट होकर एक स्वर में एक साथ खड़े रहकर एक दूसरे की ताकत बनें। भारत, ग्लोबल साउथ के सभी देशों के साथ अपने अनुभव, अपनी क्षमताएं साझा करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम आपसी व्यापार, समावेशी विकास, सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स की प्रगति और महिलाओं के नेतृत्व में विकास को बढ़ावा देना चाहते हैं। पिछले कुछ वर्षों में, इंफ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल और एनर्जी कनेक्टिविटी से हमारे आपसी सहयोग को बढ़ावा मिला है। मिशन लाइफ के अंतर्गत हम न केवल भारत में, बल्कि पार्टनर देशों में भी रूफ-टॉप सोलर और रिन्यूएबल पावर जनरेशन को प्राथमिकता दे रहे हैं। हमने वित्तीय समावेशन और अंतिम मील वितरण के अपने अनुभव को साझा किया है।

# स्वदेशी एडवांस्ड टोड आर्टिलरी गन सिस्टम के उत्पादन का रास्ता साफ

**तैयारी**

- फायरिंग से जुड़े आकलनों की समीक्षा में खरी उतरी टोड आर्टिलरी गन

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

एडवांस्ड टोड आर्टिलरी गन सिस्टम (एटीएजीएस) परीक्षण में फायरिंग से जुड़े आकलनों की समीक्षा में भी पूरी तरह खरी उतरी है।

उत्पादन का रास्ता साफ होने के बाद अब भारतीय सेना इन तोपों को अपने शस्त्रागार में शामिल करने को तैयार है। इसीलिए सेना ने 400 टोड आर्टिलरी गन सिस्टम के लिए टेंडर जारी करके निर्माण करने के लिए भारतीय कंपनियों को आमंत्रित किया है, जो भारत में विकसित और डिजाइन की गई निर्मित बंदूकें पेश करेंगी।रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने भारतीय सेना में पुरानी तोपों को बदलने के लिए पूरी तरह स्वदेशी आधुनिक 155 मिमी. आर्टिलरी गन की परियोजना 2013 में शुरू की थी।



विकास परीक्षण पूरे होने के बाद सितम्बर, 2020 में उपयोगकर्ता परीक्षण के दौरान राजस्थान के पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में तोप की एक बैरल फट गई थी, जिसकी जांच के बाद आगे के परीक्षणों के लिएनवम्बर, 2020 में मंजूरी मिलने के बाद भारतीय सेना ने एटीएजीएस के परीक्षण पूरे किये।

# 69000 शिक्षक-भर्ती पर कोर्ट का फैसला अभ्यर्थियों की जीत : अखिलेश यादव

**वाराणसी, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एक दिवसीय दौरे शनिवार को वाराणसी पहुंचे। एयरपोर्ट के बाहर सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने 69000 शिक्षक भर्ती पर कोर्ट के फैसले की सराहना की और कहा कि 69 हजार शिक्षक भर्ती पर आदेश के लिए कोर्ट का धन्यवाद देता हूं। 69000 शिक्षकों की भर्ती रद्द होना बड़ी जीत है।

निर्णय साफ है कि सरकार को भी अधिकारों को नहीं छीनना चाहिए। ये अधिकार संविधान से मिला है। उन्होंने कहा पिछले तीन महीनों में पिछड़ों ने जो संघर्ष किया वो कामयाब होगा।



यूपी में उपचुनाव में जनता पीडीए को जिताएगी, पार्टी ऐतिहासिक जीत हासिल करेगी। इस चुनाव में इंडिया गठबंधन की बड़ी जीत होगी। उन्होंने यूपी की कानून व्यवस्था पर भी कई सवाल खड़े किए।

### पद्मश्री, कजरी गायिका अजिता श्रीवास्तव का निधन

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।** कजरी गायन में मिर्जापुर को पहचान दिलाने वाली अजिता श्रीवास्तव का शनिवार की शाम पांच बजकर 55 मिनट पर उनके आवास विकास कालोनी स्थित निवास पर निधन हो गया। कजरी गायन के लिए उनको तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने पद्मश्री से सम्मानित किया था। पद्मश्री अजिता श्रीवास्तव को 2022 में पद्मश्री सम्मान, 2021 में विश्व हिंदी शोध संवर्धन पुरस्कार, कजली कोकिला पुरस्कार, इसी वर्ष योग्य शिक्षा एवं कजली गायिका पुरस्कार, सार्क एफओएसडब्लूएएल पुरस्कार, उ. प्र. सरकार द्वारा नारी शक्ति पुरस्कार, काशी आनंद सम्मान, हरित उत्तर प्रदेश, स्वच्छ उत्तर प्रदेश विशिष्ट सम्मान, कजली कार्यशाला मुख्य प्रशिक्षक पुरस्कार, नमामि जागृति सम्मान, उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार, वैश्य गौरव सम्मान, कजली साम्राज्ञी पुरस्कार आदि प्रदान किया गया था।



# सिद्दारमैया ने कांग्रेस हाईकमान के समर्थन का किया दावा

**दावा**

- सिद्दारमैया ने राज्यपाल पर 'केंद्र सरकार की कठपुतली' के तौर पर काम करने का लगाया आरोप

**बेंगलुरु, एजेंसी।**

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने शनिवार को मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) भूमि घोटाला मामले में राज्यपाल थावरचंद गहलोत की ओर से अपने खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति दिये जाने के कुछ ही घंटों बाद दावा किया कि उन्हें कांग्रेस हाईकमान का समर्थन प्राप्त है।



श्री सिद्दारमैया ने आज यहां संवाददाताओं से कहा कि उनका यह दावा राज्यपाल और केंद्र सरकार के लिए स्पष्ट संदेश है कि कथित एमयूडीए घोटाला मामले में मुकदमे को लेकर वह विचलित नहीं होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम इस लड़ाई में अकेले नहीं हैं। हमारा पूरा मंत्रिमंडल, पार्टी हाईकमान, विधायक, एमएलसी तथा लोकसभा एवं राज्यसभा में हमारे सांसद मेरे साथ खड़े हैं। हम राज्यपाल के फैसले को हमारी वैधता को कमजोर करने की अनुमति नहीं देंगे।

उन्होंने राज्यपाल पर 'केंद्र सरकार की कठपुतली' के तौर पर काम करने का आरोप लगाया और कहा कि मुकदमे की अनुमति उनके प्रशासन के खिलाफ एक बड़ी साजिश का हिस्सा है।

इस बीच कांग्रेस पार्टी ने स्थिति की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए अपनी अगली रणनीति बनाने के लिए आपातकालीन बैठक बुलायी है।

### 25 अगस्त से शुरु होगा यूपी टी20 लीग का धूम धड़ाका

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** नवाब नगरी लखनऊ में 25 अगस्त से शुरु होने वाली यूपी टी20 लीग के दूसरे संस्करण में छह फ्रैन्चाइजी टीमो के बीच रोमांचक जंग होने के आसार हैं। सभी मैच दो पालियों में अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम पर खेले जायेंगे। उद्घाटन मुकाबला 25 अगस्त यानी रविवार को शाम आठ बजे से काशी रुद्राक्ष और मेरठ मावरिक के बीच खेला जायेगा जबकि लीग चरण का अंतिम मैच नौ सितंबर कानपुर सुपर स्टार और गोरखपुर लायंस के बीच होगा। लीग में भाग लेने वाली अन्य दो टीमे लखनऊ फाल्कान और नोएडा किंग्स हैं। लीग का पहला क्वालीफायर और एलीमिनेटर 11 सितंबर बुधवार को होगा जबकि दूसरा क्वालीफायर 12 सितंबर को होगा। लीग का फाइनल 14 सितंबर को रात आठ बजे खेला जायेगा।

# लखनऊ एयरपोर्ट में कैंसर दवा की खेप में अलार्म बजने से हड़कंप

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शनिवार सुबह कैंसर की दवा की पैकेजिंग की चेकिंग के दौरान अलार्म बजने से कुछ समय के लिये अफरातफरी का माहौल व्याप्त हो गया।

एयरपोर्ट के सूत्रों के अनुसार आज सुबह एयरपोर्ट के टर्मिनल 3 पर कार्गो एरिया में सामान की नियमित चेकिंग की जा रही थी। इस बीच पैकिंग से अलार्म बजने लगा। इस दमकल विभाग,एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमे अलर्ट हो गयीं। बाद में पता चला कि उक्त पैकिंग में कैंसर रोधी दवा थी जिसमें रेडियो एक्टिव पदार्थ पाया जाता है।अधिक मात्रा में होने के कारण अलार्म बजने लगा।



बाद में एयरपोर्ट प्रशासन ने एक बयान जारी कर साफ किया कि कैंसरग्रस्त मरीजों के इलाज के लिये दवाइयों की एक खेप में रेडियो एक्टिव पदार्थ होने से अलार्म सक्रिय हो गया। इस घटना में न कोई बेहोश हुआ और न ही कोई बीमार हुआ। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों ने पूरी जांच कर स्थिति को संभाला।

इससे पहले एयरपोर्ट के सूत्रों से जानकारी मिली थी कि फ्लोरीन गैस के रिसाव हुआ है जो बाद में मात्र अफवाह साबित हुआ। दरअसल, चेकिंग के दौरान एक बॉक्स से बीप सुनाई देने पर बॉक्स खोला गया जिसमें कैंसर की दवा थी। इसमें से पदार्थ लीक हो गया, जिसे फ्लोरीन गैस बताया गया था।यों का आवागमन निर्बाध रुप से जारी है।

**सुगमता** | दुनिया का पहला पोर्टेबल अस्पताल 15 हजार फीट की ऊंचाई पर किया गया पैराड्रॉप

# अब सबसे दूरस्थ और पहाड़ी क्षेत्रों में भी आपदा राहत पहुंचाना हुआ आसान

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

भारतीय वायु सेना और भारतीय सेना ने शनिवार को 15 हजार फीट की ऊंचाई पर दुनिया के पहले पोर्टेबल अस्पताल को पैराड्रॉप करके इतिहास रच दिया। स्वदेशी रूप से निर्मित इस अस्पताल का यह अपनी तरह का पहला पैराड्रॉप है। भारतीय वायु सेना ने क्यूब को एयरलिफ्ट करके सटीक रूप से पैरा-ड्रॉप करने के लिए अपने उन्नत सामरिक परिवहन विमान सी-130जे सुपर हरक्यूलिस का उपयोग किया।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार इन क्रिटिकल ट्रॉमा केयर क्यूब्स को भारत स्वास्थ्य पहल सहयोग हित और मैत्री प्रोजेक्ट के तहत स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है। यह परीक्षण मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) प्रभावित क्षेत्रों में पहुंच को आसान बनाने और महत्वपूर्ण आपूर्ति प्रदान करने के विजन के अनुरूप किया गया।



वायुसेना और थलसेना ने संयुक्त रूप से 15 हजार फीट की ऊंचाई वाले क्षेत्र में आरोग्य मैत्री हेल्थ क्यूब का पहली बार सटीक पैरा ड्रॉप परीक्षण किया है। ट्रॉमा केयर क्यूब के सफल पैरा-ड्रॉप परीक्षण और तैनाती ने सशस्त्र बलों की तालमेल और संयुक्तता का उदाहरण पेश करके समय पर प्रभावी सहायता देने की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। भारतीय वायुसेना ने क्यूब को एयरलिफ्ट करके सटीक रूप से पैरा-ड्रॉप करने के लिए अपने उन्नत सामरिक परिवहन विमान सी-130जे सुपर हरक्यूलिस का उपयोग किया। भारतीय सेना की पैरा ब्रिगेड ने अपने उन्नत सटीक ड्रॉप उपकरणों का उपयोग करके ट्रॉमा केयर क्यूब की सफल तैनाती में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस प्रदर्शन ने सबसे दूरस्थ एवं पहाड़ी क्षेत्रों में भी एचएडीआर कार्यों का प्रभावी ढंग से समर्थन करने के लिए ऐसी विशेष सैन्य संपत्तियों की क्षमता साबित की।

# गौवंश किसानों की फसलों को कर रहे बर्बाद

- गौशाला बन जाने के बाद भी समस्या जस की तस

**संसारपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



ब्लॉक बांकेगंज के कस्बा संसारपुर में लोग छुट्टा पशुओं से परेशान हैं। छुट्टा पशु खेतों में जहां फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं तो वहीं सड़कों पर डेरा जमाकर सुगम राह में गतिरोध पैदा कर रहे हैं। हालत यह है कि रात के अंधेरे में सड़कों पर संभल कर नहीं चले तो छुट्टा पशुओं से टकराना तय है।

प्रशासन की ओर से बनाए गए अस्थाई गोवंश आश्रय स्थलों से लोगों में उम्मीदें थी कि इनसे निजात मिलेगी पर ऐसा हो नहीं पाया। सड़कों पर छुट्टा पशुओं का झुंड अभी भी लोगों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में धान, भुट्टा व बाजरे आदि की फसलें खेतों में लहलहा रही हैं जिसे दिन रात छुट्टा पशु रौंद रहे हैं। इससे किसानों की परेशानी बढ़ गई है। उन्हें अब खेतों की रखवाली भी करनी पड़ रही है। प्रशासन की ओर से छुट्टा पशुओं को पकड़कर गोवंश आश्रय स्थलों में रखने के सख्त फरमान के बावजूद किसानों की समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। फसल से किसानों को काफी उम्मीदें रहती हैं लेकिन छुट्टा पशु पिछले कई सालों से उनकी उम्मीदों पर पानी फेर रहे हैं। किसान राजेंद्र जैसवाल, बाल गोविंद, रामकिशन, राजकरन व रमेश कुमार आदि का कहना है कि छुट्टा पशु झुंड बनाकर खेतों में घुस जाते हैं और फसलों को नष्ट कर देते हैं। इस समय छुट्टा जानवरों का आतंक बहुत अधिक बढ़ गया है। किसान ने सरकार से इस समस्या से निजात दिलाने की गुहार लगाई है जिससे कि वे भुखमरी की कगार पर न पहुंचे।

## गुरुकुल में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**रायबरेली।** गुरुकुल महाविद्यालय पुरासी हलोर रायबरेली में 78वें स्वतंत्रता दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कॉलेज प्रबंधन आर.डी. मिश्रा उपाध्यक्ष पूजा मिश्रा और प्राचार्या डॉ. प्राजंलि शुक्ला के नेतृत्व में इस कार्यक्रम का सफल संचालन हुआ। इस अवसर पर ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान गाया गया, महाविद्यालय के प्रबंधक ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर अपने विचार साझा किए। समस्त कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रभा शुक्ला विद्यालय के अन्य शिक्षक अन्य छात्र एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र-छात्राएं उपस्थित हुई जिसमें छात्राओं ने स्पीच भजन कविता आदि के माध्यम से अपने विचार प्रकट किये अंत में 9 से 15 अगस्त तक चलने वाले विभिन्न दिवसों के दौरान हुई प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र को पुरस्कृत किया गया।

# प्राइवेट बस व बाइक में हुई भिड़ंत युवक की मौत, दो गंभीर रूप से घायल

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**



मैगलगंज थाना क्षेत्र के हिम्मतपुर गांव के पास प्राइवेट बस व बाइक में हुई भिड़ंत से एक युवक की मौत हो गई जबकि दो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए। युवक की मौत के बाद परिवारजनों में कोहराम मच गया है। वही बस को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

लखीमपुर- मैगलगंज मार्ग पर हिम्मतपुर गांव के पास तेज़ रफ़्तार बाइक व बस में आमने सामने भिड़ंत हो गई है। बताते है कि मैगलगंज थाना क्षेत्र के गांव ठाकुरगंज का रहने वाला 22 वर्षीय प्रांशु पुत्र राधेश्याम मितौली थाना क्षेत्र के लालहौआ गांव से मौसेरे भाई मोहित, व ममेरे भाई जीतू निवासी मुरादपुर को लेकर वापस अपने घर को जा रहा था तभी मैगलगंज की तरफ से आ रही सवारियों भरी बस से टक्कर हो गई। जिसमें तीनों गम्भीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने एम्बुलेंस को सूचना दी। सभी घायलों को मितौली सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्रांशु को मृत घोषित कर दिया व घायल दोनों युवकों जिला अस्पताल को रेफर कर दिया है।

# मेहंदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाया उत्साह

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**



मनवापुर स्थित प्रगति चित्रांशी इंटर कॉलेज में शनिवार को सावन उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य लवलेश दीक्षित ने रक्षाबंधन से संबंधित ऐतिहासिक महत्व बताते हुए सभी को शुभकामनाएं दीं।

विकासखंड बांकेगंज की ग्राम पंचायत भैठिया स्थित प्रगति चित्रांशी इंटर कॉलेज मनवापुर में शनिवार को विद्यालय में मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्राओं ने सुंदर मेहंदी लगाकर अपनी प्रतिभा दिखाई।जूनियर वर्ग से प्रथम स्थान प्राची ने एवं द्वितीय स्थान शिवांकी ने तृतीय स्थान ममता सांत्वना पायल सुहानी ने प्राप्त किया। सीनियर वर्ग से प्रथम स्थान अनुप्रिया द्वितीय स्थान रूपवती तृतीय स्थान सानिया सांत्वना गुड़िया कीर्ति ने प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिताएं समय-समय पर विद्यालय में आयोजित की जाती हैं, जिससे बच्चों के रचनात्मक विकास के साथ-साथ उनमें छिपी प्रतिभाओं को भी निखारा जाता है। इस मौके पर रामकिशोर गुप्ता, प्रेम नारायण शर्मा, मनोज श्रीवास्तव, अनुज गुप्ता, आदर्श राठौर, धीरज, लालता प्रसाद, कांति, प्रियांशी, गोल्डी आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# शिकायतों का गुणवत्तापरक, समयबद्ध निस्तारण करें अफसरः डीएम

- डीएम की अध्यक्षता में हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए शनिवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में तहसील निघासन के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस अवसर पर डीएम ने एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अभिषेक कुमार व अन्य अधिकारियों ने आये हुए फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए।

डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल न्याय दिलाते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शासकीय योजनाओं से आच्छादित कर मा. मुख्यमंत्री के निर्देशों को अमलीजामा पहनाया जाय। डीएम ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि जनसुनवाई में आने वाले सभी गरीब, ज़रूरतमन्द तथा असहाय लोगों की हर संभव मदद की जाय तथा उन्हें उनकी पात्रतानुसार लाभान्वित भी किया जाये। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में है, इसलिए सभी अधिकारी रूचि लेकर गुणवत्तायुक्त ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करे। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी। भूमि संबंधी मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमें मौके पर जाकर गुणवत्तापरक निस्तारण करें।

सुनवाई के दौरान डीएम ने न केवल शिकायत लेकर आए फरियादियों की समस्या सुनकर निदान कराया बल्कि योजनाओं को सोगाते भी दी। डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 212 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 103, पुलिस 45, विकास 24, नपं, आपूर्ति, विद्युत 08-08, स्वास्थ्य, सिंचाई 03-03, बैंक, जलनिगम, कृषि, शिक्षा 02-02, समाज कल्याण, ग्रामीण अभियंत्रण 01-01 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिन्हें पृष्ठाकिंत कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया। इस दौरान एसडीएम राजीव कुमार निगम, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, पीडी एसएन चौरसिया, सीओ प्रवी, तहसीलदार भीमसेन सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### रायबरेली में छात्रावासों के कायाकल्प के लिए जारी हुआ बजट, बेतर होंगी सुविधाएँ

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** समाज कल्याण विभाग की ओर से रायबरेली में संचालित राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावासों में सुविधाओं को और बेहतर किया जाएगा। इसके लिए विभाग ने 2.70 करोड़ रुपए जारी किया है। यह जानकारी समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने दी। उन्होंने बताया कि जारी धनराशि से छात्रावासो की सुविधाओं को और बेहतर किया जाएगा। ताकि वहां रहने वाले विद्यार्थियों को किसी तरह की दिक्कत का सामना न करना पड़े।समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने बताया कि मा. मुख्यमंत्री के नेतृत्व में समाज कल्याण विभाग शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए लगातार प्रयासरत है। ताकि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े परिवार के बच्चों तक बेहतर सुविधाओं का लाभ पहुंच सके।

### एक दिन पहले ही मनाया था जन्मदिन

**राठ,हमीरपुर।** छात्र योगेन्द्र राजपूत का एक दिन पूर्व ही जन्मदिन था। योगेन्द्र माता पिता का इकलौता पुत्र था। स्वजनों ने उसका 18वां जन्मदिन उत्साह के साथ मनाया था। अगले दिन पुत्र की मौत की खबर मिलते पर स्वजनों में दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा। स्वजन बेसुध हो गये है।

### सीडीओ ने संपूर्ण समाधान दिवस में सुनी पीड़ितों की फरियाद

**जालौन (उरई)।** जन समस्याओं के मौके पर निस्तारण के लिए तहसील सभागार में सीडीओ व एसडीएम की उपस्थिति में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में 28 शिकायतें पंजीकृत हुई। जिनमें चार शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील सभागार में सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास व एसडीएम अतुल कुमार की उपस्थिति में संपन्न हुआ जिसमें 28 फरियादियों ने पहुंच कर अवैध कब्जा, मारपीट, बिजली, पानी, अतिक्रमण आदि की शिकायतें दर्ज कराईं। जिसमें राजस्व विभाग की एक व समाज कल्याण विभाग की तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। इस मौके पर तहसीलदार एसके मिश्रा, बीडीओ प्रशांत कुमार, डॉ. राजीव दुबे, बीईओ प्रीति सिंह, नायब तहसीलदार गौरव कुमार, मुकेश कुमार, जेई जल संस्थान आलोक श्रीवास्तव, ईओ सुशील कुमार, मंडी सचिव वीरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

### ज्वाइंट कमिश्नर ने किया कोंच विकासखण्ड कार्यालय का निरीक्षण

**कोंच (जालौन)।** कोंच विकासखण्ड कार्यालय का संयुक्त विकास आयुक्त ने निरीक्षण किया जिसमें खामियां दूर करने के निर्देश दिये। ऋषि मुनि उपाध्याय संयुक्त विकास आयुक्त झांसी ने कोंच विकासखण्ड कार्यालय का निरीक्षण किया जिसमें अभिलेखो को बारीकी से देखा साथ ही शौचालय,राशन की दुकान, आंगनबाड़ी व 15 वित्त से चल रहे विकास कार्य में तेजी लाई जाए। वही एडीओ आईएसबी देवेंद्र निरंजन से राष्ट्रीय अजीविका मिशन में प्रगति बढ़ाई जाने के निर्देश दिए। इसी दौरान बीडीओ मनुलाल यादव, एडीओ पंचायत नरेश दुवे, एडीओ आईएसबी देवेन्द्र निरंजन, एपीओ लोकेंद्र यादव कंप्यूटर ऑपरेटर प्रशान्त श्रीवास्तव, विपिन शाह, राजकुमार कोरी, मनोज श्रीवास्तव, कुसुम निरंजन, सुनील पाल, शर्मा जी आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

# झोलाछाप डॉक्टर मरीज की जिंदगी के साथ कर रहे खिलवाड़

**उचौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज।**

> इस संबंध में जानकारी लेने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी अश्वनी वर्मा ने कहा है कि जल्द ही फर्जी रूप से संचालित झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्यवाही की जाएगी।

इन दिनों क्षेत्र में दर्जनों झोलाछाप डॉक्टर भोले वाले गरीब मरीजों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं और उनकी जेब पर डाका डाल रहे हैं।

इस बीमारी के मौसम में घर-घर में बुखार डेंगू मलेरिया से इंसान परेशान है। इसी का फायदा उठाकर यह झोलाछाप डॉक्टर मरीज का खून चूस रहे हैं।

गुरुद्वारा में पन्नू मेडिकल स्टोर, हमजा मेडिकल स्टोर, उचौलिया में गाजी मेडिकल स्टोर 74 नंबर भिलावा में गाजी क्लीनिक, मोहद्दीनपुर गांव में बंगाली क्लीनिक सहित दर्जनों मेडिकल स्टोर संचालक बिना किसी डिग्री और अनुभव के मरीज के बोतले चढ़ा रहे हैं। कई बार मरीजों की हालत गंभीर होने पर हाथ खड़े कर देते हैं और शाहजहांपुर रेफर कर देते हैं।

अभी हाल ही में पसगवॉ ब्लॉक के अंतर्गत झोलाछाप डॉक्टरों के गलत इलाज से दो लोगों की मौत हो चुकी हैं। देखते हैं स्वास्थ्य विभाग इन फर्जी झोलाछाप डॉक्टरों पर कब कार्रवाई करेगा।

# श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस

**खंड विकास अधिकारी मितौली ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रितों को अंग वस्त्र देकर किया सम्मानित**

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**




विकासखंड मितौली मुख्यालय पर खंड विकास अधिकारी अमित सिंह परिहार द्वारा ध्वजारोहण करने के उपरांत स्वतंत्रता दिवस जानकारी दी गई।

कस्बा स्थित के एस एम इंटर कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला पंचायत प्रतिनिधि डॉ नरेंद्र सिंह एवं विद्यालय के प्रबंधक गन्ना सहकारी समिति मैगलगंज के अध्यक्ष बृजेश सिंह तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य विनय मिश्रा एवं वाइस प्रिंसिपल भानू तिवारी एवं विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं व अभिभावक उपस्थित रहे। कैरियर कान्वेंट स्कूल कस्ता में ध्वजारोहण विद्यालय के प्रबंधक रत्नेश वर्मा द्वारा किया गया। कस्ता कस्बे में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय बनवारी लाल शुक्ला के आवास पर ध्वजारोहण स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन जिला उपाध्यक्ष रमेश शुक्ला द्वारा किया गया। खंड विकास अधिकारी मितौली अमित सिंह परिहार ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रितों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कस्बे के आदर्श इंटर कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तिरंगा यात्रा के साथ प्रतिभा अलंकरण समारोह बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम ध्वजारोहण विद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर रामचंद्र शुक्ल द्वारा किया गया।

प्रधानाचार्य राजकुमार शुक्ल नें राष्ट्रगान के पश्चात भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तत्पश्चात विद्यालय नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए तथा विद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावियों को मेडल व शील्ड देकर विद्यालय के प्रबंधक व प्रधानाचार्य के द्वारा सम्मानित किया गया।

# बच्चों ने डीएम को बांधी राखी, डीएम ने दिया आशीर्वाद



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

बहन-भाई के बीच स्नेह,अटूट विश्वास,अगाध प्रेम को समर्पित रक्षाबंधन पर्व से एक दिन पूर्व शनिवार को जिलाधिकारी आवास पर शिक्षिकाओं संग पहुंची सनातन धर्म सरस्वती शिशु मंदिर मिश्राना की नन्ही बालिकाओं ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के स्नेहस्वरूपी राखियां बांधी।

नन्ही बालिकाओं ने एक-एक कर डीएम की कलाई पर राखी बांधी। जैसे ही नन्ही बालिकाएं राखी बांधने के लिए आगे बढ़ीं, डीएम ने स्नेहपूर्ण मुस्कान के साथ उनका स्वागत किया, उनके नाम और क्लास पूछीं। इस मौके पर डीएम ने छोटे बच्चों से बात की और उन्हें आशीर्वाद दिया। इस दौरान बच्चों के बीच डीएम भी बेहद खुश नजर आई। वहीं बच्चे भी डीएम से मिलकर खुश थे। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि ये बेटियां खूब आगे बढ़ें, आकाश छुए; यही प्रार्थना है, यही प्रयास है। जनपदवासियों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रक्षाबंधन भाइयों के लिए बहनों के प्यार और स्नेह की अभिव्यक्ति है और उनके बीच अटूट बंधन को दोहराने का अवसर है। रक्षा बंधन का त्योहार सहज प्रेम और पारस्परिकता का प्रतीक है और यह लोगों को करीब भी लाता है। मेरी कामना है भाई और बहन के आपसी विश्वास का यह पर्व हमारे समाज में महिलाओं के लिए सद्भाव और सम्मान को प्रोत्साहित करे।



## राखी बांधकर छात्राओ ने भाइयों का मुंह किया मीठा

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।** कस्बा स्थित केदार सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज मितौली की समस्त छात्राओं ने विद्यालय के सभी छात्रों को राखी बांध कर भाइयों का मुंह मीठा कराकर ईश्वर से लम्बी उम्र की कामना कीं। साथ ही विद्यालय की समस्त छात्राओं ने राखी व मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ,जिसमे छात्राओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया।प्रतिभागी छात्राओं को विद्यालय के प्रबंधक ब्रजेश सिंह व प्रधानाचार्य विनय कुमार मिश्रा ने पुरस्कार देकर बच्चों का उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर भानू तिवारी, रितु श्रीवास्तव, उमेश कुमार सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाये उपस्थित रहे।

## विद्यालय में मनाया गया रक्षाबंधन का पर्व

**डलमऊ, रायबरेली।** भाई बहन के अटूट प्रेम के पर्व रक्षाबंधन वैसे तो दुनिया भर में बड़े हर्षोल्लास से मनाया जाता है लेकिन भारतीय संस्कृत में इस पर्व का विशेष महत्व माना जाता है यह पर भाई बहन के अगाध स्नेह एवं भाइयों का बहनों से रक्षा सूत्र बांधकर बहनों की रक्षा किस संकल्प का पर्व माना जाता है भारतीय संस्कृति एवं गुरुकुल पद्धति को अपनाते हुए डलमऊ क्षेत्र के प्रतिष्ठित विद्यालय न्यू आदर्श शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज में रक्षाबंधन का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया जिसमें विद्यालय की छात्राओं ने छात्रों को मिठाई खिलाकर भाइयों की कलाई में रक्षा सूत्र बांधकर भाइयों के दीर्घायु एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की वही भाइयों ने बहनों को उनकी रक्षा का वचन दिया और पैर छूकर आशीर्वाद लिया तथा बहनों को उपहार भी दिए विद्यालय प्रधानाचार्य राकेश कुमार यादव ने बताया कि विद्यालय में बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार एवं सही मार्गदर्शन देकर बच्चों के भविष्य को सवारने का प्रयास किया जाता है।

# डीएम-एसपी ने कलेक्ट्रेट में की बैठक, 15 परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त

- 23, 24, 25, 30 और 31 अगस्त को दो पालियों में होगी पुलिस भर्ती परीक्षा
- प्रत्येक पाली में शामिल होंगे 4896 परीक्षार्थी

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा जिले में 15 परीक्षा केंद्रों पर 23, 24, 25, 30 और 31 अगस्त को पुलिस भर्ती परीक्षा दो-दो सत्रों में आयोजित होंगी। प्रथम पाली 10 बजे से मध्यान्ह 12 तक एवं दूसरी पाली अपराह्न 03 से शाम 05 बजे तक होगी। परीक्षा के प्रत्येक सत्र में 4896 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी, सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी गणेश प्रसाद साहा ने कलेक्ट्रेट में बैठक ली। बैठक का संचालन एडीएम संजय कुमार सिंह ने किया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने नोडल अधिकारी (पुलिस), नोडल अधिकारी (प्रशासन), समस्त स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक व सहायक केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि परीक्षा की जो नियम-शर्तें हैं,उनके अनुरूप ही परीक्षा कराएं। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर छोटी से छोटी गलती भी अक्षम्य होगी। सभी सम्बन्धित बोर्ड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का भलि-भांति अध्ययन कर सकुशल परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाय। उन्होनें केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार केन्द्र की व्यवस्था समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। डीएम ने स्टेटिक मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया कि अपने-अपने केन्द्र पर भ्रमणशील रहकर केन्द्र पर स्थापित सीसीटीवी कैमरा, कन्ट्रोल रूम से परीक्षा केन्द्र के सभी कक्षों का मानीटरिंग भी करते रहे।

डीएम ने निर्देश दिए कि उप्र पुलिस भर्ती बोर्ड द्वारा सकुशल एवं पारदर्शी तथा नकल विहीन परीक्षा सम्पन्न कराये जाने हेतु दिये गये निर्देशों का परीक्षा डियूटी में नामित अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण द्वारा अक्षरशः अनुपालन करेंगे।

एसपी गणेश प्रसाद साहा ने उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि परीक्षा की अवधि में भ्रामक खबरों पर अंकुश लगाये जाने के लिए सोशल मीडिया पर भी सर्तक निगरानी रखी जायेगी। पुलिस भर्ती परीक्षा के नामित ऑब्जर्वर एएसपी बलरामाचार्य दुबे ने परीक्षा के संबंध में जरूरी जानकारी देकर उनकी सभी शंकाओं का समाधान किया।

एडीएम संजय कुमार सिंह ने सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक, सहायक केंद्र व्यवस्थापक के विस्तार से कार्य दायित्व समझाएं। उन्होंने परीक्षा के सभी कायदे कानून को रेखांकित किया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी (पुलिस), नोडल अधिकारी (प्रशासन), समस्त स्टेटिक मजिस्ट्रेट, वरिष्ठ कोषाधिकारी, सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक, केंद्र प्रभारी पुलिस, जनपदीय कंट्रोल रूम प्रभारी एवं कार्यदाई संस्थाओ के जिला स्तरीय प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## ब्लाक प्रमुख ने छात्रों को नकद पुरस्कार देकर किया सम्मानित

**जालौन, उरई।** महाराणा प्रताप साइंस एकेडमी इंटर कालेज में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के प्रतिभाशाली छात्रों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। ब्लॉक प्रमुख रामराजा निरंजन के मुख्य आतिथ्य में नगर के महाराणा प्रताप साइंस एकेडमी इंटर कालेज में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि ने कहा कि कार्यक्रमों के आयोजन से बच्चों का उत्साहवर्धन होता है। साथ ही राष्ट्रर्भिक्त की भावना भी जागृत होती है।

कार्यक्रम में इंटरमीडिएट की परीक्षा में विद्यालय के छात्र अर्चित सेंगर को प्रदेश में आठवां स्थान प्राप्त करने पर उन्हें 11 हजार रुपये की धनराशि देकर सम्मातिन किया गया।

**सूचना**

मैं अपने दोनों पुत्र गंगा प्रसाद व यमुना प्रसाद को गलत चाल चलन व कहना न मानने के कारण अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वो स्वयं जिम्मेदार होंगे हमारा इनसे कोई रिश्ता नहीं रहेगा।

सूचनाकर्ता
दीनानाथ गुप्ता
नैपुरा मजरे रानीपुर, हैदरगढ़ बाराबंकी।

# आंगनबाड़ी किट वितरण कार्यक्रम आयोजित

## आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने में मिलती है मदद : आनंदीबेन पटेल

▸ बच्चों को सही दिशा दिखाने का कार्य आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का प्रथम कर्तव्य होना चाहिए



लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की उपस्थिति में शनिवार को किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (के.जी.एम.यू.) लखनऊ में आंगनबाड़ी किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत हरदोई जिले के लिए 200 आंगनबाड़ी किटों का वितरण किया गया, जिसमें 100 किट के.जी.एम.यू., लखनऊ तथा 100 किट जिला प्रशासन, हरदोई द्वारा प्रदान किया गया। राज्यपाल ने विशेष रूप से 10 अति कुपोषित बच्चों को पोषण किट प्रदान की। यह प्रयास बच्चों के पोषण स्तर को सुधारने और उनके समग्र विकास को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया। राज्यपाल ने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से पोषण और शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों से समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने में मदद मिलती है। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी के छोटे-छोटे बच्चों द्वारा दी गई मनमोहक प्रस्तुतियों पर राज्यपाल ने प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बच्चों के सामने एक आदर्श व्यवहार प्रस्तुत करना चाहिए, क्योंकि बच्चे अपने शिक्षकों से बहुत कुछ सीखते हैं और जो वे इस उम्र में देखते हैं, वह उनके मानस पटल पर स्थायी रूप से अंकित हो जाता है। राज्यपाल ने बच्चों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि बच्चों को सही दिशा दिखाने का कार्य आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का प्रथम कर्तव्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां छोटे बच्चों, गर्भवती माताओं और किशोरियों के मार्गदर्शन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

राज्यपाल ने कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देने वाले बच्चों को उपहार भेंट कर उन्हें प्रोत्साहित किया। बच्चों की रचनात्मकता और उत्साह की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में मददगार होते हैं। किट वितरण में योगदान देने वाले विभिन्न सहयोगी संस्थानों- के.जी.एम.यू., लखनऊ वरुण बेवरेजेस कंपनी लिमिटेड, हरदोई डीसीएम श्रीराम कंपनी लिमिटेड, हरदोई इंडियन पेस्टीसाइड्स लिमिटेड, संडीला सैफ ईस्ट कंपनी लिमिटेड, संडीला एचसीएल फाउंडेशन, हरदोई को राज्यपाल ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# प्रदेशवासियों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों : उपमुख्यमंत्री

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।



उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शनिवार को एनेक्सी सभागार में चिकित्सा स्वास्थ्य व परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा विभागों की समीक्षा बैठक में कहा कि प्रदेशवासियों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों। इसके लिए विभागों के अधिकारी अपने सहयोगियों के साथ समन्वय बनाकर स्वास्थ्य कार्य करते रहें।

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रदेश में मेडिकल कालेज व अस्पतालों में मरीजों एवं उनके परिजन को ओपीडी सेवा मिलती रहे। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों में आपसी वार्ता होती रहे। समस्या दिखने पर उच्च अधिकारी वार्ता कर समाधान करायें। उपमुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन को मेडिकल कालेजों, अस्पतालों की स्थिति पर नजर रखने के निर्देश दिये।

इस अवसर पर राज्यमंत्री मयंकेश्वर सिंह, एसजीपीजीआई लखनऊ व कल्याण सिंह कैंसर इंस्टिट्यूट के निदेशक प्रो.आरके धीमान, यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज, सैफई के कुलपति प्रो.पीके सिंह, डॉ राममनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के निदेशक डॉ सीएम सिंह, पीजीआईसीएच नोएडा के निदेशक प्रो.एके सिंह, जीआईएमएस ग्रेटर नोएडा के निदेशक प्रो.राकेश गुप्ता, अटल बिहारी मेडिकल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो.संजीव मिश्रा, सीबीएमआर लखनऊ के निदेशक प्रो. आलोक धवन एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### डॉ. स्वामी सारंग ने चौक समाचार पत्र वितरक कल्याण समिति को पूर्ण सहयोग देने का दिया आश्वासन



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** चौक समाचार पत्र वितरक कल्याण समिति ने 78वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर समिति में डॉ. स्वामी सारंग को संरक्षक के रूप में मनोनयन पत्र देकर मनोनीत किया। संरक्षक डा. स्वामी सारंग ने ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रीय गान सभी चौक के वितरकों ने गया भारत वंदे मातरम के जयकारे लगाते हुए हर्षोल्लास के साथ समाप्त हुआ। डॉ. स्वामी सारंग ने लखनऊ समिति को अपना पूर्ण सहयोग तन-मन से देने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर चौक डिपो अध्यक्ष प्रदीप कुमार वर्मा, आचार्य राजेश शुक्ला, आसिम मार्शल (प्रदेश अध्यक्ष सर्व समाज उद्योग व्यापार मंडल), दिलीप सैनी, दिनेश चंद कश्यप, संजय अवस्थी, राजेंद्र सिंह, सत्य प्रकाश दीक्षित, सिराज अहमद, उमाशंकर मिश्रा,अनूप कश्यप, मुन्नालाल प्रजापति, राजू प्रजापति, हितेंद्र सक्सेना, श्याम सिंह यादव, गोपाल नाथ शर्मा, अंकित सैनी, रंगनाथ सैनी, हिमांशु, ज्ञानेंद्र सिंह, मनीष, पंकज बाजपेई,विजय, मनीष यादव, बापू, रितिक आदि उपस्थित रहे।

### आत्मदाह की धमकी पर 7 मिनट में पहुंची पुलिस

**लखनऊ।** राजधानी के विभूतिखंड स्थित चोला मंडलम ऑफिस में जाकर युवती ने आत्मदाह की धमकी दी। युवती फर्जी लोन से परेशान थी। काफी शिकायतें करने के बाद भी जब कार्रवाई नहीं हुई तब महिला ने अपना वीडियो बनाकर एक्स पर जारी कर दिया। जिसके बाद पुलिस मौके से पहुंचकर युवती को रोका। पुलिस मामले में कार्रवाई कर रही है। जानकारी के मुताबिक सरोजनीनगर की रहने वाली नेहा मिश्रा (30) पुत्री शिव गोपाल मिश्रा मिनी मार्ट नाम से शॉप चलाती हैं। उन्होंने गोमतीनगर विभूतिखंड स्थित साइबर हाइट्स बिल्डिंग में चोला मंडलम ने लोन लिया था। उनका और पैसों की जरूरत थी तो वो टॉप अप कराने ऑफिस पहुंची। जहां पर जानकारी हुई कि किसी व्यक्ति ने उनका आधार कार्ड और पैन कार्ड इस्तेमाल करके फर्जी तरीके से एक्टिवा गाड़ी पर लोन ले रखा है। जिसकी वजह से उनकी सिबिल खराब हो गई है। इसकी शिकायत उन्होंने ब्रांच में की तो जांच कराई गई। जांच में फर्जीवाड़े की बात सामने आई। इसके बाद विभूतिखंड थाने में एफआईआर दर्ज हुई। लंबे समय से वो चोला मंडलम के ऑफिस अपनी सिबिल ठीक कराने के लिए जा रही है। लेकिन सुनवाई हो रही थी। इससे तंग आकर शनिवार को 3 बजे के करीब चोला मंडलम के ऑफिस पहुंची। जहां पर वीडियो बनाया 'मैं चोला मंडलम के ऑफिस में हूं। यहां आकर–आकर थक चुकी हैं, पुलिस के चक्कर लगाकर भी थक चुकी हूं। कोई सुनवाई नहीं है इसलिए आग लगाकर आत्मदाह करने जा रही हूं। मम्मी–पापा मुझे माफकरना। मेरी मजबूरी है मेरे पास कोई रास्ता नहीं बचा है न मैं अपना परिवार चला पा रही हूं। नेहा ने अपना वीडियो एक्स पर पोस्ट कर दिया। इसके बाद हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही 7 मिनट में पुलिस पहुंच गई। इसके बाद लड़की को अपने साथ लेकर चली गई। पुलिस का कहना है कि मामले पर कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल युवती के पास कोई भी जलाने वाला सामान नहीं मिला है।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के गोसाईगंज थाना क्षेत्र में एक युवक ने अपने ही निर्माणाधीन मकान में शनिवार सुबह फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के मुताबिक, सिफन नगर गांव में सुनीत उर्फछोटू (18) परिवार के साथ रहता था। वह ड्राइवर का काम करता था। परिवार में माता–पिता, दो भाइयों और दो बहनें हैं। बताया जा रहा है गांव के बाहर ही खेत में सुनीत अपना नया मकान बनवा रहा है। शनिवार सुबह मकान देखने गया था और वही पर लग रही शटरिंग की बल्लियों में रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने आगे की कार्रवाई की।

### दुकानदार की गला रेतकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**लखनऊ।** गोमतीनगर विस्तार के मकदूमपुर में सो रहे दुकानदार महावीर यादव की गला रेतकर हत्या कर दी गई। शनिवार सुबह उसका शव बेड पर पड़ा मिला। परिजन का आरोप है कि हत्या के कुछ देर पहले पड़ोसी से लड़ाई हुई थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक गांव में पूड़ी–सब्जी की दुकान लगाता था। गोमतीनगर के मकदूमपुर निवासी महावीर की शुक्रवार देर रात को गला रेतकर हत्या कर दी गई। शनिवार सुबह बेड पर शव पड़ा देखकर परिजन ने शोर मचाने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की। परिजन ने पुलिस को बताया कि महावीर की गांव के दिलीप से शुक्रवार रात को लड़ाई हुई थी। दिलीप ने जान से मारने की धमकी दी थी। आशंका है कि उसने ही कुछ लोगों के साथ मिलकर हत्या की है। परिजन को हत्या की जानकारी शनिवार सुबह उस वक्त हुई जब महावीर का बेटा जगाने पहुंचा। महावीर की बेटी ने बताया कि सुबह करीब छह बजे भाई वीरेंद्र पापा को जगाने गया। वह बेड के नीचे खून से लथपथ पड़े थे। वीरेंद्र ने शोर मचाकर परिजन को बुलाया। परिजन के मुताबिक गले में चोट के निशान और बिस्तर पर खून फैला था। प्रभारी निरीक्षक सुधीर अवस्थी ने बताया कि दुकान के आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। वहीं आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। महावीर से किन लोगों का विवाद है इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। परिजन ने दिलीप पर आरोप लगाया है। उसकी तलाश की जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। दिलीप पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# सरकारी अस्पतालों की ओपीडी सेवा प्रभावित, आंदोलन हुआ तेज

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।




▸ विभिन्न सरकारी अस्पतालों के अलावा लैब, पैथोलॉजी सेंटरों पर भी ताला लगा हुआ दिखा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सरकारी अस्पतालों, चिकित्सा संस्थानों में शनिवार की सुबह मरीज लेकर आये तीमरदारों को खासा कठिनाईयों का सामना करना पड़ा। कोलकाता में महिला डाक्टर के साथ बलात्कार व हत्या मामले में प्रदेश के रेजीडेंट डाक्टरों का आंदोलन और भी तेज हुआ है। जिससे अस्पतालों में मिलने वाली ओपीडी सेवा पूरी तरह से प्रभावित हो गयी है।

प्रदेश की राजधानी में श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल में सुबह से ही ओपीडी सेवा प्रभावित रही। रेजीडेंट डाक्टरों ने मेडिकल संबंधित कार्यो का बहिष्कार कर दिया। डाक्टरों की ओर से कोलकाता की घटना का खुलासा होने तक हड़ताल किये जाने की जानकारी दी गयी। इसी तरह किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के रेजीडेंट डाक्टरों ने ओपीडी में काम करना बंद कर दिया। रेजीडेंट डाक्टरों ने समूह बनाकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री के विरुद्ध नारेबाजी भी की। प्रदेश के विभिन्न सरकारी अस्पतालों के अलावा लैब, पैथोलॉजी सेंटरों पर भी आज सुबह से ताला लगा हुआ दिखा। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की उत्तर प्रदेश व क्षेत्रीय इकाईयों के पदाधिकारियों ने कोलकाता में महिला डाक्टर के साथ हुई दर्दनाक घटना के संबंध में शनिवार को राष्ट्रव्यापी बंद का आह्वान किया है, जिसका असर लखनऊ समेत प्रदेश के समस्त जनपदों में स्पष्ट दिखायी दे रहा है। आगरा जनपद में एसएन मेडिकल कॉलेज में सुबह के वक्त ओपीडी सेवा शुरु हुई, लेकिन कुछ ही देर में रेजीडेंट डाक्टरों ने कामकाज ठप्प कर दिया। इसके बाद वहां मरीजों व उनके परिजन का तांता लग गया। ओपीडी के बाहर तक भीड़ लगने पर सुरक्षाकर्मियों ने एक-एक कर सभी को बाहर किया तो वहां हंगामा होने लगा। लखनऊ, आगरा की तरह ही कानपुर में एलएलआर अस्पताल में ओपीडी कार्यो को रोककर डाक्टरों ने हड़ताल घोषित कर दी। डाक्टरों ने अगले चौबीस घंटे तक पूरी तरह से कामकाज ठप्प करने की घोषणा कर कोलकाता कांड के अभियुक्तों को कठोर सजा की मांग की। वाराणसी में एसपीजी सिविल अस्पताल में रेजीडेंट डाक्टरों ने कामकाज रोककर अपना विरोध दर्ज कराया तो ट्रामा सेंटर में डाक्टरों के हड़ताल पर जाने से ओपीडी सेवा बाधित हो गयी। कोलकाता में हुए महिला डाक्टर रेप व हत्या मामले का सबसे ज्यादा असर गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज के रेजीडेंट डाक्टरों पर हुआ है। डाक्टरों ने ओपीडी सेवा रोककर हड़ताल कर दी। सुबह के वक्त डाक्टरों ने मेडिकल कॉलेज से लेकर सड़क तक प्रदर्शन कर अपना विरोध दर्ज कराया। डाक्टरों ने दोषियों को तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# छात्रावासों के कायाकल्प के लिए जारी हुआ बजट, बेतर होंगी सुविधाएं : असीम अरुण

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



समाज कल्याण विभाग की ओर से जनपद रायबरेली में संचालित राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावासों में सुविधाओं को और बेहतर किया जाएगा। इसके लिए विभाग ने 2.70 करोड़ रुपये जारी किया है। समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि जारी धनराशि से छात्रावासों की सुविधाओं को और बेहतर किया जाएगा। ताकि वहां रहने वाले विद्यार्थियों को किसी तरह की दिक्कत का सामना न करना पड़े।

समाज कल्याण विभाग शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए लगातार प्रयासरत है। ताकि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े परिवार के बच्चों तक बेहतर सुविधाओं का लाभ पहुंच सके। इसके लिए योग्य शिक्षकों की नियुक्ति के साथ छात्र-छात्राओं को बेहतर सुविधाएं भी प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में जनपद रायबरेली के सिविल लाइन और बछरावा में संचालित राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास में मुख्य भवन के मरम्मत का कार्य, आन्तरिक जलमल कार्य, वाह्य जलमल कार्य, स्थल विकास, इलेक्ट्रिक कार्य, बोरिंग का कार्य, बाउंड्रीवाल गेट सहित, सीसी रोड़ एवं कैम्पस में लाइटिंग का कार्य कराने के लिए 2.70 करोड़ रुपये प्रदान किया गया है।

# शिक्षक भर्ती में आए कोर्ट के फैसले से सियासी पारा चढ़ा, विपक्ष हुआ मुखर

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश में हुई 69 हजार शिक्षक भर्ती मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच के मेरिट लिस्ट को रद्द करने वाले फैसला सुनाए जाने के बाद इस भर्ती को लेकर विपक्ष दलों ने सत्ता पक्ष पर हमला बोलना शुरू कर दिया है। सपा ने कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। तो वहीं बसपा प्रमुख ने भी प्रतिक्रिया दी है। हैरत की बात तो यह है कि सत्ता पक्ष और सहयोगी दलों से भी ?कोर्ट के फैसले को स्वागत योग्य बताया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि भाजपा सरकार में उप्र में 2019 में 69000 शिक्षक भर्ती हुई। इस शिक्षक भर्ती में पांच साल बाद शुक्रवार को लखनऊ हाई कोर्ट की डबल बेंच ने बड़ा निर्णय सुनाया है। फैसले में पूरी चयन सूची को ही रद्द कर दिया गया है। जस्टिस ए.आर. मसूदी और जस्टिस बृजराज सिंह की बेंच ने तीन माह के अंदर आरक्षण नीति का पालन करते हुए सरकार से नई लिस्ट देने को कहा है। इस फैसले के बाद विपक्ष दलों सत्ता दल पर पूरी तरह से मुखर हो गए हैं। इसी तरह बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि यूपी में सन 2019 में चयनित 69,000 शिक्षक अभ्यार्थियों की चयन सूची को रद्द करके तीन महीने के अन्दर नई सूची बनाने के हाईकोर्ट के फैसले से साबित है कि सरकार ने अपना काम निष्पक्षता व ईमानदारी से नहीं किया है। इस मामले में खासकर आरक्षण वर्ग के पीड़ितों को न्याय मिलना सुनिश्चित हो। वैसे भी सरकारी नौकरियों की भर्तियों में पेपर लीक आदि के मामले में यूपी सरकार का रिकार्ड भी पाक-साफ नहीं होने पर यह काफी चर्चाओं में रहा है। अब सहायक शिक्षकों की सही बहाली नहीं होने से शिक्षा व्यवस्था पर इसका बुरा असर पड़ना स्वाभाविक। सरकार इस ओर जरूर ध्यान दे।

### 69000 शिक्षक भर्ती भी आखिरकार भाजपाई घपले, घोटाले और भ्रष्टाचार की शिकार साबित हुई : अखिलेश

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए इस मामले में भाजपा सरकार पर तीखी हमला किया है। उन्होंने लिखा कि 69000 शिक्षक भर्ती भी आखिरकार भाजपाई घपले, घोटाले और भ्रष्टाचार की शिकार साबित हुई। यही हमारी माँग है कि नये सिरे से न्यायपूर्ण नयी सूची बने, जिससे पारदर्शी और निष्पक्ष नियुक्तियाँ संभव हो सकें और प्रदेश में भाजपा काल मे बाधित हुई शिक्षा–व्यवस्था पुनः पटरी पर आ सके। हम नयी सूची पर लगातार निगाह रखेंगे और किसी भी अभ्यर्थी के साथ कोई हक़मारी या नाइंसाफ़ी न हो, ये सुनिश्चित करवाने में कंधे–से–कंधा मिलाकर अभ्यर्थियों का साथ निभाएँगे। अखिलेश ने कहा कि ये अभ्यर्थियों की संयुक्त शक्ति की जीत है। सभी को इस संघर्ष में मिली जीत की बधाई और नव नियुक्तियों की शुभकामनाएँ।

### सीएम योगी ने 70 मेगावाट की सौर परियोजना का किया उद्घाटन

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में हरित ऊर्जा क्षेत्र में अग्रणी अवादा ग्रुप की 70 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत मंत्री अरविंद कुमार शर्मा, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत राज्य मंत्री सोमेंद्र तोमर, उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, अवादा ग्रुप के दूरदर्शी अध्यक्ष, विनीत मित्तल तथा साथ में उत्तर प्रदेश सरकार के अन्य प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में रिन्यूबल ऊर्जा में निवेश करने के लिए अवादा समूह की मजबूत प्रतिबद्धता की सराहना की, जो 2030 तक 500 गीगावॉट रिन्यूबल ऊर्जा प्राप्त करने के पीएम मोदी के महत्वाकांक्षी लक्ष्य में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

# बंगाल की घटना पर मायावती बोलीं, धार्मिक और राजनैतिक रंग देने में लगी है तृणमूल सरकार

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



कोलकता में जुनियर रेजिडेंट डॉक्टर से दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कहा कि तृणमूल सरकार अपने बचाव में इसे धार्मिक व राजनैतिक रंग देने में लगी है।

बसपा प्रमुख मायावती ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि बंगाल में लेडी डॉक्टर के साथ हुए रेप-मर्डर जघन्यता पर पूरा देश चिन्तित व आक्रोशित है, फिर भी टीएमसी सरकार अपने बचाव में इसे धार्मिक व राजनैतिक रंग देने में लगी है। वहीं, विपक्ष भी इस मामले में कम नहीं। ऐसे में दोषियों को सख्त सजा व पीड़ित परिवार को न्याय कैसे मिले इसकी चिन्ता जरूरी है।

उन्होंने कहा कि इस मामले में आरोप-प्रत्यारोप को त्याग कर असली दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के लिए सभी को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर आगे आना होगा। पीड़ित परिवार ने मुआवजा नहीं लेने व न्याय की बात कही है, उनकी पीड़ा व घटना को लेकर इंसाफ के तकाज़े पर सभी को गंभीर होने की जरूरत है।

मायावती ने कहा कि इस घटना को लेकर डॉक्टरों व मेडिकल छात्रों का आन्दोलन भी अपनी जगह सही है, जिसका समर्थन भी है। लेकिन इस दौरान गरीब मरीजों के इलाज की तरफ भी जरूर ध्यान दिया जाए तो यह उचित होगा। साथ ही, सरकार अस्पतालों व डॉक्टरों की भी सुरक्षा व सम्मान का विशेष ध्यान रखे।

# मकान विवाद : किरायेदारों ने की थी वृद्ध की हत्या

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

**लखनऊ, 17 अगस्त (हि.स.)।** आशियाना थाना क्षेत्र में एक वृद्ध का अपहरण और हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो भाइयों को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों ने मकान न बेचने के विरोध में वृद्ध की हत्या कर शव को गोमती नदी में फेंका था। वारदात को इस तरह से अंजाम दिया गया था कि लोग से लूट के बाद हत्या समझे।

पुलिस उपायुक्त पूर्वी शशांक सिंह ने पत्रकारों को घटना का खुलासा करते हुए बताया कि सिद्धार्थ नरूला ने अपने पिता वीरेन्द्र नरूला की 12 अगस्त को गुमशुदगी दर्ज करायी थी। पुलिस ने इसे संज्ञान में लेकर जांच किया तो कई साक्ष्य इकट्ठा किया और उसके आधार पर दो भाईयों को गिरफ्तार कर लिया है। उनकी पहचान मानकनगर निवासी सुखविन्दर सिंह उर्फ विक्की, अजीत उर्फ टीटू के रूप में हुई है। इनके कब्जे से मृतक की मोटर साइकिल, रस्सी मिली है। पूछताछ में इन लोगों से पता चला कि 14 साल से वह लोग वीरेन्द्र नरूला के यहां किरायेदार थे। अब उसी मकान को कब्जा करना चाह रहे थे, जबकि नरूला उसे बेचने का मन बना लिए थे। घटना वाले दिन नरूला मकान दिखाने के लिए किसी और व्यक्ति को लेकर यहां आए थे। इस बात की खबर लगने पर दोनों भाई वहां पहुंच गये। उस व्यक्ति के जाने के बाद दोनों भाई वीरेन्द्र नरूला से झगड़ा करने लगे। कहासुनी में धक्का लगने पर वह गिर पड़े तो उन लोगों ने रस्सी से गला कसकर मार डाला। इसके बाद लाश को रेनकोट में लपेटकर मोटर साइकिल में बैठाकर गोमती नदी में फेंक दिया। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर रायबरेली जनपद से गोमती नदी से शव को बरामद कर लिया गया। पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकारा है कि इन लोगों ने लूट के बाद हत्या दिखाने के लिए अंगूठी और मोबाइल निकाल लिया था। पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### दुर्घटना में घायल व्यक्ति को देखकर रुकवाई फ्लीट, घायल को पहुंचवाया अस्पताल


**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा लखनऊ के प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना शनिवार को प्रातः 7 बजे नगर की सफाई व्यवस्था को देखने निकल पड़े। उन्होंने शहर के जोन 6 के चार वार्डो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के लिए जाते समय रास्ते में बुद्ध विहार शांति उपवन के पास दोपहिया वाहन के एक दुर्घटना में घायल व्यक्ति को देखकर अपनी फ्लीट को रुकवा दिया। उन्होंने घायल व्यक्ति का हाल जाना एवं तुरंत उसे अपनी फ्लीट से गाड़ी उपलब्ध कराते हुए घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचवाया। अधिकारियों को इलाज के लिए निर्देशित किया।

**सहूलियत** | नियामक आयोग ने शुरू की मिनट ऑफ मीटिंग की प्रोसिडिंग

# बिजली दरों में कमी के बढ़े आसार

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश के बिजली दरों में कोई भी बढ़ोत्तरी होने की संभावना नहीं है। अब या तो एक साल में 40 प्रतिशत बिजली दर कम करके उपभोक्ताओं का निकल रहे 33122 करोड़ सरप्लस को बराबर करने का रास्ता निकलेगा या पांच वर्ष तक हर साल आठ प्रतिशत तक बिजली दर कम किया जा सकता है। वर्ष 2024 –25 की वार्षिक राजस्व आवश्यकता व बिजली दरों में जहां सभी बिजली कंपनियों में आम जनता की सुनवाई के बाद राज्य सलाहकार समिति की बैठक जो विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार व सदस्य संजय कुमार सिंह की उपस्थिति में 5 अगस्त को संपन्न हुई थी का मिनट आफ मीटिंग की प्रोसिडिंग जारी होते ही बिजली



कंपनियों में हड़कंप मच गया। मिनट आफ प्रोसिडिंग में उपभोक्ता परिषद द्वारा उठाए गए प्रस्ताव को पूरी तरह मिनट आफ मीटिंग के पार्ट में शामिल कर लिया गया है। मिनट आफ मीटिंग की प्रोसिडिंग जारी होते ही प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं के बीच खुशी की लहर है। गौरतलब है कि ऊर्जा क्षेत्र की सबसे बड़ी संवैधानिक कमेटी जो विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 87 के तहत गठित है। उसमें सभी मुद्दों को चर्चा में शामिल किया गया। उसके बाद अब जो मंतव्य निकलकर सामने आ रहा है। उससे प्रदेश में पांचवीं साल में बिजली दरों में बढ़ोत्तरी का रास्ता पूरी तरह बंद हो गया। अब देश का कोई भी कानून उत्तर प्रदेश में बिजली दरों में बढ़ोत्तरी की इजाजत नहीं देता। शुक्रवार को देर शाम विद्युत नियामक आयोग द्वारा राज्य सलाहकार समिति की बैठक की मिनट आफ प्रोसिडिंग जारी होते ही बिजली कंपनियों के होश उड़ गए। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सरकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि अब उत्तर प्रदेश में बिजली दरों में बढ़ोत्तरी का रास्ता पूरी तरह बंद हो चुका है। बिजली दरों में कमी के मामले पर विद्युत नियामक आयात को फैसला लेना है। प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को पूरी उम्मीद है कि विद्युत नियामक आयोग उपभोक्ताओं के पक्ष में निश्चित ही फैसला सुनाएगी। वहीं उपभोक्ता परिषद की लडाई रंग लाई नोएडा पावर कंपनी में भी जो सर प्लस के एवज में 10 प्रतिशत की कमी वर्तमान में चल रही है। उसे आगे बढ़ाए जाने का रास्ता भी साफ हो गया है। उपभोक्ता परिषद ने विद्युत नियामक आयत के सामने साफ कह दिया था कि नोएडा पावर कंपनी आयोग द्वारा अनुमोदित एनुअल बिलिंग दर रुपया 7.69 प्रति यूनिट से घटाकर रुपया 7.18 यूनिट दिखाकर मनगढ़त घाट दिखा रहा है, जो पूरी तरह गलत है विद्युत ट्रांसफार्मर की दरों को भी ऊंची दरों पर खरीद रहा है। इसकी जांच होनी चाहिए। राज्य सलाहकार समिति की मिनट आप मीटिंग की प्रोसिडिंग में उपभोक्ता परिषद द्वारा उठाया गया महत्वपूर्ण बिंदु पूरे प्रदेश में विद्युत दुर्घटनाओं से लगभग 1120 लोगों की जान जाती है, जिसमें संविदा कर्मी भी बड़ी संख्या में शामिल है, जिसे रोकना बहुत जरूरी है।

### ट्रैक्टर लेकर विरोध करने हजरतगंज पहुंचे 500 किसान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में शनिवार को बड़ी संख्या में किसान ट्रैक्टर लेकर हजरतगंज पहुंचकर विरोध प्रदर्शन करने लगे । किसान मोहनलालगंज क्षेत्र के शेरपुर लवल गांव में चकबंदी को लेकर विरोध रहे है। किसानों का कहना था कि चकबंदी के नाम पर 1500 किसने की जमीन जबरदस्ती सरकार अपने लोगों को देना चाह रही है। विरोध प्रदर्शन में शामिल जयशंकर ने कहा कि हमारे गांव शेरपुर लवल में बिना किसानों की मर्जी के जबरन चकबंदी कराई जा रही है। हम सभी लोग सरकार के इस फैसले का विरोध कर रहे हैं। हमारे गांव में 1500 किसान रहते हैं एक भी किसान चकबंदी कराए जाने के पक्ष में नहीं है। लेकिन सरकार और राजस्व विभाग कर्मचारी अपने लोगों के फायदे के लिए चकबंदी कराना चाहते हैं। लखनऊ के आसपास के 88 गांवों को नगर निगम में शामिल किया गया है, इसमें शेरपुर लवल गांव भी है।

### बच्चों ने प्रस्तुत किये रंगा रंग कार्यक्रम



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के यूनीक कान्वेंट इण्टर कॉलेज और भृगु स्कूल लखनऊ में 78वां स्वतंत्रता दिवस खूब हर्षोउल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। पूरे स्कूल को तिरंगा के रंग के वैलून से सजाया गया था, विद्यालय के प्रबंधक के. के. दूबे एंव विद्यालय की प्रधानाचार्या जी. सक्सेना एंव भृगु स्कूल की प्रधानाचार्या ऋतु मिश्रा द्वारा संयुक्त रूप से ध्वजारोहण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने रंगोली प्रतियोगिता एंव रंगा – रंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नाटक मंचन के बाद छोटे – छोटे बच्चों ने देश भक्ति के गीत – ऐ वतन के लोगों, देश रंगीला – रंगीला, वंदे मातरम व मां तूझे सलाम आदि गाकर देश प्रेम की भावना जाग्रत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में शिरकत अभिवावको एंव अतिथियों ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की खूब सराहना की, विद्यालय प्रबंधक के. के. दूबे ने अपने संबोधन में बच्चों को आजादी के महत्व से परिचय कराया। साथ ही बताया कि इस वर्तमान युग में आजादी के असली मायने क्या है। क्यों आज ही के दिन हम स्वतंत्रता दिवस मनाते हैं। इस आजादी के पीछे किन – किन वीर सपूतों का योगदान है। विद्यालय प्रबंधक के. के. दूबे ने समस्त विद्यालय परिवार, अभिवावको एंव अतिथियों को प्रेषित कर धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम समापन किया।

# डीएम-एसपी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

## संपूर्ण समाधान दिवस के उपरांत जिलाधिकारी ने कजरीतीज की तैयारी के संबंध में की बैठक, दिए निर्देश

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

शासन की मंशानुरूप जन सामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का एक ही स्थल पर निस्तारण कराने के उद्देश्य से आज जनपद के समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।



जिसमें तहसील करनैलगंज में डीएम ने आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित किया गया। जनसुनवाई के दौरान तहसील करनैलगंज में कुल 87 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें 01 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया है शेष को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुये आख्या तहसील में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी नेहा शर्मा को निर्देश दिए हैं कि समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण हेतु टीम गठित किया जाए, तथा टीम के द्वारा शिकायत का मौके पर स्थलीय जांचकर गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाए। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण के मामले में संयुक्त रूप से राजस्व एवं पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब जमीन की पैमाइश, अवैध कब्जा, चकरोड, नाली, अवैध अतिक्रमण आदि को पुलिस फोर्स के साथ हटवाने का कार्य करें। शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाएं। उसके आने पर लिखित रूप से उल्लेख करें और निस्तारण के प्रकरण का फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी भी करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर पूरी गुणवत्ता के साथ करें अन्यथा संबंधित विभाग के अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के अंत में जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित सभी संबंधित विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

### आगामी कजरीतीज की तैयारी बैठक

सम्पूर्ण समाधान दिवस के उपरांत जिलाधिकारी ने जनपद के सभी संबंधित विभागों के विभागध्यक्ष एवं अधिकारियों के साथ आगामी आयोजित होने वाले कजरीतीज की तैयारी से संबंधित सभी विभाग के अधिकारियों से तैयारी के संबंध में समीक्षा बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि कजरीतीज का आयोजन से पहले आप लोग अपने से संबंधित सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर लें। ताकि आयोजन के समय किसी भी प्रकार की कोई समस्या न होने पाये। उन्होंने कहा है कि जनपद में जिन-जिन शिवालयों में जलाभिषेक होना है, उन सभी स्थानों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर सफाई व्यवस्था ठीक करलें, तथा जल भरने वाले घाटों पर सफाई व्यवस्था, बैरिकेटिंग व्यवस्था, श्रद्धालुओं के आवागमन के रास्ते की सफाई व्यवस्था सहित अन्य सभी व्यवस्थाओं को सभी संबंधित अधिकारीगण समय से पहले ठीक करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी पंकज कुमार शुक्ल, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आदित्य वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी करनैलगंज, तहसीलदार करनैलगंज मनीष कुमार, नायब तहसीलदार जयशंकर सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए, डीसी एनआरएलएम, उपनिदेशक कृषि प्रेम ठाकुर, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी, जिला पूर्ति अधिकारी, सिंचाई विभाग, लघु सिंचाई विभाग के अधिकारीगण, विद्युत विभाग, बीडीओ कटराबाजपुर, परसपुर, हलधरमऊ, करनैलगंज,एसएचओ करनैलगंज, परसपुर, कटरा बाजार, कौड़िया बाजार सहित अन्य सभी जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# रोटरी क्लब गोण्डा ग्रीन में पदाधिकारियों ने पदभार किया ग्रहण

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

पद भार ग्रहण समारोह मे निवर्तमान अध्यक्ष रोटेरियन अरविंद श्रीवास्तव ने नए अध्यक्ष गोपाल मित्तल एवं सचिव चेतन अग्रवाल को कालर पहना कर पद भार सौंप कर शपथ दिलाई गई कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि आर एस एस के प्रांत प्रचारक अवध क्षेत्र के कौशल एव असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन डॉ. आलोक अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रोटेरियन डा आलोक अग्रवाल ने कहा कि रोटरी क्लब गोंडा ग्रीन का उद्देश्य सामाजिक हित में कार्य करना है उन्होंने साथ ही क्लब के सदस्यों से अनुरोध किया कि समाज के लोगों के लिए कुछ बड़ा करने की सोच के साथ आगे बढ़े। साथ ही रोटेरियन डॉ आलोक अग्रवाल ने बताया कि आने वाले समय में खाने की एवं पानी की बहुत बड़ी समस्या होगी इसीलिए खाने की बर्बादी एवं पानी बर्बादी को रोकने का आवाहन किया।

अध्यक्ष एवं सचिव से भी अनुरोध किया कि रोटरी क्लब गोण्डा ग्रीन के साथ मिलकर कुछ ऐसे कार्यक्रम का आयोजन करें जिसे समाज हित में फायदा हो मुख्य अतिथि श्री कौशल जी ने अपने संबोधन में रोटरी क्लब गोण्डा ग्रीन के निरंतर प्रयासों की सराहना की और सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में ऐसे संगठनों के महत्व पर जोर दिया। आगामी परियोजनाओं और सहयोगों पर अंतर्दृष्टि साझा करते हुए बताया कि आरएसएस के 100 वर्ष पूर्ण होने पर इन पांच बिंदुओं कुटुंब प्रबोधन (परिवार प्रबोधन )जिसमें संयुक्त परिवार को बढ़ावा देने पर जोर दिया उसके साथ जल संरक्षण, वृक्षारोपण, सामाजिक समरसता ,स्वदेशी जीवन शैली एवं नागरिक अनुशासन पर कार्य करने के लिए समस्त सामाजिक संगठन को आगे आने एव सहयोग करने पर जोर दिया इस अवसर पर रोट्रैक्ट क्लब गोण्डा गो ग्रीन एव इंटरेक्ट क्लब एस आर पी एस गोण्डा ग्रीन के पदाधिकारियों ने भी पदभार ग्रहण किया कार्यक्रम में स्वागत भाषण रोटेरियन डॉ राजीव अग्रवाल ने दिया। कार्यक्रम का मंच संचालन रोट्रैक्ट चंदन तिवारी ने किया और धन्यवाद ज्ञापन रोटेरियन पूजा छाबड़ा ने किया।

इस अवसर पर रोटरी क्लब के सभी सदस्य एवं शहर के गनमान्य व्यक्तियों एवं विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## छात्राओं ने छात्रों को बांधा रक्षा सूत्र, मनाया रक्षाबंधन का त्यौहार

**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।** रामपुर धोबिया हार में स्थित मॉर्निंग बेल्स पब्लिक स्कूल में स्कूल के छात्राओं ने छात्रों को रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया। जिले के शिवपुर विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत धोबिया हार में स्थित इंग्लिश मीडियम के माध्यम से संचालित विद्यालय मॉर्निंग बेल्स पब्लिक स्कूल में शनिवार को छात्राओं ने छात्रों को रक्षा सूत्र बांध कर रक्षाबंधन का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया। स्कूल की छात्राओं ने छात्रों को सर्वप्रथम रक्षा सूत्र बांधा इसके बाद मस्तक पर तिलक लगाया मुंह मीठा कर लंबी उम्र की कामना की। वही छात्रों ने छात्राओं को अपनी बहन मानकर हर संभव मदद करने की प्रण ली।

# 18 दिन बीता, नहीं मिला नगर पालिका कर्मचारियों को वेतन

**नरेंद्र लाल गुप्ता**

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** अधिशासी अधिकारी संजय मिश्रा की तबीयत बिगड़ने के कारण लगभग 350 कर्मचारियों को नहीं मिला वेतन जिस कारण रक्षाबंधन का त्यौहार फीका होने की संभावना ज्यादा है बताया जा रहा है।

नियम तो है प्रत्येक माह के 1 तारीख से लेकर 7 तारीख के अंदर वेतन मुहैया कर दिया जाना चाहिए किंतु आज 18 अगस्त हो गया और लोगों को वेतन नहीं मिल पाया जब कारण पता किया गया तो यह पता चला कि अधिशासी अधिकारी छुट्टी पर है अब यहां नियम यह है की यदि अधिशासी अधिकारी छुट्टी पर जाएं तो जिला अधिकारी गोंडा का दायित्व बनता है कि कर्मचारियों को समय से वेतन मुहैया कराया जाए किंतु आज लगभग 18 दिन बीतने के बाद भी कर्मचारियों को वेतन न मिलने के कारण उनका यह कहना है की 15 अगस्त तो बीत ही गया है अब तो रक्षाबंधन का त्यौहार भी फीका होने की संभावना है क्योंकि आज लगभग दो हफ्ते बीत रहे हैं अधिशासी अधिकारी का सीयूजी फोन बंद है और जब आज अध्यक्ष उजमा राशिद से जानकारी मांगा गया तो उन्होंने कहा अभी मैं एक मीटिंग में हूं 1 घंटे बाद बात कर पाऊंगी बड़े ही आश्चर्य का विषय है इस महंगाई में यदि कर्मचारियों को समय से वेतन नहीं मिलेगा तो उनके घर का चूल्हा कैसे जलेगा ?

## लगातार बढ़ रही चोरी की वारदातें, पुलिस पर उठे सवाल

**मिहींपुरवा,बहराइच समृद्धि न्यूज।** जिले में खैरीघाट थाने की पुलिस चौकी वैवाही पर जब से नवागत चौकी इंचार्ज ने कार्यभार संभाला है। तब से चोरी की घटनाएं आम हो गई हैं। जिससे लोगों में दहशत का माहौल व्याप्त है। पहली घटना 12 अगस्त की देर रात का है। जहां रामपुर धोबियाहार चौराहे के पास आनंद वर्मा की मोटरसाइकिल घर के बाहर बरामदे में खड़ी कर दिए थे। अज्ञात चोर मौके पर पहुंचे और मोटरसाइकिल का लॉक तोड़कर उठा ले गए। सुबह उठने पर देखा की मोटरसाइकिल गायब है। जिसकी तलाश करने लगे। एक लिखित शिकायत पत्र चौकी पर दी। लेकिन अभी तक पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। जबकि पीड़ित ने नामजद तहरीर दी है। दूसरी घटना जुगराज पुरवा का है। जहां कैलाश यादव के घर के सामने मवेशी बंधी हुई थी।

## खबर प्रकाशित होने से बौखलाये शिक्षक ने सोशल साइट पर दी धमकी, बीएसए का नही उठा फोन


समय से विद्यालय नहीं पहुंच रहे शिक्षक,शिक्षामित्र चला रहे विद्यालय

कई बार हो चुकी समय से न आने की शिकायत

**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** बीते मंगलवार को समय से विद्यालय न आने पर खबर प्रकाशित की गई थी जिससे नाराज होकर शिक्षक ने सोशल साइट पर पत्रकार को धमकी दी है। जिले के शिवपुर विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत बेहनन पुरवा स्थित प्राथमिक विद्यालय महादेव में मंगलवार को प्रधानाध्यापक जावेद अख्तर व शिक्षिका राखी शर्मा समय से नहीं पहुंची थी। जिसको समाचार पत्र में प्रकाशित किया गया था। समाचार प्रकाशित होने के बाद प्रधानाध्यापक जावेद अख्तर ने सोशल साइट पर पत्रकार को धमकी देते हुए बताया कि मैं मुकदमा दर्ज कराऊंगा और मान हानि का दावा भी करूंगा।जबकि समय से विद्यालय न आने की सूचना खंड शिक्षा अधिकारी शिवपुर जगन्नाथ यादव को दी गई थी। उन्होंने बताया कि जांच कर कार्यवाही की जाएगी। इस मामले में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष सिंह को कई बार फोन किया गया तो उनका फोन पहले कवरेज क्षेत्र बाहर था।इसके बाद घंटी भी गई लेकिन फोन उठा नही।

## खबरें एक नजर में

### टैम्पो में पिकअप ने मारी टक्कर, चार घायल

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** तरबगंज थाना क्षेत्र के उमरी बेगम गंज मार्ग स्थित बेलसर कस्बे के पास सामने से आ रही पिकअप ने टैम्पो को टक्कर मार दिया जिस से टैम्पो अनियंत्रित होकर पलट गई। टैम्पो में सवार एक ही परिवार के चार लोग घायल हो गये । इलाज के लिए दो लोगो को मेडिकल कालेज में लाकर भर्ती कराया गया है। उमरी बेगम गंज थाना क्षेत्र के सिधौठी गांव के निवासी 60वर्षीय हिस्साबुद्दीन पुत्र मो हनीफ, 30वर्षिय तहसीम बानो पत्नी मैनुद्दीन , 25 वर्षीय असद पुत्र हिसाबुद्दीन उस के बड़े भाई अजीम घायल हो गये। सआधा दर्जन लोग टैम्पो में सवार थे। हिसाबुद्दीन और तहसीम बानो को मेडिकल कालेज में लाकर भर्ती कराया गया है। हिसाबुद्दीन की मां की तबियत ठीक नही थी। जिस का इलाज तरबगंज में एक प्राइवेट चिकित्सक के यहां चल रहा है। मां को देखने के बाद सभी लोग टैम्पो से उमरी बेगम गंज जा रहे थे।

### बाइक सवार को ट्राली ने मारी टक्कर, दो घायल

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** लखनऊ मार्ग स्थित लाल पुर गांव के पास शनिवार की दोपहर में बाइक सवार को ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दिया जिस पर सवार दो युवक घायल हो गये। इलाज के लिए मेडिकल कालेज मे भर्ती कराया गया है। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के गोगिया गोसाईं पुरवा गांव के निवासी 45 वर्षिय मैकू लाल उर्फ बृजेश व 30 वर्षिय नग्गू पुत्र सरजू दोनो एक ही बाइक पर सवार होकर गोण्डा कचहरी पेशी पर आये थे। पेशी से वापस घर जा रहे थे। लखनऊ की तरफ से गोण्डा की तरफ आ रही ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दिया जिस से दोनो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गये। इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। नग्गू की हालत गम्भीर बनी हुई है।

### टीका लगाते ही थमी बच्चे के सांस, परिजनों ने किया हंगामा

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले के सैदापुर गांव निवासी एक बच्चे को शनिवार को टीका लगाया गया। दूसरा टीका लगते ही बच्चे की मौत हो गई। इस पर हंगामा शुरू हो गया। परिवार के लोगों ने एएनएम और सहायक के विरुद्ध तहरीर देकर केस दर्ज करवाने की मांग की। सीएमओ ने शव पोस्टमार्टम के निर्देश दिए हैं। कैसरगंज तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत सैदापुर गांव निवासी आयुष वर्मा (2) पुत्र सत्य प्रकाश वर्मा को टीका लगाने के लिए शनिवार को एएनएम अनीता अपने सहायक के साथ पहुंची। उन्होंने एक टीका लगाया। जिससे बच्चा बेहोशी की मुद्रा में पहुंच गया। इसके बाद उन्होंने दूसरा टीका लगाया। कुछ देर बाद बच्चे की सांसे थम गई। परिवार के लोग उसे सीएचसी ले गए। यहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।इस पर परिवार के लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। एएनएम पर गलत तरीके से टीका लगाने का आरोप लगाया। साथ ही पिता ने कोतवाली में तहरीर देकर केस दर्ज किए जाने की मांग की। सभी का कहना है कि लंबे समय से जमे सीएचसी अधीक्षक पर भी कई आरोप लगाए।

**जांच के लिए शव पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया:** कैसरगंज के सैदापुर गांव में बच्चे की टीका लगने के दौरान मौत का मामला सामने आया है। लेकिन पांच प्रतिशत मामलों में ही इसका गलत असर देखने को मिलता है। आरोप की जांच करवाई जायेगी। मौत के सही कारणों की जांच के लिए शव पोस्टमार्टम करवाने के निर्देश दिए गए हैं। डॉक्टर संजय शर्मा सीएमओ

# नकल विहीन संपन्न करायें पुलिस भर्ती परीक्षा: डीएम

- कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न होगी परीक्षा, चप्पे चप्पे पर होगी पुलिस और प्रशासन की नजर
- 13 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी पुलिस भर्ती परीक्षा

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा संचालित पुलिस भर्ती की परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने को लेकर जिलाधिकारी नेहा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने करनैलगंज सभागार में बैठक की। उन्होंने सभी स्टेटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक व सहायक केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि परीक्षा को नकल विहीन व शुचिता पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराएं। उन्होंने कहा सभी मजिस्ट्रेट व अन्य अधिकारी बोर्ड द्वारा तैयार की गई बुकलेट में दिये गये दिशा निर्देश जरूर पढ़ लें। जिलाधिकारी ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए कि समय से गोपनीय परीक्षा सामग्री को परीक्षा केंद्र पर पहुंचाएंगे। प्रथम पाली की 10:00 बजे से 12:00 तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा 3:00 बजे से 5:00 बजे तक होगी। उन्होंने कहा है कि परीक्षा के दौरान सभी अधिकारी अपने सेक्टर के परीक्षा केन्द्रों पर भ्रमण रहते हुए परीक्षा की शुचिता बनाए रखेंगे।

### 13 केंद्रों पर होगी पुलिस भर्ती परीक्षा

आगामी 23, 24, 25, 30 व 31 अगस्त को होगी पुलिस भर्ती परीक्षा, वहीं आपको बता दें कि जनपद में होने वाले पुलिस परीक्षा के लिये 13 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिसमें प्रथम पाली 5232 अभ्यर्थी तथा द्वितीय पाली में भी 5232 अभ्यर्थी शामिल होंगे। जनपद में कुल 52000 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा। यह परीक्षा दो पालियों में होगी प्रथम पाली प्रात: 10 :00 बजे से 12 :00 बजे तक एवं द्वितीय पाली दोपहर 3 :00 बजे से सांय 5 :00 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा की सुचिता बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की नियुक्ति की गई है। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यदि किसी भी परीक्षार्थी व कर्मचारियों द्वारा परीक्षा को लेकर अफवाह फैलाई जाएगी तो उसके खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज किया जाएगा। परीक्षा को नकल विहीन संपन्न कराए जाने को लेकर पुलिस भर्ती बोर्ड द्वारा सख्त निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा की परीक्षा केंद्र पर तैनात कोई भी कर्मी मोबाइल फोन या इलेक्ट्रॉनिक उपकरण नहीं रखेगा।

बैठक में अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम राय, समस्त उपजिलाधिकारीगण, समस्त केन्द्र व्यवस्थापकगण, समस्त पुलिस अधिकारीगण, परियोजना निदेशक, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सभी सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेट व केंद्र व्यवस्थापक मौजूद रहे।

# तालाब से बंद बोरी में मिला युवक का शव, शिनाख्त में जुटी पुलिस



**इटियाथोक, गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

स्थानीय थाना क्षेत्र के तीतगाँव करुवापारा मे एक पोखरे मे शनिवार को प्लास्टिक बोरी मे बँधी हुई एक पुरानी लाश मिलने से लोगों मे हड़कंप मच गया।

ग्रामीणों ने हत्या कर लाश को यहाँ फेंके जाने की आशंका जताई है। स्थानीय निवासियों की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने ग्रामीणों की मदद से लाश को बाहर निकलवाकर उसके पहचान का प्रयास किया लेकिन पहचान नहीं हो पाई। निरीक्षक अपराध रमाशंकर राय ने बताया की करीब 40 साल के अज्ञात व्यक्ति की पुरानी लाश बोरी मे एक तालाब मे मिली है। आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# टैक्स चोरी करके गैंग कर रहा घपलेबाजी

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़**




जिले से दूसरे प्रान्तों व जिलों से बड़े स्तर पर खाद्यान्न व दैनिक जीवन में इस्तेमाल होने वाली बस्तुएं टैक्स चोरी कर लाई जा रही है। इससे शासन को बड़े पैमाने पर राजस्व का नुकसान हो रहा है। एक अनुमान के मुताबिक अकेले गोण्डा जनपद में हर महीने साधारण खाद्य बस्तुओं एवं अन्य सामानों की टैक्स चोरी से एक करोड़ से अधिक का राजस्व का चूना लगाया जा रहा है।

बगैर बिल्टी व आधे - अधूरे कागजातों के खाद्य वस्तुओं व अन्य सामानों को दिन व रात के अंधेरे में मुन्नन खां चौराहे के समीप जिगर स्कूल के पास कोलकाता से आ रहा रेडीमेड व पान मसाला टैक्स चोरी का उतारा जाता है।खास बात यह है कि जानकारी होने के बाद भी वाणिज्य कर विभाग के सचल दल में शामिल अधिकारी हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं।इस समय कलकता से रेडीमेड गारमेंट्स, पान मसला,और गुल मंजन सुपाड़ी सबसे ज्यादा आ रही है।इसके अलावा सरसों का तेल,से लेकर अधिकाश खाद्य वस्तुएं टैक्स की चोरी कर लाई जाती है।इसके अलावा रेडीमेड कपड़ों से लेकर अन्य वस्तुएं भी बगैर बिल्टी और अधूरे कागजातों के साथ आ रही है।जानकारी मिली है कि दिन या रात के अंधेरे में दूसरे प्रातों से आने वाले सामान को गोदामों में उतरवाया जाता है।सूचना मिलने पर वाणिज्यकर महकमे के अफसर पहुंचते तो हैं लेकिन गोदाम में न जाने का बहाना बनाकर सड़क से ही वापस हो जाते हैं।और कहते हैं कि यह हमारे क्षेत्र में नहीं है। और इस समय जांच के नाम पर सिर्फ खानापूरी ही की जाती है।सूत्रों के मुताबिक ट्रकों व कंटेनर व अन्य वाहनों से बड़ी मात्रा में दूसरे प्रातों से बगैर लिखा पढ़ी के सामान आ रहा है। इससे सीधे व्यापार कर की चोरी हो रही है। सबसे अधिक रेडीमेड गारमेंट्स और पान मसाले का आयात हो रहा है।

इसके अलावा होजरी व रेडीमेड कपड़े भी लाए जा रहे है।यही नहीं टैक्स चोरी कर यहाँ से भी सामान अन्य प्रान्तों के लिए भेजा जा रहा है। सूत्र बता रहे हैं कि यह सब कारोबार जीएसटी टीम के अधिकारियों के संरक्षण में फल-फूल रहा है।अगर कोई व्यक्ति जीएसटी चोरी की जानकारी देता भी है तो सिर्फ खाना पूर्ति करके छोड़ दी जाती है।

# भाई-बहन ने मिलकर सगे भाई से वरासत करवायी अपने नाम

- पिता की मौत के बाद राजस्व कर्मियों से मिलकर पीड़ित का नाम वरासत से हटवाया

**बहराइच ,समृद्धि न्यूज़।**



विकास खंड जरवल अंतर्गत ग्राम खिजरापुर निवासी एक व्यक्ति ने अपने भाई व बहन पर आरोप लगाते हुए कहा है कि राजस्व कर्मचारियों की मिली भगत से पिताजी की मृत्यु के बाद भाई बहन ने अपने नाम वरासत करवा लिया और मेरा नाम वरासत में नहीं दर्ज कराया मैं बाहर रहकर काम करता हूं। विकासखंड जरवल अंतर्गत ग्राम खिजरापुर निवासी शरीफ सब्बन खान पुत्र सब्बन खान ने बताया कि उनके पिता की मौत बीते वर्ष हुई थी। उन्होंने बताया कि भाई अब्दुल मजीत एस खान एवं बहन राबिया खातून ने मेरे पिताजी के मृत्यु के बाद मेरा नाम वरासत में न दर्ज करा कराकर अपने दोनों लोगों के नाम वरासत दर्ज करवा लिया है। जब मुझे पता चला कि वरासत में मेरा नाम नहीं दर्ज है तो मैंने तहसीलदार कोर्ट पर वरासत का मुकदमा दायर किया। जिस पर स्थगन आदेश मिल गया मेरे भाई बहन को यह पता चला कि फर्जी तरीके से कराए गए वरासत का मुकदमा तहसीलदार कोर्ट पर दायर किया गया है। तब पुरानी खतौनी से मेरे भाई बहन ने साहिबा खातून पत्नी अब्दुल मजीत एस खान के नाम बैनामा कर दिया। बैनामे में दो गवाह भी है गवाह मेरे भाई के ससुराल के है। शरीफ सब्बन खान ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर न्याय की मांग की है। यदि न्याय न मिला तो उन्होंने बताया है कि मुख्यमंत्री से जाकर न्याय की गुहार लगाऊंगा। आमरण अनशन की भी चेतावनी दी है।

# कोलकाता रेप कांड को लेकर भाजपा महिला मोर्चा ने निकाला कैंडल मार्च



**बहराइच ,समृद्धि न्यूज़।**

कोलकाता में आरजी कर मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर की हत्या और दुष्कर्म की घटना को लेकर शुक्रवार को भाजपा महिला मोर्चा ने मौन जुलूस व कैंडल मार्च निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला संयोजक रंजीत श्रीवास्तव के नेतृत्व में शहर के महिला महाविद्यालय से शहीद स्मारक तक मौन जुलूस व कैंडल मार्च निकाला गया। जिसमें सैकड़ों महिलाएं शामिल रही।महिला मोर्चा संयोजक ने कहा कि यह हमारे लिए बहुत दुःख की बात है कि जिस राज्य की मुख्यमंत्री स्वयं एक महिला हो इसके बावजूद ऑन ड्यूटी एक डॉक्टर की निर्ममता से दुष्कर्म कर हत्या कर दी जाती है और सरकार इस पर कोई कार्रवाई नहीं करती। पूरे पश्चिम बंगाल में अराजकता और भय का माहौल है। वहां पर अत्याचार की पराकाष्ठा हो रही है। इस घटना से आम जनमानस बहुत ही आहत है और हम सब मांग करते हैं कि दोषियों कि जल्द से जल्द गिरफ्तारी कर उससे कड़ी से कड़ी सजा दी जाए।

इस विरोध प्रदर्शन में ज्योति सिंह, प्रियंका रावत, रेखा श्रीवास्तव, अभिलाषा वर्मा, संतोष, मोहिनी सोनी, डिंपल जैन, पूनम अग्रवाल समेत सैकड़ो भाजपा पदाधिकारी और महिलाएं उपस्थित रहीं।

## कोलकाता की घटना को लेकर अभाविप ने फूंका ममता बनर्जी का पुतला



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बहराइच जिले के कार्यकर्ताओं द्वारा पश्चिम बंगाल में महिलाओं के साथ हो रहें दुष्कर्म और अत्याचार को लेकर विद्यार्थी परिषद के प्रांत मंत्री पुष्पेंद्र बाजपेई के नेतृत्व में महाराणा प्रताप चौक पर एकत्रित होकरजोरदार प्रदर्शन करते हुए ममता बनर्जी का पुतला दहन किया गया। प्रांत मंत्री पुष्पेंद्र वाजपेई ने कहा जिस देश के अंदर नारीशक्ति देवी का स्वरूप है और प्रत्येक क्षेत्र में नेतृत्व की भूमिका में है उसी देश में कोलकाता के अंदर घोर अमानवीय कृत्य होना दुर्भाग्यपूर्ण है। ममता सरकार अत्याचार और बलात्कार के संरक्षण का केंद्र बन चुकी है इसलिए दोषियों को संरक्षण देने वाली ममता सरकार को तत्काल बरखास्त कर प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लगाया जाए। जिसमें प्रांत सह मंत्री आदर्श शुक्ला, पूर्व जिला संयोजक मयंक अग्रवाल, खेलो भारत सहसंयोजक नित्या पाठक, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य वंशिका मिश्रा, राज सिंह, आदित्य मिश्रा, सविता वर्मा, तस्नीम जैदी, अंशी मिश्रा रोशनी बानो ललिता मिश्रा सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# जिलाधिकारी ने अधिकारियों को दिए समयबद्धता के साथ निस्तारण के निर्देश

**बहराइच ,समृद्धि न्यूज़।**

तहसील कैसरगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला, मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर, उप जिलाधिकारी पंकज दीक्षित, पुलिस क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार सिंह व अन्य अधिकारियों के साथ जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए गए। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनसमस्याओं का निस्तारण समयबद्धता और गुणवत्ता के साथ करें। जनसमस्याओं के निस्तारण अनावश्यक हीला-हवाली को अत्यन्त गम्भीरता के साथ लिया जाएगा।




डीएम ने निर्देश दिया कि न्यायालय द्वारा निर्णित प्रकरणो में समय से पैमाइश सुनिश्चित की जाय। डीएम ने सचेत किया कि ऐसे प्रकरणों में यदि किसी प्रकार के विलम्ब की शिकायत मिलती है तो सम्बन्धित को निलम्बित करने की कार्यवाही की जाएगी। डीएम ने निर्देश दिया कि अतिक्रमण से मुक्त कराये गये मार्गों, सार्वजनिक स्थानों इत्यादि पर दोबारा कब्ज़े की शिकायत मिलने पर सम्बन्धित के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराते हुए नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जाय। डीएम ने कहा कि रास्ते के विवाद से सम्बन्धित मामलों का थाना दिवस के माध्यम पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा प्रभावी निस्तारण किया जाय।उल्लेखनीय है कि अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 10 में 03, कैसरगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 194 में 15, नानपारा में 33 में 04, पयागपुर में 75 में 07, महसी में 17 में 04 तथा तहसील सदर में प्राप्त 31 प्रार्थना-पत्रों 04 को निस्तारण मौके पर किया गया।

# निरंकुश हो गया भीम युवा संगठन

**हजारों की संख्या में न्याय के लिए एसपी ऑफिस पहुंचे सवर्ण आर्मी के लोग, सहनशीलता के साथ कप्तान ने समझाने की करी कोशिश**




सुशील सिंह

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़। सत्ता में बैठते ही सूबे के मुख्यमंत्री महंत योगी आदित्यनाथ के द्वारा लिए गए फैसलों से उनकी लोकप्रियता उत्तर प्रदेश में ही नहीं अपितु कई राज्यों में बढ़ गई यहां तक की दूसरे राज्य के भी लोगों के द्वारा यह कहा जाने लगा कि मुख्यमंत्री हो तो योगी आदित्यनाथ जैसा सभ्य समाज बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त किया और उत्तर प्रदेश में लगातार बढ़ रहे अपराध के ग्राफ को काफी कम कर दिया। वही पिछले दिनों नसीराबाद थाना क्षेत्र के पिछवरिया गांव के रहने वाले अर्जुन पासी की हुई हत्या के मामले में पुलिस ने नामजद छह आरोपियों को हिरासत में लेते हुए जेल भेज दिया।

साजिश के तहत मामले में शामिल किए गए छतोह ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बिशाल सिंह के समर्थन में हजारों की संख्या में लोगों ने आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर आवाज बुलंद की। उमड़ी भीड़ का कहना है कि घटना में शामिल महज तीन लोगों की बात सामने आई थी लेकिन भीम आर्मी युवा संगठन के बहकावे और शिकावे में तहरीर बदलकर बिशाल सिंह सहित सात नामजद व अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कराया गया है।

दबाव में पुलिस ने आधा दर्जन लोगों को जेल भेज दिया। घटना के बाद मामले को तूल देते हुए भीम युवा संगठन के निर्देश पर घटना के दिन सैकड़ों लोगों ने सड़क जाम कर घंटों आवागमन बाधित किया यही नहीं क्षेत्रीय विधायक अशोक कोरी के वाहन पर पथराव कर शीशा तोड़ दिया। यही नहीं माहौल को और बिगाड़ने के लिए शुक्रवार को भीम युवा संगठन सहित पासी समाज के लोगों ने डीएम दफ्तर पर बिना कोई परमीशन धरना प्रदर्शन कर जिला पुलिस को खुले मंच से गाली दिया गया। आधी रात तक हुड़दंग मचाते रहे। बिशाल के समर्थन में आम आवाम जिसमें सभी वर्गों के लोगों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने और विशाल सिंह को निर्दोष साबित करने की मांग उठाई है।

**प्रशासन पर दबाव बना रहे भीम आर्मी के पदाधिकारी**

नसीराबाद थाना क्षेत्र में हुई घटना को लेकर उस गांव के रहने वाले ग्रामीण भीम आर्मी के बहकावे में आ गए और इस पूरे मामले में राजनीतिक रंग देते हुए लगातार प्रशासन पर दबाव बनाने का काम भीम आर्मी के पदाधिकारी के द्वारा किया जा रहा है उनके द्वारा परिवार और ग्रामीणों को बहका कर जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय के सामने बैठकर नारीबाजी की गई जिसको लेकर पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाया कि पुलिस अपना काम कर रही है त्वरित कार्रवाई करते हुए 6 लोगों को जेल भेजा जा चुका है विवेचना की प्रक्रिया चल रही है और जो दोषी होगा उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी।

# नगर पंचायत मे जल संकट को लेकर सभासदों ने की आपतकालीन बैठक

लालगंज, रायबरेली समृद्धि न्यूज़।



नगर के वर्तमान जल संकट पर नगर पंचायत लालगंज के जागरूक सभासदों ने आपतकालीन बैठक कर गहनता से विचार विमर्श किया। मालुम हो कि पिछले तीन दिनों से नगर पेयजल की सप्लाई का बोर भष्ट होने की वजह से पूर्णतया बाधित हो गयी। नगर के जागरूक तेज तर्रार सभासद आलोक तिवारी, दीपक मिश्रा रवीन्द्र सोनी व जिला योजना समिति सदस्य राघवेन्द्र सूर्यवंशी ने नगर पंचायत परिसर में आपातकालीन बैठक की। जिसमें सभासदों ने वर्तमान जल संकट पर गहनता पूर्वक विचार विमर्श किया। जिला योजना समिति सदस्य व सभासद राघवेन्द्र सूर्यवंशी ने वर्तमान जल संकट से निपटने के लिये नगर पंचायत प्रशासन को टैंकरों द्वारा तत्काल आपूर्ति प्रदान करन को कहा। उन्होने कहा कि अधिकांश इलाकों में न तो सबमर्सिबल पम्प है और ना नगर पंचायत द्वारा कोई टीटीएसपी स्थापित की गयी है इसलिये विषम परिस्थिति उत्पन्न हो गयी है।

उन्होने वार्डों में मिनी ट्यूबवेल लगवाये जाने का सुझाव दिया है। तेजतर्रार सभासद दीपक मिश्रा ने कहा कि तत्काल नागरिकों को पेयजल आपूर्ति बहाल करने के लिये साकेत नगर वाली पानी की टंकी को इस पाइप लाईन से जोड़ देना चाहिये ताकि आवश्यक दैनिक कार्यों के लिये पानी उपलब्ध करवाया जा सके। वार्ड नं. 8 के सभासद रवीन्द्र सोनी ने कहा कि नगर पंचायत लालगंज को जलापूर्ति बहाल करने के लिये यथासम्भव अतिशीघ्र प्रयास करना चाहिये क्योंकि जनता ने हम लोगों को जिम्मेदारी दी है उनकी सुविधाओं का ख्याल रखना हमारा कर्तव्य है। उपस्थित सभासदों ने सबमर्सिबल पम्प धारक नगर वासियों से अनुरोध किया है कि अपने आस पड़ोस के लोग जो सिर्फ नगर पंचायत की जलापूर्ति पर आश्रित हैं उनको समस्या के समाधान तक पानी उपलब्ध करवाने में सहयोग करें तथा नगर पंचायत प्रशासन तत्काल टैंकरों द्वारा आपूर्ति कराये।

# होमगार्ड कमांडेंट को डीआईजी व आईजी ने किया सम्मानित

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।



अपनी कुशल कार्यशैली व दूरदर्शी सोच से होमगार्ड विभाग को जनपद में कानून व्यवस्था को मजबूती देने वाले होमगार्ड कमांडेंट संजय कुमार शर्मा को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर महानिदेशक, फायर सर्विस/नागरिक सुरक्षा एवं होमगार्ड्स गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संजय कुमार शर्मा, तत्कालीन जिला कमांडेंट, होमगार्ड्स, मैनपुरी सम्प्रति रायबरेली को उनके अत्यन्त सार्थक, कर्तव्यनिष्ठ एवं कार्य कुशलता व विभाग की परम्पराओं का उच्च स्तरीय अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किए जाने हेतु प्रदान की गई डी.जी.सी.डी. डिस्क एवं कमेंडेशन प्रमाण पत्र से पुलिस महानिदेशक/ कमांडेंट जनरल होमगार्ड, उत्तर प्रदेश विजय कुमार मौर्य द्वारा 15 अगस्त, 2024 को विभूषित किया गया है। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक के साथ ही साथ विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# भू माफिया से डॉक्टर का गठजोड़ सरकारी जमीन हो रही सराबोर

**कागजों तक सीमित एंटी भू माफिया टास्क फोर्स क्षेत्रीय लेखपाल और कानूंगों सवालों के घेरे में**

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

सरकार लगातार भूमाफियाओं के ऊपर कार्यवाही कर रही है मुख्यमंत्री लगातार भय मुक्त समाज का राज कायम करने की कोशिश कर रहे है।भूमाफियाओं के द्वारा जमीनों पर कब्जे किए जा रहे है। यही नहीं भू माफिया ऐसी जमीन तलाशते है जिस जमीन के बगल में सरकारी जमीन हो जिसको भू माफिया अपनी जमीन में मिला कर आसानी से प्लाटिंग कर के बेच दे रहे है। ऐसा ही एक मामला सदर तहसील के देवानंदपुर का प्रकाश में आया हैं। जहां पर एक पक्ष के द्वारा ये आरोप लगाया जा रहा है कि मिल एरिया के रहने वाले है। जिनकी भूमिधरी जमीन गाटा संख्या 392 है। जिसका रकबा 0.253 हेक्टेयर लगभग है। प्राथी ने ये आरोप लगाया है कि 3 विस्वा भूमि का बैनामा एंटी भूमिया धर्मेंद्र सोनकर आदि को किया था किंतु एंटी भू माफिया धर्मेंद्र सोनकर राघवेंद्र सोनकर, सुमित उर्फ चंदन सोनकर एवं जितेंद्र सोनकर, संतोष सोनकर, सुबोध श्रीवास्तव ग्राम देवानंदपुर थाना मिल एरिया तहसील रायबरेली के रहने वाले हैं जो भूमि गाटा संख्या 392 संपूर्ण भूमि व इसी से मिली चारागाह के नाम दर्ज सरकारी भूमि गाटा संख्या 389 वा कुछ अन्य भूमि पर विकास प्राधिकरण रायबरेली से बिना अनुमति, बिना नक्शा पास कराए जालसाजी व धोखाधड़ी करके लगभग 100 प्लाट बनाकर कपट पूर्वक बिक्री कर रहे हैं और मना करने पर सपरिवार जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। यही नहीं ये भी आरोप लगाए जा रहे है कि इस पूरे प्रकरण में हल्का लेखपाल देवेश त्रिपाठी और कानूनगो इंद्र बहादुर सोनकर पूरी तरह शामिल है इन्होंने चारागाह की भूमि गाटा संख्या 389 पर भी अवैध प्लाटिंग करवाया करवाई है जिसमें डॉक्टर शिवकुमार भी शामिल हैं। उपरोक्त भू माफियाओं के साथ डॉक्टर शिवकुमार व उनके भाई ने दिनांक 15-7.2024 को रात्रि 11:30 बजे प्रार्थी और उसके परिवार पर जानलेवा हमला किया और धमकाया कि ज्यादा शिकायती करोगी पूरे परिवार को खत्म कर दिया जाएगा।

**..तो क्या लेखपाल और कानूनगो भी है शामिल**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की लाख मना करने के बाद भी सरकारी कर्मचारी भी भू माफियाओं के साथ साथ गांठ करके सरकार की छवि और मुख्यमंत्री की मनसा पर पानी फेरने का काम कर रहे हैं। आरोप लग रहे है कि भूमाफियाओं के भ्रष्टाचार व जालसाजी में क्षेत्रीय लेखपाल देवेश त्रिपाठी व कानूनगो इंद्र बहादुर सोनकर भी शामिल बताई जा रहे हैं जब भी कोई कार्रवाई होनी होती है उसके पहले ही इन लोगों के द्वारा भू माफियाओं तक सूचना पहुंचा दी जाती है और वो माफिया धन की लक्ष्मी का सहारा लेकर मामले को रफा दफा करवा देते।

## खबरें एक नजर में

### डीएम-एसपी ने किया भूमि का किया स्थलीय निरीक्षण



**बलरामपुर।** डीएम पवन अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा तहसील तुलसीपुर में फायर स्टेशन के निर्माण हेतु ग्राम तुलसीपुर देहात में चयनित भूमि का स्थलीय सत्यापन किया गया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम तुलसीपुर , तहसीलदार तुलसीपुर उपस्थित रहें।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति को पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा ज्ञापन

**उतरौला,बलरामपुर।** जनपद के दौरे पर आए इलाहाबाद हाईकोर्ट के प्रशासनिक न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्र से अधिवक्ता संघ उतरौला अध्यक्ष प्रहलाद यादव के नेतृत्व में पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल मिला और उन्हें अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ता संघ उतरौला अध्यक्ष प्रहलाद यादव ने बताया कि उतरौला तहसील मुख्यालय पर स्थित अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन उतरौला के पीठासीन अधिकारी का पद चार माह से खाली पड़ा है। पीठासीन अधिकारी की तैनाती न होने से सभी मुकदमों की सुनवाई का क्षेत्राधिकार सिविल जज जूनियर डिवीजन उतरौला को मिल गया है। इससे सिविल जज जूनियर डिवीजन उतरौला के न्यायालय पर तीस हजार मुकदमे विचाराधीन होने से उसका निस्तारण जल्द नहीं हो पा रहा है। इससे वकीलों व वादकारियों को काफी परेशानी हो रही है। वकीलों ने अपने ज्ञापन में अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन उतरौला के पद पर शीघ्र तैनाती किए जाने की मांग की है। प्रतिनिधि मंडल में अध्यक्ष प्रहलाद यादव, महामंत्री अमित श्रीवास्तव, वरिष्ठ अधिवक्ता सुशील कुमार श्रीवास्तव, मोहम्मद मुस्लिम खां व अखिलेश सिंह मौजूद रहे।

### नन्हे-मुन्ने बच्चों ने एक-दूसरे की कलाई पर बांधी राखी



**उतरौला,बलरामपुर।** रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर टाइनी टाट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक विशेष रक्षाबंधन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों ने बड़े उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। बच्चों में इस कार्यक्रम को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला, और उन्होंने अपनी रचनात्मकता और भाई-बहन के प्रति प्रेम को दर्शाने का अवसर प्राप्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 11 बजे हुई, जिसमें स्कूल के प्रधानाचार्य मनीष कुमार सिंह ने बच्चों को रक्षाबंधन के महत्व के बारे में बताया। इसके बाद प्रतियोगिता का आरंभ हुआ, जिसमें नन्हे-मुन्ने बच्चों ने एक-दूसरे की कलाई पर राखी बांधी। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों में आपसी प्रेम, भाईचारे और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना था। बच्चों ने खुद से बनाई हुई राखियां अपने दोस्तों की कलाई पर बांधी। रंग-बिरंगी राखियों से सजी हुई उनकी नन्हीं कलाइयां देखी जा सकती थीं। हर बच्चा अपने साथी के लिए खास राखी लेकर आया था, जिसे उन्होंने अपने हाथों से बनाया था।

# एसबीआई अधिकारी और उपभोक्ता की हुई बैठक

रायबरेली समृद्धि न्यूज़।




स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया अपने बड़े उपभोक्ताओं को विशेष सुविधाओं के साथ अपने से जोड़े रखना चाहती है जिसको आगे बढ़ाते हुए बैंक के द्वारा एक बैठक की गई जिसमें बैंक के अधिकारी और बड़े उपभोक्ता मौजूद रहे ।रायबरेली में आयोजित इस बैठक में क्षेत्रीय प्रबंधक बृज भानु सिंह मौजूद रहे। जिसमें जिले के वह खाताधारक जो स्टेट बैंक से जुड़े हैं और बड़े लेनदेन को अंजाम देते हैं उनके साथ बैठक की। क्षेत्रीय प्रबंधक ने कहा कि उन्हें किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो इसके लिए उनके साथ यह बैठक की गई है। आसानी से उनका लेनदेन हो , लोन हो और और अन्य सुविधाएं जो बैंक के द्वारा दी जाती है वह मिलती रहे। इसके लिए उन सभी से संवाद किया गया है। बड़े खाता धारक उनसे बैंक से जुड़ कर रहे हैं , यही बैंक का उद्देश्य है। बड़े खाता धारकों ने क्षेत्र प्रबंधक से संवाद किया और सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए उन्हें अपने विचार भी बताएं । चेतन शुक्ला मुख्य प्रबंधक ने बताया कि एच एन आई मीट का मुख्य उद्देश्य है कि जो भी हमारे बड़े कस्टमर है उनके साथ मेलजोल बढ़े। उनको बैंक के द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं से अवगत करवाया गया और उनको बैंक में होने वाली असुविधाओं से कैसे बचा जाए उसके बारे में भी अवगत करवाया गया। योनो संबंधित जानकारी कैसे योनो कैश , योनो लोन या योनो का प्रयोग कर कैसे सुविधा का लाभ लिया जाए। इस अवसर पर राहुल देव शुक्ला मैनेजर मार्केटिंग , अरुण कांत मिश्रा मैनेजर मार्केटिंग , चंदन निर्मल मैनेजर मार्केटिंग , वैभव शुक्ला मैनेजर मार्केटिंग , वीरेंद्र कुमार साहू मैनेजर मार्केटिंग आदि बैंक कर्मी मौजूद रहे।

# सेवाएं बंद कर लाइफ केयर हॉस्पिटल ने किया हड़ताल

उतरौला बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।




कोलकाता में प्रशिक्षु महिला डाक्टर से दुष्कर्म व हत्या के मामले के विरोध में आंदोलन तेजी पकड़ गया है। शनिवार को निजी अस्पतालों के चिकित्सक भी हड़ताल पर हैं।

हाथों में काली पट्टी बांधकर सांकेतिक प्रदर्शन करते हुए ओपीडी व आईपीडी सेवाएं बंद रखी। शनिवार को उतरौला में संचालित लाइफ केयर हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ अहमद खान व अन्य चिकित्सकों ने ओपीडी के अपने अपने कक्षों में नहीं गए बल्कि ओपीडी में तालाबंदी करा दी। इससे अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को वापस होना पड़ा। डॉ अहमद खान ने बताया कि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के आह्वान पर अस्पताल पर सुबह छह बजे से चिकित्सा कार्य बंद कर दिया है। आईएमए डॉक्टरों की हड़ताल रविवार को सुबह छह बजे तक जारी रखे जाने का एलान किया गया है। डॉ अहमद खान ने सभी चिकित्सकों की सुरक्षा के लिए केंद्रीय कानून बनाए जाने की मांग के साथ ही प्रशिक्षु चिकित्सक के दुष्कर्मी हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा की मांग की। उन्होंने कहा कि कोलकाता में महिला रेजिडेंट की निर्मम तरीके से हत्या की गई। देश के लोग और सभी डॉक्टर्स पीड़ित परिवार के साथ खड़े है। डॉक्टर्स 24 घंटे काम करता है। ऐसे में डॉक्टर्स की सुरक्षा जरूरी है। असुरक्षित वातावरण में डॉक्टर्स कैसे काम करेगा। कोलकाता की घटना के बाद सभी डॉक्टर्स आहत और डरे हुए हैं, जो घटना कोलकाता में हुई है। ऐसी घटना अन्य स्थानों पर हो सकती है। इसी करण डॉक्टर्स ने हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है।

# पश्चिम बंगाल में हुई घटना की पूरे देश में हो रही निंदा

**जघन्य अपराध में जो आरोपी है उस पर तुरंत की जाये कार्यवाही**

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।




पश्चिम बंगाल में हुई घटना को लेकर पूरे देश के अंदर उबाल देखने को मिल रहा है। अब लोग न्याय को लेकर सड़कों पर उतर रहे हैं और सरकार से मांग कर रहे हैं कि ऐसे जघन्य अपराध में जो भी आरोपी है उन पर त्वरित कार्रवाई की जाए जो भी दोषी हो उसको जेल भेजा जाए। पूरा देश न्याय की आग में कूद पड़ा है। कोलकाता ही नहीं अपितु रायबरेली के लोग भी मासूम बेटी को न्याय मिले, जिसको लेकर सड़कों पर उतर रहे हैं और पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त कर रहे हैं। बताते चले कि पूरा मामला पश्चिम बंगाल से जुड़ा हुआ है जहां पर एक मेडिकल कॉलेज की छात्रा के साथ गैंगरेप जैसी घटना कारित् करने के बाद उसकी हत्या कर दी जाती है। इस जघन्य अपराध में शामिल आरोपी को पकड़ लिया जाता है। सबसे बड़ा सवाल ये है कि सरकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसे नारों के साथ बेटियों को अच्छी शिक्षा और उन्हें समाज में सर उठाकर अपना जीवन जीने के लिए प्रेरित कर रही है मगर समाज के अंदर ऐसे भूखे भेड़िए घूम रहे हैं जो आज भी बेटियों को बुरी नीयत से देखते हैं और मौका मिलने पर ऐसी घटनाओं को कारित कर देते हैं।

**महामारी के दौड़ में ये डॉक्टर थे भगवान**

कोरोना महामारी का एक समय जब पूरे विश्व को अपनी चपेट में ले लिया था तब यही धरती के भगवान अगर ना होते तो सृष्टि का विनाश निश्चित था उसे महामारी के समय आम आदमी आम जनमानस की सेवा में लगातार भूख प्यास छोड़कर ये डॉक्टर अपनी सेवाएं दे रहे थे और जब आज डॉक्टर के ऊपर ऐसी घटनाएं कारित हो रही है तो हम लोगों को खुलकर इसका विरोध करना पड़ेगा और डॉक्टर के साथ कंधे में कंधा मिलाकर उनका सहयोग करना पड़ेगा।

## खाद्य पदार्थों की सैंपलिंग अभियान के तहत 13 नमूने जांच के लिए भेजे प्रयोगशाला

रायबरेली समृद्धि न्यूज़। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने रक्षाबंधन पर्व के दृष्टिगत आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु जनपद में खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम के लिए अभियान को और तेज करने के निर्देश दिये हैं। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने खाद्य विभाग को निर्देश दिये कि रक्षाबंधन पर्व के दृष्टिगत बाजारों में बिकने वाले खाद्य पदार्थों के नमूनों की सैम्पलिंग नियामनुसार कराई जाए। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन के अवसर पर गुणवत्ता तथा शुद्धता बनाये रखने के लिए चलाये जा रहे गहन अभियान को और तेज किया जाए। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर गुणवत्तापूर्ण सुरक्षित खाद्य पदार्थो में मिलावट की रोकथाम के लिए कड़े उपाये किये जाए।

**न्यायालय श्रीमान न्यायिक तहसीलदार सदर जनपद रायबरेली**

**नोटिस सूचना**

आम तारीख पेशी 21/10/2024 वाद संख्या सन ईसवी श्रीमती कमलेश सिंह वादी बनाम कृष्ण मुरारी लाल अभिषेक विकास विवेक पुत्रगण छत्रधारी लाल निवासी 11/ 217 राजाजीपुरम जिला लखनऊ चूंकि ऊपर नामांकित वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ किसी प्रकार की कोई भी आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते हैं तो आप दिनांक 21.10.2024 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या सम्यक रुपेण अनुर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और यदि आप ऐसा करने में असफल रहे तो उक्त आवेदन की सुनवाई एक पक्षीय करके वाद निर्णत कर दिया जाएगा। मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक माह सन् ई को निकाली गई। अजय प्रकाश पुत्र परमेश्वर दयाल निवासी मकान नंबर 347/ 316 ओल्ड टिकैत गंज राजेंद्र नगर जनपद लखनऊ। कृष्ण मुरारी लाल पुत्र परमेश्वर दयाल निवासी मकान नंबर 356/ 218/ 251 शिवाजी पुरम आलमनगर रोड लखनऊ जिला लखनऊ। आशुतोष कुमार व सुरेश कुमार निवासी पहरेमऊ जनपद रायबरेली। शिव भोला पुत्र राम हर्ष साहू निवासी पहरेमऊ रायबरेली।श्रीमती शिलावती पत्नी संकठा प्रसाद निवासी पहरेमऊ जनपद रायबरेली। सरयू शरण सिंह पुत्र अहोरवा दीन सिंह निवासी बहादुर नगर जनपद रायबरेली। राम अंगद सिंह पुत्र जगन्नाथ सिंह निवासी बहादुर नगर रायबरेली। श्रीमती प्रेमा सिंह पत्नी शिवकरन सिंह निवासी असर्फाबाद जिला रायबरेली। देवनारायण सिंह पुत्र ठाकुर बख्स सिंह निवासी असर्फाबाद जिला रायबरेली। श्रीमती शकुंतला सिंह पत्नी सरयू शरण सिंह निवासी बहादुर नगर रायबरेली। राम अभिलाष सिंह पुत्र रामपाल सिंह निवासी बहादुर नगर रायबरेली। श्रीमती शकुंतला पत्नी शिव भोला निवासी ग्राम पहरेमऊ जिला रायबरेली। सत्यनारायण पुत्र बुद्धू निवासी पहरेमऊ जनपद रायबरेली। छोटेलाल पुत्र राम जियावन निवासी पुरे मियां मजरे बघेल रायबरेली। राजकुमार साहू पुत्र राम पियारे निवासी पहरेमऊ जिला रायबरेली। शिव वरदान सिंह पुत्र निंबर सिंह निवासी असर्फाबाद जिला रायबरेली। अयोध्या पुत्र अहोरवा निवासी अशर्फाबाद रायबरेली। दयाराम पुत्र अहोरवा निवासी असरफाबाद रायबरेली। लालता पुत्र अहोरवा निवासी असर्फाबाद रायबरेली। श्रीनाथ पुत्र अहोरवा निवासी असर्फाबाद रायबरेली। शिवपाल पुत्र अहोरवा निवासी असर्फाबाद रायबरेली। प्रभु देई पत्नी अहोरवा निवासी असर्फाबाद रायबरेली। रामरति पत्नी अहोरवा निवासी असर्फाबाद रायबरेली। रोहन लाल पुत्र स्वर्गीय बाबूलाल निवासी किशुनपुर राय जनपद रायबरेली। गिरीश सिंह पुत्र उदय प्रकाश सिंह निवासी सर्वोदय नगर जिला रायबरेली। आशुतोष कुमार पुत्र सुरेश कुमार निवासी 9/5/6 इंदिरा नगर लखनऊ। अक्षय प्रताप सिंह, अभय प्रताप सिंह पुत्र गण राम लखन सिंह संरक्षिका माता रीता सिंह निवासी बहादुर नगर जनपद रायबरेली।

# भूमि विवाद मामलों में मौके पर जाकर करें निस्तारण: डीएम

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।



डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में तहसील तुलसीपुर में संपूर्ण समाधान दिवस से संपन्न हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम द्वारा जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया एवं कतिपय शिकायतों एवं समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कराया।

उन्होंने शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया। डीएम ने भूमि विवाद एवं लॉ एंड ऑर्डर के दृष्टि से संवेदनशील मामलों में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर मामले का निस्तारण कराए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी अधिकारियों को प्रतिदिन प्रातः 10 से 12 जनता दर्शन करते हुए जनमानस की समस्याओं/ शिकायतों का निस्तारण किए जाने , आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त हो रही शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शिकायतकर्ता से फीडबैक लेते हुए किए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ,एसडीएम तुलसीपुर अभय सिंह, जिला विकास अधिकारी , मुख्य चिकित्सा अधिकारी, तहसीलदार तुलसीपुर , समस्त जिला स्तरीय अधिकारी एवं तहसील स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# पशु क्रूरता अधिनियम में तीन गिरफ्तार

उतरौला बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।

चेकिंग के दौरान उतरौला पुलिस ने डीसीएम पर ले जा रहे 26 अदद भैंस को पकड़कर गौशाला में भेजा और तीन आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज कर कार्यवाही में जुटी।

पुलिस ने 180/2024 धारा 11 पशु क्रूरता अधिनियम दिनांक घटना 16.08.2024 की शाम मे घटनास्थल पीर नगर चौराहा के समीप उप निरीक्षक क्रिसलय मिश्र थाना कोतवाली उतरौला जनपद बलरामपुर मय हमराह हेड कांस्टेबल चन्द्र भान सरोज, हेड कांस्टेबल रमेश शर्मा , कांस्टेबल रमेश निषाद कांस्टेबल प्रशान्त शर्मा के साथ बनगवा रोड पर चेकिंग मे भ्रमणशील था कि शक के आधार पर डीसीएम को चेक किया गया तो उक्त वाहन के अंदर छह राशि भैंस व 20 राशि पड़वा ( कुल 26 राशि ) पशु नियम विरुद्ध तरीके से लादे गए थे जिनके जीवन भय का संकट उत्पन्न था।

जिस हेतु वाहन मय पशु उपरोक्त को पुलिस ने कब्जे में लेकर मौके पर तीन अभियुक्त गण अकबर अली पुत्र अहमद अली निवासी ग्राम बनकटवा, बनगवां थाना कोतवाली उतरौला बलरामपुर, शरीफ पुत्र मौअज्जम अली निवासी पीर नगर चौराहा, बनगवां थाना कोतवाली उतरौला बलरामपुर, आसिफ पुत्र मोहम्मद रफी निवासी मोहल्ला इमाम बाड़ा म0नं0 231, थाना कोतवाली नगर गोण्डा को गिरफ्तार कर मु. अ. सं. 180/2024 धारा 11 पशु क्रूरता अधिनियम पंजीकृत किया गया।

**कार्यालय नगर पंचायत समधन, कन्नौज**

पत्रांक सं.-121/न.पं.सं./(2024-25)/ बाजार वसूली खुली बोली दिनांक-16.08.2024

**सार्वजनिक बोली/सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत वर्ष 2024-25 हेतु बाजार ठेका की निविदा दिनांक 23.08.2024 को अपरान्ह 01:00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत समधन जनपद कन्नौज में खुली बोली के माध्यम से आमंत्रित करती है। खुली बोली अधोहस्ताक्षरीय, अध्यक्ष महोदया एवं उच्च अधिकारियों के समक्ष नगर पंचायत समधन कार्यालय परिसर में की जायेगी खरीदे गये निविदा प्रपत्र धारकों के द्वारा ही बोली लगायी जायेगी। शेष नियम/शर्तें किसी भी दिन कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है। विवरण निम्न है।

| क्र. सं. | ठेके का नाम विवरण | न्यूनतम बाजार ठेका की धनराशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | धरोहर धनराशि | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ठेका बाजार वसूली वित्तीय वर्ष 2024-25 (दिनांक 25.08.2024 से 31.03.2025 तक के लिए मान्य) | 1,99,980.00 | 200.00 | 20.000.00 | 31.03.2025 |

लिपिक नगर पंचायत समधन कन्नौज | अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत समधन कन्नौज | अध्यक्ष नगर पंचायत समधन कन्नौज

## जम्मू-कश्मीर में पहली परीक्षा

आखिरकार लंबे इंतजार के बाद केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर विधानसभा के लिये चुनावों की घोषणा कर दी गई है। वहीं हरियाणा में एक माह पूर्व चुनाव कराने की घोषणा हुई है। जे एंड के राज्य में तीन चरणों में मतदान 18 व 25 सितंबर व एक अक्तूबर को होगा। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने तीस सितंबर तक राज्य में विधानसभा चुनाव कराने के आदेश दिये थे। उल्लेखनीय है कि जे एंड के में अनुच्छेद 370 निरस्त करने के बाद इसे दो केंद्रशासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया गया था। तब से राज्य में राष्ट्रपति शासन चला आ रहा था। बहरहाल, परिसीमन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब चुनावी परिदृश्य बदल गया है। एक ओर जम्मू क्षेत्र में परिसीमन के बाद विधानसभा सीटों की संख्या 37 से बढ़कर 43 हो गई हैं, वहीं कश्मीर विधानसभा क्षेत्रों की संख्या 46 से बढ़कर 47 हो गई हैं। निश्चित तौर पर परिसीमन से बदलाव का असर राजनीतिक परिदृश्य पर पड़ेगा। लेकिन हाल के दिनों में राज्य में जैसे सिलसिलेवार तरीके से आतंकी हमले हुए हैं, वहां शांतिपूर्ण चुनाव प्रचार व मतदान कराना एक बड़ी चुनौती होगी। हाल के दिनों में आतंकवादियों ने अपनी रणनीति व सक्रियता के क्षेत्रों में बदलाव किया है। वे अब हिंदू-बहुल क्षेत्रों को निशाना बना रहे हैं जहां लंबी शांति व अन्य कारणों से सुरक्षा बलों की संख्या कम की गई थी। वहीं मुस्लिम बहुल कश्मीर में आतंकी गतिविधियां कम नजर आई हैं। ऐसी स्थिति में भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के सामने शांतिपूर्ण चुनाव प्रचार व मतदान सुनिश्चित करने की बड़ी चुनौती होगी। निश्चित रूप से भारत विरोधी ताकतें इन चुनावों में बाधा डालने का प्रयास करेंगी। मतदाता निर्भय होकर मतदान करने निकलें इसके लिये अनुकूल माहौल बनाना जरूरी होगा। एक ओर जहां जम्मू में भाजपा व कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला नजर आता है, वहीं दूसरी ओर कश्मीर में मैदान खुला होगा। जहां फारूख अब्दुल्ला की नेशनल कॉन्फ्रेंस तथा महबूबा मुफ्ती की पीडीपी के साथ ही सज्जाद लोन की जेएंडके पीपुल्स कॉन्फ्रेंस, अल्ताफबुखारी की जेएंडके अपनी पार्टी व पूर्व कांग्रेस नेता गुलाम नबी आजाद की पार्टी डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी मैदान में होगी। आशंका है कि कट्टरपंथी रुझान वाले आजाद उम्मीदवार भी मुकाबले में आ सकते हैं। वहीं दूसरी ओर दिल्ली से सटे हरियाणा में भी विधानसभा के लिये चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। यहां एक ही चरण में एक अक्तूबर को चुनाव होंगे और चार अक्तूबर को जम्मू-कश्मीर के साथ ही चुनाव परिणामों की घोषणा की जाएगी। जाहिरा तौर पर एक दशक से राज्य की सत्ता पर काबिज भाजपा को सत्ता विरोधी लहर का मुकाबला करना पड़ सकता है।

# अपनेपन का प्रतीक है रक्षाबंधन का पर्व

**रमेश सर्राफ धमोरा**



**विष्णु पुराण के एक प्रसंग में कहा गया है कि श्रावण की पूर्णिमा के दिन भगवान विष्णु ने हयग्रीव के रूप में अवतार लेकर वेदों को ब्रह्मा के लिये फिर से प्राप्त किया था। हयग्रीव को विद्या और बुद्धि का प्रतीक माना जाता है। महाभारत में ही रक्षाबन्धन से सम्बन्धित कृष्ण और द्रौपदी का एक और वृत्तान्त भी मिलता है। जब कृष्ण ने सुदर्शन चक्र से शिशुपाल का वध किया तब उनकी तर्जनी में चोट आ गई। द्रौपदी ने उस समय अपनी साड़ी फाडकर उनकी उंगली पर पट्टी बांध दी। यह श्रावण मास की पूर्णिमा का दिन था। कृष्ण ने इस उपकार का बदला बाद में चीरहरण के समय उनकी साड़ी को बढ़ाकर चुकाया। कहते हैं परस्पर एक दूसरे की रक्षा और सहयोग की भावना रक्षाबन्धन के पर्व में यहीं से प्रारम्भ हुई। महाभारत में भी इस बात का उल्लेख है कि जब युधिष्ठिर ने भगवान कृष्ण से पूछा कि मैं सभी संकटों को कैसे पार कर सकता हूं। तब भगवान कृष्ण ने उनकी तथा उनकी सेना की रक्षा के लिये राखी का त्योहार मनाने की सलाह दी थी।**

भारत में रक्षाबंधन के पवित्र पर्व को बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। इसे रिश्तों में मिठास, विश्वास और प्रेम बढ़ाने वाला पर्व माना गया है। इस दिन बहनें, भाई की कलाई पर राखी बांधती हैं और उसकी लंबी उम्र की कामना करती हैं। इस दौरान भाई भी अपनी बहन को रक्षा का वचन देता है और क्षमता के अनुसार उपहार देता है। रक्षाबन्धन का पर्व भाई-बहिन के स्नेह का प्रतीक देश का एक प्रमुख त्योहार है। रक्षाबन्धन पर्व में रक्षासूत्र यानी राखी का सबसे अधिक महत्व है। श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन मनाये जाने के कारण इसे श्रावणी पर्व भी कहते हैं। इस दिन ब्राह्मण गुरु द्वारा भी राखी बांधी जाती है।

हिन्दू धर्म के सभी धार्मिक अनुष्ठानों में रक्षासूत्र बांधते समय पण्डित संस्कृत में एक श्लोक का उच्चारण करते हैं। जिसमें रक्षाबन्धन का सम्बन्ध राजा बलि से स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर होता है। यह श्लोक रक्षाबन्धन का अभीष्ट मन्त्र है।

येन बद्धो बलि राजा दानवेन्द्रो महाबलः

तेन त्वाम प्रतिबद्धनामी रक्षे माचल माचलः

इस श्लोक का अर्थ है जिस रक्षासूत्र से महान शक्तिशाली दानवेन्द्र राजा बलि को बांधा गया था, उसी सूत्र से मैं तुझे बांधता हूं। तुम अपने संकल्प से कभी भी विचलित मत होना।

रक्षाबंधन का त्योहार कब शुरू हुआ यह कोई नहीं जानता। लेकिन भविष्य पुराण में इस पर्व का वर्णन मिलता है। जब देवताओं और दानवों में युद्ध शुरू हुआ। तब देवताओं पर दानव हावी होने लगे। देवराज इन्द्र ने घबरा कर देवताओं के गुरू बृहस्पति से मदद की गुहार की। वहां बैठी इन्द्र की पत्नी इन्द्राणी सब सुन रही थी। उन्होंने रेशम का धागा मन्त्रों की शक्ति से पवित्र करके अपने पति के हाथ पर बांध दिया। संयोग से वह श्रावण पूर्णिमा का दिन था। लोगों का विश्वास है कि इन्द्र इस लड़ाई में इसी धागे की मन्त्र शक्ति से ही विजयी हुए थे। उसी दिन से श्रावण पूर्णिमा के दिन यह धागा बांधने की प्रथा चली आ रही है। यह धागा धन, शक्ति, हर्ष और विजय देने में पूरी तरह समर्थ माना जाता है।

विष्णु पुराण के एक प्रसंग में कहा गया है कि श्रावण की पूर्णिमा के दिन भगवान विष्णु ने हयग्रीव के रूप में अवतार लेकर वेदों को ब्रह्मा के लिये फिर से प्राप्त किया था। हयग्रीव को विद्या और बुद्धि का प्रतीक माना जाता है। महाभारत में ही रक्षाबन्धन से सम्बन्धित कृष्ण और द्रौपदी का एक और वृत्तान्त भी मिलता है। जब कृष्ण ने सुदर्शन चक्र से शिशुपाल का वध किया तब उनकी तर्जनी में चोट आ गई। द्रौपदी ने उस समय अपनी साड़ी फाडकर उनकी उंगली पर पट्टी बांध दी। यह श्रावण मास की पूर्णिमा का दिन था। कृष्ण ने इस उपकार का बदला बाद में चीरहरण के समय उनकी साड़ी को बढ़ाकर चुकाया। कहते हैं परस्पर एक दूसरे की रक्षा और सहयोग की भावना रक्षाबन्धन के पर्व में यहीं से प्रारम्भ हुई। महाभारत में भी इस बात का उल्लेख है कि जब युधिष्ठिर ने भगवान कृष्ण से पूछा कि मैं सभी संकटों को कैसे पार कर सकता हूं। तब भगवान कृष्ण ने उनकी तथा उनकी सेना की रक्षा के लिये राखी का त्योहार मनाने की सलाह दी थी। उनका कहना था कि राखी के इस रेशमी धागे में वह शक्ति है जिससे आप हर विपत्ति से मुक्ति पा सकते हैं। इस समय द्रौपदी द्वारा कृष्ण को तथा कुन्ती द्वारा अभिमन्यु को राखी बांधने के कई उल्लेख मिलते हैं। स्कन्ध पुराण, पद्मपुराण और श्रीमद्भागवत में वामनावतार नामक कथा में रक्षाबन्धन का प्रसंग मिलता है। दानवेन्द्र राजा बलि ने जब 100 यज्ञ पूर्ण कर स्वर्ग का राज्य छीनने का प्रयत्न किया तो इन्द्र आदि देवताओं ने भगवान विष्णु से प्रार्थना की। तब भगवान विष्णु वामन अवतार लेकर ब्राह्मण का वेष धारण कर राजा बलि से भिक्षा मांगने पहुंचे। गुरु के मना करने पर भी राजा बलि ने तीन पग भूमि दान कर दी। भगवान ने तीन पग में सारा आकाश, पाताल और धरती नापकर राजा बलि को पाताल लोक में भेज दिया। कहते कि पाताल लोक में राजा बलि ने भक्ति के बल पर भगवान विष्णु से रात-दिन अपने सामने रहने का वचन ले लिया। भगवान के घर न लौटने से परेशान लक्ष्मी जी को नारद जी ने एक उपाय बताया। उस उपाय का पालन करते हुए लक्ष्मी जी ने राजा बलि के पास जाकर उसे रक्षासूत्र बांधकर अपना भाई बनाया और अपने पति भगवान विष्णु को अपने साथ ले आयीं। उस दिन श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि थी।

महाराष्ट्र राज्य में यह त्योहार नारियल पूर्णिमा या श्रावणी के नाम से विख्यात है। इस दिन लोग नदी या समुद्र के तट पर जाकर अपने जनेऊ बदलते हैं और समुद्र की पूजा करते हैं। इस अवसर पर समुद्र के स्वामी वरुण देवता को प्रसन्न करने के लिये नारियल अर्पित करने की परम्परा भी है। राजस्थान में रामराखी और चूड़ाराखी या लूंबा बांधने का रिवाज है। रामराखी सामान्य राखी से भिन्न होती है। इसमें लाल डोरे पर एक पीले छींटों वाला फुंदना लगा होता है। यह केवल भगवान को ही बाँधी जाती है। चूड़ा राखी भाभियों की चूड़ियों में बांधी जाती है। राजपूत योद्धा जब शत्रु से युद्ध करने जाते थे तब महिलाएं उनको माथे पर कुमकुम का तिलक लगाने के साथ हाथ में रेशमी धागा भी बांधती थी। इस विश्वास के साथ कि यह धागा उन्हे विजयश्री के साथ वापस ले आयेगा।उत्तरांचल में इसे श्रावणी कहते हैं। ब्राह्मण अपने यजमानों को यज्ञोपवीत तथा राखी देकर दक्षिणा लेते हैं। अमरनाथ की अतिविख्यात धार्मिक यात्रा गुरु पूर्णिमा से प्रारम्भ होकर रक्षाबन्धन के दिन सम्पूर्ण होती है। कहते हैं इसी दिन यहां का हिमानी शिवलिंग भी अपने पूर्ण आकार को प्राप्त होता है। इस उपलक्ष्य में इस दिन अमरनाथ गुफा में प्रत्येक वर्ष मेले का आयोजन भी होता है। नेपाल के पहाडी इलाकों में ब्राह्मण एवं क्षत्रीय समुदाय में रक्षा बन्धन गुरू के हाथ से बांधा जाता है। लेकिन दक्षिण सीमा में रहने वाले भारतीय मूल के नेपाली भारतीयों की तरह बहन से राखी बंधवाते हैं। नोबेल पुरस्कार विजेता कवि रवींद्रनाथ टैगोर ने 1905 में बंगाल विभाजन का विरोध करने के लिए इस त्योहार को मनाने को प्रोत्साहित किया था। वह इस त्योहार के माध्यम से विभिन्न समुदायों के बीच एक मजबूत संबंध बनाना चाहते थे। उन्होंने हिंदुओं और मुसलमानों को एक-दूसरे के हाथों पर राखी बांधने के लिए प्रोत्साहित किया, जो भाईचारे और अपने समुदाय के लिए प्यार का प्रतीक है। इस त्योहार का जश्न ब्रिटिश शासकों और बंगाल के विभाजन और हिंदुओं और मुसलमानों के बीच मतभेदों के खिलाफ एक शक्तिशाली प्रयास था। रक्षाबन्धन पर्व सामाजिक और पारिवारिक एकबद्धता का सांस्कृतिक उपाय रहा है।

## विचार

# जम्मू-कश्मीर लिखेगा एक और इतिहास

**प्रदीप मिश्र**



**दो पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला बारामुला और महबूबा मुफ्ती अनंतनाग-राजोरी सीट पर हार गए। इंडिया गठबंधन में आम राय नहीं बन पाई। उमर की पराजय अप्रत्याशित रही। महबूबा की शिकस्त का कारण भी नेशनल कांफ्रेंस रही। हालांकि पांच में से दो संसदीय सीटों पर लड़ी कांग्रेस सबसे अधिक 29.38 प्रतिशत वोट पाने के बावजूद शून्य पर रही। दो सीटों पर चुनाव मैदान में उतरी भाजपा ने 24.26 फीसदी वोट के साथ दो सीटें जीत लीं। नेशनल कांफ्रेंस ने भी दो सीटें हासिल कीं पर 22.30 प्रतिशत वोट लेकर वह तीसरे स्थान पर खिसक गई।**

आजादी और विभाजन के बाद ऐतिहासिक विवाद और विचार-विमर्श का केंद्र रहे जम्मू-कश्मीर फिर नई इबारत लिखने जा रहा है। पांच अगस्त 2019 को स्वायत्तशासी राज्य से केंद्र शासित प्रदेश बनाए गए जम्मू-कश्मीर का भूगोल लद्दाख के अलग होने के कारण पहले ही बदल चुका है। अरसे बाद तीन चरणों में विधानसभा चुनाव तय हो गया है। 2014 के बाद होने जा रहा नए जम्मू-कश्मीर का यह विधानसभा चुनाव इतिहास का हिस्सा होगा। इस साल जून से आतंकवादियों के आए दिन हमलों और सुरक्षाकर्मियों की शहादत के बीच सुप्रीम कोर्ट के प्रति सम्मान जताने के चुनाव आयोग के फैसले से अवाम को स्थानीय स्तर पर नुमाइंदे मिल जाएंगे। इससे उनकी अपने जनप्रतिनिधि चुनने के बाद उनकी समस्याओं पर सुनवाई और समाधान नजदीक ही नहीं, तेजी से भी होने की उम्मीद बढ़ गई है। 87.09 लाख मतदाताओं वाले केंद्र शासित प्रदेश में सभी दलों के लिए पूर्ण राज्य का मुद्दा सबसे अहम है। अनुच्छेद 370 के खात्मे के समय गृह मंत्री अमित शाह ने आश्वासन दिया था कि विधानसभा चुनाव के बाद उचित समय पर राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा। जमीन और नौकरी का अधिकार, बेरोजगारी, महंगाई, अलगाववाद और सुरक्षा के हालात भी चुनाव पर अपनी छाप जरूर छोड़ेंगे। भाजपा जम्मू-कश्मीर में अब्दुल्ला और मुफ्ती के परिवारवाद पर 2014 के लोकसभा चुनाव से ही प्रखरता से प्रहार करती रही है। 2019 में अनुच्छेद 370 खत्म करने के बाद इसे बड़ा मुद्दा बना दिया। 2024 के लोकसभा चुनाव में अवाम के बदले मिजाज का असर दिखा। यही वजह रही कि दो पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला बारामुला और महबूबा मुफ्ती अनंतनाग-राजोरी सीट पर हार गए। इंडिया गठबंधन में आम राय नहीं बन पाई। उमर की पराजय अप्रत्याशित रही। महबूबा की शिकस्त का कारण भी नेशनल कांफ्रेंस रही। हालांकि पांच में से दो संसदीय सीटों पर लड़ी कांग्रेस सबसे अधिक 29.38 प्रतिशत वोट पाने के बावजूद शून्य पर रही। दो सीटों पर चुनाव मैदान में उतरी भाजपा ने 24.26 फीसदी वोट के साथ दो सीटें जीत लीं। नेशनल कांफ्रेंस ने भी दो सीटें हासिल कीं पर 22.30 प्रतिशत वोट लेकर वह तीसरे स्थान पर खिसक गई। लोकसभा चुनाव के आंकड़ों में साफ है कि नेशनल कांफ्रेंस 34 विधानसभा क्षेत्रों में आगे रही। भाजपा ने 28, कांग्रेस सात और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी 5 सीटों पर बढ़त बनाई। बारामुला संसदीय सीट पर निर्दलीय जीते इंजीनियर रशीद 14 विधानसभा क्षेत्रों में अव्वल रहे। भाजपा की सहयोगी जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी और पीपुल्स कांफ्रेंस एक-एक क्षेत्र में आगे रही।

2014 के विधानसभा चुनाव में 25 साल बाद 66.4 फीसदी मतदान हुआ था। उस समय लद्दाख की चार सीटों को मिलाकर 87 सीटें थीं। भाजपा ने इनमें से 25 सीटें जीती थीं, जबकि उसे 23.2 फीसदी वोट मिले थे। पीडीपी की सीटें सबसे अधिक 28 थीं लेकिन वोट प्रतिशात 22.9 रहा। नेशनल कांफ्रेंस को 15 सीटें और 20.8 फीसदी मत मिले। कांग्रेस ने 18.2 प्रतिशत वोट हासिल कर 12 सीटें पाईं थीं। त्रिशंकु विधानसभा के कारण अरसे तक राज्यपाल शासन के बाद मुफ्ती मोहम्मद सईद के नेतृत्व में सरकार बनी थी। अब स्थितियां बदली हुई हैं। नए दौर में नतीजे नए गठबंधन के नेताओं और नीतियों पर निर्भर करेंगे। वैसे, 2024 में जम्मू-कश्मीर को जन्नत-ए-जम्हूरियत के तौर पर दर्ज कराने के लिए भाजपा कोई कसर नहीं छोड़ेगी। भाजपा को भरोसा है कि बरसों बाद पहली बार विधानसभा चुनाव में मतदान का हक पाने वाले मतदाता और बेहतरी के लिए उसे चुनने में गर्व महसूस करेंगे। अनुच्छेद 370 हटाए जाने से पहले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में मतदाता सूची का आधार अलग-अलग होने के कारण मतदाताओं की संख्या में ही नहीं, मंशा में भी भारी अंतर होता था। अब नए माहौल में यहां नई इबारत के साथ-साथ नया इतिहास लिखा जाना तय है। पाकिस्तान समेत दुनिया के लिए चुनाव पूरा होने तक जम्मू-कश्मीर कौतूहल का विषय बना रहेगा। चुनावी लिहाज से परिसीमन के बाद से जम्मू और कश्मीर में सीटों का संतुलन बन गया है। कुल 90 विधानसभा सीटों में जम्मू क्षेत्र 37 से बढ़ कर 43 हो गई हैं, जबकि कश्मीर में यह आंकड़ा 46 से केवल 47 तक पहुंचा है। यही नहीं, परिसीमन के बाद नौ सीटें अनुसूचित जनजाति और सात सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित की गई हैं। भाजपा का जोर इन सीटों के जीतने पर है।

गुज्जर बक्करवाल समुदाय के साथ ही पहाड़ी समुदाय को आरक्षण देकर भाजपा ने पहले से ही तैयारी कर ली है। यह भी स्पष्ट है कि पहली बार भाजपा की सरकार बनने पर सत्ता की कमान डोगरा बिरादरी के हाथ में होगी। मुख्यमंत्री पद के लिए उसने चेहरा तय है। अब तक गुलाम नवी आजाद के अलावा सभी मुख्यमंत्री कश्मीर घाटी के ही रहे हैं। महबूबा मुफ्ती के साथ एक बार सरकार में शामिल रह चुकी भाजपा को सरकार बनाने के लिए कम से कम 46 सीटों पर जीत हासिल करनी होगी।

# अडानी के खिलाफअभियान को हमला बताकर भाजपा ने किया खुद को बेनकाब

**के. रवींद्रन**

यह कहकर कि अडानी समूह के खिलाफकथित हिंडनबर्ग हमला भारत के खिलाफहमला है, केन्द्र में सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा ने अनजाने में ही सही, मोदी सरकार पर समूह के प्रभाव को प्रकारान्तर से स्वीकार कर ही लिया। यह दावा न केवल अडानी के प्रभाव को रेखांकित करता है, बल्कि राहुल गांधी की लगातार आलोचना को भी सही साबित करता है कि मोदी प्रशासन आम भारतीयों के कल्याण से ज्यादा अडानी और अंबानी जैसे कॉरपोरेट दिग्गजों के हितों को प्राथमिकता देता है। भाजपा ने आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताकर रिपोर्ट के निहितार्थों को कमतर आंकने की कोशिश की है। यह कथन पार्टी के उस सामान्य दृष्टिकोण के अनुरूप है जिसमें आलोचनात्मक रिपोर्टों और आरोपों को सरकार की वैधता को कमजोर करने के प्रयासों के रूप में खारिज किया जाता है। यह सुझाव देकर कि रिपोर्ट का समय और विषय-वस्तु विपक्षी दलों के लिए चुनावी या राजनीतिक अवसरों के साथ मेल खाने के लिए डिजाइन की गयी है, भाजपा जांच को भटकाना और अपनी राजनीतिक गति बनाये रखना चाहती है भाजपा ने अडानी समूह का बचाव करने और समूह के हितों को अपने हितों से जोड़ने के जोखिम को भी नजरअंदाज कर दिया है, क्योंकि यह मोदी सरकार द्वारा अडानी कंपनियों को बचाने के लिए किये गये प्रयासों की स्वीकृति है। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने अपने विशिष्ट अहंकारी अंदाज में यह दावा करके हिंडनबर्ग रिपोर्ट को बदनाम करने की कोशिश की है कि संगठन का मुख्य निवेशक हंगरी-अमेरिकी व्यवसायी, निवेशक और परोपकारी जॉर्ज सोरोस हैं, जिन्हें प्रधानमंत्री मोदी का आलोचक माना जाता है। भाजपा राहुल गांधी पर सोरोस के साथ संदिग्ध संबंधों का आरोप लगा रही है, जिन्होंने 90 के दशक में ब्रिटिश पाउंड के खिलाफ दांव लगाया था, जिससे मुद्रा की कमर टूट गयी थी। प्रसाद ने अडानी समूह और सेबी प्रमुख के खिलाफ रिपोर्ट के निष्कर्षों की आलोचना करते हुए इसे शेयर बाजार में हेरफेर करके भारत को अस्थिर करने का प्रयास बताया। कांग्रेस हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच के खिलाफलगाये गये आरोपों की संयुक्त संसदीय समिति से जांच कराने और उनके तत्काल इस्तीफे की मांग कर रही है। पार्टी ने माधबी पुरी बुच को बर्खास्त करने की मांग करते हुए देशव्यापी आंदोलन की योजना बनाकर विवाद पर अपनी प्रतिक्रिया को तेज कर दिया है। इस कदम को जनता की भावनाओं को भड़काने और मोदी सरकार पर दबाव बनाने के रणनीतिक प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। आंदोलन का उद्देश्य कांग्रेस द्वारा नियामक कब्जे और कॉर्पोरेट हितों की रक्षा में सरकार की मिलीभगत के व्यापक मुद्दे को उजागर करना है। सेबी के नेतृत्व और इसकी विफलताओं पर टकराव मोदी सरकार और अडानी जैसी कॉर्पोरेट संस्थाओं के बीच संदिग्ध संबंधों का प्रतीक है। राहुल गांधी लंबे समय से तर्क देते रहे हैं कि मोदी सरकार कॉर्पोरेट सत्ता के साथ बहुत अधिक घनिष्ठ है, जो औसत भारतीय के लिए नुकसानदेह है। उनके अनुसार, सरकार की नीतियां और प्राथमिकताएं व्यापक जनता की जरूरतों और आकांक्षाओं को संबोधित करने के बजाय शीर्ष पर कुछ चुनिंदा लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए उनकी ओर झुकी हैं।

उनका बार-बार दोहराया जाने वाला आरोप कि एक प्रतिशत भारतीय देश की 40 प्रतिशत संपत्ति संभालते हैं, उनकी सार्वजनिक बैठकों का एक मुहावरा बन गया है। हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट, जिसने सबसे पहले अडानी समूह को गहन जांच के दायरे में लाया, ने भारत में कॉर्पोरेट प्रशासन और नियामक निगरानी के बारे में चर्चाओं को फिर से हवा दे दी है। हिंडनबर्ग ने सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच को भारत और विदेश दोनों में अपने निवेश के विवरण का खुलासा करने की चुनौती दी है। यह चुनौती पारदर्शिता और भारत के नियामक संस्थानों के भीतर संभावित हितों के टकराव के बारे में व्यापक चिंताओं को रेखांकित करती है। रिपोर्ट में अडानी समूह की वित्तीय प्रथाओं की निगरानी में सेबी की भूमिका की ईमानदारी पर सवाल उठाया गया है।

## राशिफल



**मेषः**- निराशावादी विचारों को त्याग आशावादी बनें। नाजुक संबंधों के बीच भावनात्मक कष्टों को भूल वर्तमान को बेहतर बनायें। परिवार में खुशहाल माहौल रहेगा।

**बृषभः**- मन प्रसन्न व उत्साहित रहेगा। प्रियजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्य सार्थक होने का योग है। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में परिश्रम तीव्र होगा।

**मिथुनः**- आर्थिक क्षेत्र में आप कुछ नई योजनाओं को सार्थक करेंगे। कोई व्यक्तिगत संबंध परिवार में विवाद का कारण बन सकता है। प्रणय संबंधों को लेकर मन में चिंता होगी।

**कर्कः**- पूर्वाग्रहवश मन में किसी प्रकार की शंका न पालें। गलतियों को स्वीकारते हुए सगे-संबंधों में क्षमायाचक बने और शांत भाव से अच्छे कायरे द्वारा उसकी प्राश्चित भी करें।

**सिंहः**- मधुरवाणी से संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। जीविका क्षेत्र में लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पारिवारिक दायित्वों की समय से पूर्ति हेतु प्रयत्नशील होंगे। जीवन साथी के स्वास्य का ध्यान रखें।

**कन्याः**- मन ढ़ेर सारे पूर्वाग्रहों से प्रभावित होगा। पुरानी बातों को भूलकर वर्तमान के साथ समझौता करें। मन पर नियंतण्ररख कर्त्तव्यनिष्ठ बने। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद संभव।

**तुलाः**- आज सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**वृश्चिकः**- आज परिजनों के सुख-दुख से प्रभावित मन परिवार को एकजुट रखने में केंद्रित होगा।

**धनुः**- पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। परिवार को सुव्यवस्थित चलाने में आपका विशेष योगदान होगा। किसी संबंध को लेकर पूरे परिवार के विरोध का सामना करना पड़ेगा।

**मकरः**- मन सुंदर विचारो से सिंचित होगा। धार्मिक व पारंपरिक कायरें की ओर मन केंद्रित होगा। नये कायरें में संलग्नता से लाभ संभव। आलस्य का त्याग करें।

**कुंभः**- अपने सुख-दुख को छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। नयी आकांक्षाएं मन को उद्वेलित करेंगी। पुराने संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**मीनः**- किसी अचल सम्पति को लेने की योजना बन सकती है। कार्यक्षेत्र के किसी सहकर्मी से मतभेद संभव। धनागम की नयी युक्तियों पर मन केंद्रित होगा। जीवन साथी का भावनात्मक स्नेह प्राप्त होगा।

# बांग्लादेश के हिंदू आखिरकार कहां शरण लें?

**हृदयनारायण दीक्षित**

**बांग्लादेश की सीमाओं पर प्राण रक्षा के लिए व्यथित हिंदू अल्पसंख्यक हैं। वे इसीलिए मारे जा रहे हैं कि बांग्लादेश में हिंदुओं की संख्या कम है। सेकुलर दल हिंदू संहार पर मौन रहते हैं। बांग्लादेश से भारत के लिए अवैध प्रवेश होता रहा है। भारतीय संसद में अनेक बार बांग्लादेशी घुसपैठ स्वीकार की गई है। भारत के अधिकांश राजनैतिक दल हिंदू नाम के प्रयोग से डरते हैं। फिलिस्तीन को लेकर देश के सेकुलरपंथी दुख व्यक्त करते हैं। लेकिन हिंदू प्रजाति के खात्में को लेकर मौन हैं। वाम दल भी हिंदू नरसंहार पर मौन हैं। समूची हिंदू जाति पर संकट है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार नागरिकता संशोधन कानून लायी थी। कट्टरपंथियों ने इसका विरोध किया था। वे हिंसक हो गए थे। बांग्लादेश के हिंदू आखिरकार कहां शरण लें? क्या करें? पाकिस्तानी गैर मुसलमान और हिंदू भी उत्पीड़न के शिकार हैं। पाकिस्तान में भी हिंदू हिंसा का शिकार होते हैं। ईशनिंदा कानून में बड़ी सजा है। पाकिस्तानी सरकार हिंदुओं के विरुद्ध इसका इस्तेमाल करती है।**

बांग्लादेश में हिंदू चुन-चुन कर मारे जा रहे हैं। कत्लेआम जारी है। हिंदू महिलाओं के साथ बर्बरता के वीभत्स तरीके अपनाए जा रहे हैं। महिलाओं पर अत्याचार के चित्र कठोर से कठोर व्यक्ति को विचलित करने वाले हैं। बांग्लादेशी हिंदुओं का कोई भी काम न तो सेना के खिलाफ है और न ही सेना की कठपुतली कथित सरकार के खिलाफ।अंतरराष्ट्रीय जिज्ञासा है कि इस रक्तपात की वजह क्या है? बांग्लादेश और पाकिस्तान में हिंदू आबादी का प्रतिशत पहले ही घट रहा है। हिंदू आबादी का प्रतिशत घटने के कारण क्या हैं? दोनों देशों में हिंदू आबादी की संख्या अत्याचार, उत्पीड़न और हिंसा से घटी है। जोर जबरदस्ती का मतांतरण भी प्रमुख कारण है। मिशनरी लोगों से सम्बंधित साधारण घटनाएं भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बनती हैं। धर्मांतरण करने वाली शक्तियां अपना गैरकानूनी काम करती रहती हैं। उनके गलत काम का विरोध भी सारी दुनिया में चर्चा का विषय बनता है। मगर हिंदूओं की सुनियोजित हत्या पर भी कोई हलचल नहीं होती। हिंदू थोक के भाव मारे जाते हैं, मारे जा रहे हैं। आखिरकार थोक के भाव हिंदुओं की हत्या अंतरराष्ट्रीय बिरादरी के लिए कोई बड़ी घटना क्यों नहीं है। हिंदुओं की हत्या का मूल कारण है क्या? आहत मन कुछ मौलिक प्रश्न उठते हैं। क्या हिंदू होना एक अभिशाप है? हिंदू सारी दुनिया का लोकमंगल चाहते हैं। हिंदुओं ने कभी किसी दूसरे देश पर हमला नहीं किया। केवल हिंदू होने के कारण ही वे मौत के घाट उतार दिए जाते हैं। अबोध बच्चियों के साथ भी बलात्कार हो रहे हैं।

बांग्लादेश की सेना नियंत्रित सरकार हिंदुओं की रक्षा में असफल हुई है। हिन्दू उत्पीड़न के सरोकार बड़े हैं। भारत विभाजन के पूर्व मुस्लिम लीग ने पाकिस्तान की मांग की थी। इस मांग को लेकर भी हिंदुओं का भयंकर रक्तपात हुआ था। 'डायरेक्ट एक्शन डे' के नाम से व्यापक नरसंहार हुआ था। अविभाजित भारत की अंतिम जनगणना 1941 में हुई थी। तब हिंदू 84.44 प्रतिशत और मुस्लिम 13.38 प्रतिशत थे। मुसलमानों के इस प्रतिशत में आज के पाकिस्तानी और बांग्लादेशी मुसलमान भी शामिल थे। 1947 में भारत विभाजन हुआ। स्वतंत्र भारत की प्रथम जनगणना (1951) में पाकिस्तानी और बांग्लादेशी मुस्लिम जनसंख्या नहीं रही। इसलिए हिंदू आबादी का अनुपात 87.24 प्रतिशत हो गया। यहां की मुस्लिम आबादी 10.43 प्रतिशत रह गई। 50 वर्ष बाद 2001 में भारत में जनगणना हुई। हिंदू आबादी घटी और 84.21 प्रतिशत रह गई। मुस्लिम आबादी का अनुपात अविभाजित भारत के 13.38 प्रतिशत से भी ज्यादा हो गया। जनसंख्या के इसी अनुपात पर मुस्लिम लीग ने पाकिस्तान मांगा था। पाया था। अब एक और पाकिस्तान की जनसंख्या हो गई है। हिंदू इस सवाल को उठाते हैं तो उन्हें सांप्रदायिक कहा जाता है। हिंदू आबादी ही सर्वपंथ समभाव और लोकतंत्र की गारंटी है।

बांग्लादेश की सीमाओं पर प्राण रक्षा के लिए व्यथित हिंदू अल्पसंख्यक हैं। वे इसीलिए मारे जा रहे हैं कि बांग्लादेश में हिंदुओं की संख्या कम है। सेकुलर दल हिंदू संहार पर मौन रहते हैं। बांग्लादेश से भारत के लिए अवैध प्रवेश होता रहा है। भारतीय संसद में अनेक बार बांग्लादेशी घुसपैठ स्वीकार की गई है। भारत के अधिकांश राजनैतिक दल हिंदू नाम के प्रयोग से डरते हैं। फिलिस्तीन को लेकर देश के सेकुलरपंथी दुख व्यक्त करते हैं। लेकिन हिंदू प्रजाति के खात्मे को लेकर मौन हैं। वाम दल भी हिंदू नरसंहार पर मौन हैं। समूची हिंदू जाति पर संकट है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार नागरिकता संशोधन कानून लायी थी। कट्टरपंथियों ने इसका विरोध किया था। वे हिंसक हो गए थे। बांग्लादेश के हिंदू आखिरकार कहां शरण लें? क्या करें? पाकिस्तानी गैर मुसलमान और हिंदू भी उत्पीड़न के शिकार हैं। पाकिस्तान में भी हिंदू हिंसा का शिकार होते हैं। ईशनिंदा कानून में बड़ी सजा है। पाकिस्तानी सरकार हिंदुओं के विरुद्ध इसका इस्तेमाल करती है। संयुक्त राष्ट्र का मानवाधिकार चार्टर भी बांग्लादेश के हिंदुओं की रक्षा नहीं कर पा रहा है। जाति, वंश, लिंग आधारित भेदभाव को निषिद्ध बताने वाले सेक्युलर हिंदू नरसंहार पर चुप हैं। प्रख्यात इतिहासकार डॉ. हर्ष नारायण ने लिखा है कि, ''वास्तव में इस्लाम कहीं भी काफिरों के साथ सहअस्तित्व को न प्रोत्साहन देता है और न अनुमति। वह इसकी संभावना पर भी विचार नहीं करता।

हिंदू अपने चिंतन दर्शन में समूची धरती को परिवार मानते हैं लेकिन इस्लामी राजनीतिक चिंतन में इसकी कोई गुंजाइश नहीं। 'संस्कृति के चार अध्याय' (पृष्ठ 302) में रामधारी सिंह 'दिनकर' ने लिखा है कि, ''भारत में इस्लाम का आरंभिक इतिहास मारकाट और खुरेंजी, धर्म परिवर्तन, अभद्रता और अन्याय का इतिहास है। मुसलमान एक आदर्श मजहब और एक सुगठित समाज में जिस प्रकार आबद्ध थे, उससे उन्हें अपार नैतिक बल प्राप्त होता था। इसके विपरीत हिंदुत्व ढीला हो चुका था।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***

(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# संपूर्ण समाधान दिवस में पांच शिकायतों का हुआ निस्तारण

**अधिकारी आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निपटान में लापरवाही न बरतें: मंडलायुक्त**

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन मंडलायुक्त चित्रकूट धाम बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता एवं जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। इसमें पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता, सीडीओ चित्रसेन सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम प्रकाश, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम द्वारा लोगों की समस्याओं को सुना गया।इस मौके पर तहसील महोबा से कुल 122 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 5 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इसी प्रकार तहसील कुलपहाड़ में उपजिलाधिकारी अनुराग प्रसाद की अध्यक्षता में 42 में से 04 तथा तहसील चरखारी में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहम्मद मोईनुल इस्लाम की अध्यक्षता में 22 में से 2 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया। शिकायतों का अनुश्रवण करते हुए मंडलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायत कर्ता से जरूर बात की जाए।शिकायत निस्तारण से यदि शिकायत कर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जायेगा। यह भी कहा कि अधिकारी गण आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निपटान में लापरवाही न बरतें, इन शिकायतों के बारे में मुख्यमंत्री कार्यालय से फीडबैक लिया जाता है। अतः शासन की मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से सुना जाए। कागज पर ही नही बल्कि धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए ताकि फरियादियों को इधर-उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े।

उन्होंने कहा शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जॉच की जायेगी। यदि निस्तारण में फर्जी वाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों/ कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी यदि कोई बड़ी समस्या है तो अपने उपजिलाधिकारी को अवगत कराएं।

# हार-जीत की बाजी लगा रहे तीन गिरफ्तार

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



एसपी अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जनपद महोबा में श्रावण मास व आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अवैध रुप से संचालित जुंआ व सट्टा की प्रभावी रोकथाम हेतु ऐसे अपराधों में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बीते रोज सत्यम, अपर पुलिस अधीक्षक व हर्षिता गंगवार, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ के निकट पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी महोबकंठ राधेश्याम वर्मा के द्वारा गठित की गई उप निरीक्षक देवीशंकर मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर खास की सूचना पर ताश के पत्ते से हारजीत की बाजी लगा कर सार्वजनिक स्थान पर रुपये से जुआ खेल रहे 3 अभियुक्तगण क्रमशः 1. महेश पुत्र ग्यासी अहिरवार उम्र 35 वर्ष, 2. जाहर पुत्र कूरे अहिरवार उम्र 32 वर्ष, 3. चन्द्रपाल पुत्र बट्टीलाल उम्र 30 वर्ष निवासीगण ग्राम काशीपुरा थाना महोबकंठ जनपद महोबा को ग्राम काशीपुर के पास से पुलिस हिरासत में लिया गया।

जिनकी जामा तलाशी 520 रुपये, मालफड़ 250 रुपये व 52 अदद ताश के पत्ते बरामद हुए तथा मौके से एक अभियुक्त नाम पता अज्ञात भागने में सफल रहा । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय में मु.अ.सं.157/2024 धारा 13 जुआ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

# लंबी बीमारी के बाद चिकित्साधिकारी का निधन

**हमीरपुर।** सीएचसी सरीला के चिकित्साधिकारी डा. अजय कुमार चौरसिया का आज लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। सरीला सीएचसी व सीएमओ दफ्तर में एक शोक सभा आयोजित की गयी। जानकारी के मुताबिक सरीला सीएचसी के चिकित्साधिकारी डॉ अजय कुमार चौरसिया को गंभीर बीमारी से ग्रसित थे उनका इलाज ग्वालियर में चल रहा था।

आज उनका निधन हो गया। जानकारी होने पर स्टाफ के सभी कर्मचारी शोक में डूब गये,शोक सभा आयोजित कर दिबंगत आत्मा की शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना की गयी। इस मौके पर सभी चिकित्साधिकारी मौजूद रहे।

# न्याय के लिए दर-दर भटक रहा पूर्व सैनिक का बेटा

**पुलिस प्रशासन के अधिकारियों की उदासीनता के चलते अनशन पर बैठा पीड़ित**

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस व प्रशासन की मशीनरी के महीनों चक्कर लगाने के बाबजूद समस्या का समाधान न होने से आहत पूर्व सैनिक के बेटे ने सदर तहसील में अनशन शुरू कर दिया है। ज़िला मुख्यालय के फतेहपुर बजरिया मुहल्ले के निवासी तौक़ीर खान ने जिलास्तरीय समाधान दिवस में दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि महोबा रेलवे स्टेशन परिसर स्थित नगर पालिका की एक दुकान उसकी मां के नाम पर दर्ज है। आरोप है कि एक रिश्तेदार ने उक्त दुकान में दबंगई के बल पर कब्जा कर लिया है। आरोप है कि मां के निधन के बाद ज़ब दुकान खाली करने के लिए बोला तो दबंग ने धमकाते हुए भगा दिया। जबकि जिलाधिकारी को दी गई शिकायत के आधार पर हुई जांच में दुकान पर अवैध कब्जे का मामला खुलकर सामने आ गया। दुकान खाली कराने के निर्देश भी जिलाधिकारी द्वारा जारी कर दिए गए। उक्त अवैध कब्जा को खाली कराने के लिए उपजिलाधिकारी द्वारा मजिस्ट्रेट सहित नगर पालिका व पुलिस को नियुक्त कर दिया गया। लेकिन दुकान पर हुए अवैध कब्जा को हटाने में पुलिस व प्रशासनिक दिलचस्पी न होने से पीड़ित महीनों से न्याय की आस में भटक रहा है।

बीते शनिवार को जिलास्तरीय तहसील समाधान दिवस में शिकायती पत्र देने के बाद भी न्याय न मिलता देख पीड़ित तौक़ीर खान ने सदर तहसील परिसर में ही धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।

# राज्यमंत्री ने पतारा गांव जाकर पीड़ित परिवार को दी सांत्वना

**कुरारा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के पतारा गांव निवासी छोटे लाल प्रजापति की दिन दहाड़े हत्या के मामले में मृतक के परिजनों से उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने पीड़ित परिवार से मिलकर से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की तथा हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। बीती सोमवार को पतारा गांव निवासी छोटे लाल प्रजापति की हत्या लाठी डंडे से पीटकर की गई थी। जिसमे राजनेतिक दलों के नेता मृतक के घर जा रहे हैं। आज उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री धर्मवीर प्रजापति पीड़ित परिवार से मिले। परिजनो को सांत्वना देते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरी सरकार आपके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री योगी जी ने आपसे मिलने के लिए भेजा है। मैं सारी जानकारी मुख्यमंत्री जी को उपलब्ध करवा कर शासन स्तर से हर संभव मदद करने का प्रयास करूंगा। तथा उन्होंने कहा कि किसी के बहकावे मे आकर समाज का माहौल खराब न करे। दोषी व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। जो भी लोग दोषी होंगे वह बक्से नही जायेंगे।पुलिस जांच कर रही है। तीनों नामजद आरोपी जेल भेज दिए गए हैं। शासन स्तर पर पीड़ित परिवार की मदद की जाएगी। इस अवसर पर मंत्री जी के साथ जिला अध्यक्ष सुनील पाठक, विधायक डा मनोज प्रजापति जिलाधिकारी राहुल पांडे, पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा, सी ओ सदर राजेश कमल अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम वर्मा एसडीएम सदर पवन प्रकाश पाठक अपर जिलाधिकारी आदि मौजूद रहे।

# मेला स्थल के अंदर न हो वाहनों का प्रवेश: एसपी

**सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में सम्बन्धित को दिए गये निर्देश**

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



मंडलायुक्त चित्रकूटधाम बालकृष्ण त्रिपाठी एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूट धाम बांदा अजय कुमार सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता की उपस्थिति में आगामी ऐतिहासिक कजली मेला महोत्सव के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस व राजस्व अधिकारियों के साथ मेला स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

व्यापक पुलिस प्रबन्ध करते हुये यातायात सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में सम्बन्धित की दिये गये आवश्यक निर्देश पुलिस अधीक्षक महोबा ने मेला प्रबंधन समिति से समुचित सुरक्षा व्यवस्था को लेकर वार्ता की गयी। तैयारियों की समीक्षा के साथ ही निर्देश दिया कि दो दुकानों के बीच के मार्गों को चौड़ा रखा जाए जिससे लोगों को दूर-दूर चलने में परेशानी ना हो और ट्रैफिक जाम की स्थिति भी ना हो। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मेला स्थल के अंदर वाहनों का प्रवेश बिल्कुल वर्जित रखा जाए, आयोजन समिति को पूर्ण आश्वस्त किया कि पुलिस बल की पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी और समिति को मेला आयोजन करने में पूरी मदद पुलिस करेगी। इस दौरान सत्यम, अपर पुलिस अधीक्षक, सीडीओ चित्रसेन सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त / राजस्व राम प्रकाश सहित अन्य पुलिस / राजस्व विभाग के अधिकारी /कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# जगह-जगह बने स्पीड ब्रेकर साबित हो रहे हैं जानलेवा



**मोहाल के लोगो ने एसडीएम से शिकायत कर ब्रेकर हटाने की उठाई मांग**

**मौदहा हमीरपुर समृद्धि न्यूज।**

नगर के हैदरिया मोहल्ले में नगर पालिका द्वारा बनवाई गई सीसी निर्माण के बाद एक व्यक्ति द्वारा अपने दरवाजे पर बनवाये गए स्पीड ब्रेकर का मोहल्ला के लोगो ने विरोध करते हुए अधिशासी अधिकारी से शिकायत कर स्पीड ब्रेकर को मानक अनुसार या हटाये जाने की मांग की है। बताते चले कि सड़क हो सीसी निर्माण नई बनते ही लोग अपने दरवाजों के सामने मानक विहीन स्पीड ब्रेकर बना देते हैं जो दुर्घटनाओं को अंजाम देते हैं।इसी क्रम में हैदरिया मोहल्ला के भुइँया रानी के पास नगर पालिका द्वारा निर्मित सीसी का निर्माण कराया गया है जिस पर मोहल्ले के बंटा ताले वाले के घर के सामने लोगों ने खड़ा स्पीड ब्रेकर बना दिया जिसका विरोध मोहल्ला वासियों ने करते हुए एक शिकायती पत्र पालिका के अधिशासी अधिकारी को देकर बने स्पीड ब्रेकर के अगल बगल से सीमेंट बालू डालकर ढाल दार बनाया जाए अन्यथा उसे हटवाने की मांग की है। वार्ड वासियो ने बताया कि बनाये गए स्पीड ब्रेकर से लोग दुघर्टना ग्रस्त होते हैं।इस मामले में अधिशासी अधिकारी सीमा तोमर ने बताया कि उक्त मामले के निस्तारण के लिए जे ई को कहा गया है जल्द ही मामले का निस्तारण किया जाएगा।

# ससुरालियों ने मारपीट कर घर से निकाला

**राठ,हमीरपुर।** अतिरिक्त दहेज में एक लाख रुपए व चार पहिया गाड़ी की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने कोतवाली में ससुरालियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। कस्बे के फरसौलियाना मोहल्ला निवासी पूजा सेन पुत्री शारदा प्रसाद सैन ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी 28 जून 23 जनपद महोबा के श्रीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पिपरा माफ गांव निवासी प्रशांत सैन के साथ हुई थी। शादी के एक माह बीत जाने के बाद ससुर मुन्नालाल सेन सास उर्मिला सेन ननंद ज्योति अतिरिक्त दहेज में एक लाख रुपए और चार पहिया कार की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे। प्रताड़ित के दौरान नंदोई संजय और नंद गुड्डन निवासी चरखारी द्वारा ससुराल का सहयोग करते रहे। घरेलू विवाद के चलते ससुरालयों ने 23 नवंबर 23 को गाली गलौज करते हुए मारपीट की और पूरा जेवर छीन कर घर से धक्के मार कर निकाल दिया। बताया कि रोती बिलखती अपने मायके पहुंची।

# चोरी की मोटरसाइकिल सहित तीन को धर दबोचा

**गिरफ्तार अभियुक्तों से दो अवैध तमंचा व कारतूस बरामद**

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक महोबा, अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जनपद महोबा में श्रावण मास व आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में बीते 17 अगस्त 2024 को अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम् व हर्षिता गंगवार, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड अर्जुन सिंह द्वारा गठित टीम उप निरीक्षक दिनेश तिवारी, का. दिनेश सिंह सेंगर, राजेश सिंह, अजय कुमार व मनोज कुमार द्वारा थाना स्थानीय में पंजीकृत मु.अ.सं. 255/2024 धारा 303(2) बीएनएस से सम्बन्धित दो वांछित अभियुक्तगण क्रमशः 1. शिवम शिवहरे पुत्र जयराम शिवहरे उम्र 19 वर्ष 2. हरगोविन्द उर्फ गोविन्दा कुशवाहा पुत्र रामआसरे कुशवाहा उम्र करीब 18 वर्ष 3. पुष्पेन्द्र कुशवाहा पुत्र बाबूलाल उम्र करीब 18 वर्ष से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित चोरी की गयी एक अदद मोटर साइकिल पैशन प्रो नं0 यूपी 95 जे 7597 चेसिस एमबीएलएचए 10 बीएसएफएचके 20799 इन्जन नम्बर एचए10ईवीएफएचके 21962 सहित अभियुक्त शिवम शिवहरे व अभियुक्त हरगोविन्द उर्फ गोविन्दा कुशवाहा के कब्जे से 1-1 तमंचा 315 बोर व 1-1 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद करते हुए नियमानुसार गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से अवैध शस्त्र की बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगणों के विरुद्ध थाना स्थानीय पर क्रमशः मु.अ.सं. 257/2024 व मु.अ.सं 258/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्तगण को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

# फीवर से युवक की मौत पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

**राठ,हमीरपुर।** तीन दिन से बुखार से पीड़ित युवक की सरकारी अस्पताल पहुंचते ही मौत हो गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।।मुस्करा थाना क्षेत्र के कंधौली गांव निवासी सुदर्शन ने बताया 40 वर्षीय छोटे भाई वीर सिंह को तीन दिनों से बुखार आ रहा था। गांव तथा मुस्करा में प्राइवेट अस्पताल में इलाज कराने के बाद भी लाभ नहीं हुआ। शनिवार को अचानक हालत बिगड़ गई और परिजन उसे लेकर सरकारी अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने पिता के साथ कृषि काम में साथ देता था। मृतक वीर सिंह अपने पीछे पत्नी हेमाए पुत्र गौरव और पुत्री कोमल को रोते बिलखते छोड़ गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# कुलपहाड़ में विद्युत व्यवस्था हुई पूर्णतया ध्वस्त

**अधिवक्ताओं ने शिकायत देकर विद्युत बहाली की उठाई मांग**

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

तहसील कुलपहाड़ क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है। ऐसी उमस भरी गर्मी में बार बार विद्युत की आंख मिचौली से लोग बिलबिलाने को मजबूर बने हुए हैं। रात्रि को न जाने कितनी बार बिजली आती जाती है, जिसकी कोई समय सीमा निर्धारित नहीं है।

वहीं बिजली के अभाव में रात्रि को जागने से लोगों के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ रहा है। इसको लेकर अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी को शिकायत देकर विद्युत व्यवस्था दुरूस्त कराए जाने की मांग की है। इस समय उमस भरी गर्मी का सितम लगातार जारी है। ऐसे में यदि विद्युत की सप्लाई बार बार परेशान करे, तो लोग व्याकुल हो जाते हैं। 24 घंटे में कितनी बार बिजली आती जाती है, इसकी कोई निर्धारित समय सीमा नहीं है। तहसील कुलपहाड़ क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। शिकायतों के बाद भी कोई सुनने वाला नहीं है। विभागीय अधिकारियों को शासन प्रशासन का कोई खोफ दिखाई नहीं दे रहा है।

जबकि उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन के अध्यक्ष ने जनपद में 24 घंटे एवं तहसील में 21 घंटे 30 मिनट तथा ग्रामीण में 18 घंटे विद्युत सप्लाई दिए जाने के सख्त निर्देश हैं, और बिजली कटौती होने पर अतिरिक्त सप्लाई देकर उसकी भरपाई करने के आदेश जारी किए हैं। लेकिन इन निर्देशों का विभाग पर कोई असर होता दिखाई नहीं पड़ रहा है।

सम्बन्धित अधिकारी सरकार की साख पर बट्टा लगाने पर तुले हुए हैं। जब लोग बार बार विद्युत कटौती के सम्बन्ध में विभागीय अधिकारियों से जानकारी हासिल करना चाहते हैं, तो कोई भी सन्तोषजनक ज़वाब नहीं दिया जाता है। बीते कई दिनों से दिन के साथ रात्रि को ऐसी उमस भरी गर्मी में बिजली कटौती ज्यादा परेशान कर रही है। लोग सुकून से सो भी नहीं पा रहे हैं। पूरी रात विभाग को कोसते हुए कटती है। अभी पिछले दिवस की बात करें, तो रात्रि को बिजली जाने पर विभागीय अधिकारी से जानकारी चाही गई, तो उनका कहना था कि दूसरे क्षेत्र के अधिकारी द्वारा अन्य क्षेत्र के फीडर को जोड़ देने के कारण अधिक लोड बढ़ने से विद्युत सप्लाई धड़ाम हो जाती है।

जबकि जैतपुर, अजनर, धवर्रा क्षेत्र की सप्लाई के लिए अलग से मसूदपुरा फीडर बनाया गया है। लेकिन उक्त क्षेत्रों की बिजली सप्लाई बाधित होने पर बिना उच्चाधिकारियों के आदेश पर कुलपहाड़ फीडर से जोड़ देने की बात लोगों की समझ से परे है, जिस कारण लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। अधिवक्ता संदीप खरे, शरद रावत, बृजेन्द्र द्विवेदी, राकेश खरे, अतुल द्विवेदी आदि अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ को शिकायत देकर विद्युत व्यवस्था दुरूस्त कराए जाने की मांग की है।

# सिविल कोर्ट में गंदा पानी भरने से महामारी का बढ़ा खतरा

**राठ,हमीरपुर समृद्धि न्यूज।**




शनिवार को तहसील परिसर में जिलाधिकारी राहुल पांडेय, पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में आईं 112 में 15 शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस दौरान डीएम व एसपी ने जल्द शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं।

संपूर्ण समाधान दिवस में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जमुनादीन राजपूत ने बताया कि सिविल कोर्ट में कई दिनों से बरसात का पानी भरा हुआ है। जिससे कोर्ट परिसर में अधिवक्ताओं व वादकारियों को जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। गंदा पानी कई दिनों तक भरा रहता है। जिससे कई बीमारियां फैलने का भय रहता है।

इसी तरह औड़ेरा गांव निवासी केशव प्रसाद ने गांव के बजरंगबली के मंदिर की सड़क पर कब्जा करने कस्बे के फरसौलियाना मोहल्ला निवासी रजिया ने कोटेदार पर अभद्रता करने व राशन न देने बहर गांव निवासी नंदराम ने तालाब पर अतिक्रमण कर अवैध कब्जा करने पहाड़ी गढ़ी गांव निवासी हरी सिंह ने नलकूप का ताला तोड़ कर स्टार्टर चोरी करने की शिकायत की है। इस मौके पर उपजिलाधिकारी विपिन कुमार शिवहरे सीओ दिलीप सिंहए तहसीलदार कुमार भूपेंद्र कोतवाल उमेश सिंह मझगवां थानाध्यक्ष नंदलाल प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# पुत्रो ने मारपीट कर मां को घर से निकाला

**राठ,हमीरपुर समृद्धि न्यूज।** कस्बे के अतरौलिया मोहल्ला निवासी जमुना दास पुत्र कलिया ने बताया कि उसके चार पुत्र चंद्रभान मुन्ना मूलचंद्र गंगादीन है।

बताया कि वह वृद्ध है। उसके पुत्रों ने उसे व उसकी पत्नी राव रानी को घर से निकाल दिया है। उनके पुत्र वृद्ध माता-पिता को खाना खर्चा व इलाज के लिए रुपए नहीं देते हैं। न ही उनकी देखरेख करते हैं।

जिससे वह मोहल्ले में भीख मांग कर अपना भरण-पोषण करने को मजबूर हैं। बताया कि उसके दो पुत्र मुन्ना व चंद्रभान ने उसकी अटारी में कब्जा कर लिया है। उसे घर में नहीं रहने देते हैं। पीड़ित वृद्ध दंपति ने डीएम व एसपी से न्याय दिलाने की मांग की है।

# डंफर की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

**राठ हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



शनिवार शाम उरई नहर बाईपास स्थित आरा मशीन के पास गलत साइड से जा रहे 22 चक्का बेकाबू ट्रक ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। इस हादसे में सड़क पर गिरे युवाओं को रौंद डाला। दोनों युवक के शव के लोथड़े सड़क पर बिखर गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक के पहिए में फंसे शवों को बाहर निकाल एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया।

जनपद झांसी के भगवंतपुरा गांव निवासी ममेरे भाई रोहित ने बताया कि 18 वर्षीय योगेंद्र लोधी निवासी घटेरा थाना महोबकंठ जनपद महोबा राठ कस्बे में स्थित एक महाविद्यालय में बीए सेकंड ईयर का छात्र था। नहर बाईपास के पास किराए के मकान में रहता था। इसके अलावा वह फोटोशूट का काम भी करता था। बताया कि शुक्रवार को योगेन्द्र का जन्मदिन था।

जिससे वह गांव गया था। जन्मदिन की फोटो के लिए शनिवार को वह बाइक से अपने दोस्त 19 वर्षीय देवेश निवासी महुआ को लेकर राठ आया था। बताया कि शाम को 19 वर्षीय दोस्त देवेश के साथ घर जा रहा था। तभी नहर बाईपास स्थित आरा मशीन के पास गलत साइड से आ रहे 22 चका डंफर ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक अपने पीछे तीन बहन प्रियंका, प्रिंसी, सनम को छोड़ गया है। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि ट्रक को कब्जे में ले लिया है और चालक ट्रक छोड़ भाग गया है।

# गौशाला की जमीन पर प्रधान ने की धान की खेती

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

नगर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में आए साढ़े चार दर्जन से अधिक शिकायती मामलों में केवल दो मामलों का ही निस्तारण मौके पर हो सका। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी व उप जिलाधिकारी के अलावा क्षेत्र के आला अधिकारी मौजूद रहे। नगर के तहसील परिसर पर स्थित सभागार भवन में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी सुरेश कुमार ने की। इस मौके पर कुल 56 फरियादियों ने अपनी समस्याएं अपर जिलाधिकारी के समक्ष रख उनके निस्तारण की गुहार लगाई जिसमें मौके पर दो ही मामलों का निस्तारण हो सका। सबसे अधिक मामले राजस्व व पुलिस से संबंधित रहे। इस मौके पर ग्राम पाटनपुर के देवनाथ साहु गुलबदन यादव फूलचंद माहेश्वरी दीन व पुष्पेंद्र कुमार सहित अन्य ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान द्वारा गांव के विकास कार्यों में लापरवाही बरतने की शिकायत करते हुए विकास कार्यों की जांच की मांग की इसके अलावा उन्होंने ग्राम गौशाला की 20 बीघा जमीन पर प्रधान द्वारा धान की खेती करने की शिकायत भी की। वार्ड संख्या 21 के राम रूप पुत्र राम अवतार ने अपर जिलाधिकारी को बताया कि उन्होंने नगर पालिका में भवन संख्या 8 का नामांतरण करने का प्रार्थना पत्र दिया था।

# संपूर्ण समाधान दिवस में 123 शिकायत पंजीकृत, पांच का मौके पर निस्तारण

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।**



तहसील के सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 123 फरियादियों ने अपनी शिकायते दर्ज कराई जिनमें पांच शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, दिवस का संचालन करते हुए उप जिला अधिकारी यादवेंद्र सिंह बैस आये हुए फरियादियों की शिकायत सुनी और उन्हें समय सीमा में गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण करने का आदेश संबंधी विभाग के अधिकारियों को लिया है, तहसीलदार लक्ष्मी नारायण बाजपेई ने बताया कि दिवस में कुल 123 शिकायत आई जिसमें पांच का मौके पर निस्तारण कर दिया।

राजस्व विभाग की सबसे ज्यादा 73 शिकायते आयी हैं है इसके बाद दूसरे नंबर पर पुलिस विभाग रहा पुलिस की17 , विकास 10 सप्लाई पांच स्वस्थ जलकल पीडब्ल डी, बिजली समाज कल्याण से संबंधित दो-दो शिकायते आयी है ।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई 242 शिकायतें, पांच का हुआ निस्तारण

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़



**शनिवार को** तहसील हैदरगढ़ में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में आयीं 242 में से पांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। यही नही वकील के साथ पहुंच कर फरियादी द्वारा की गई लेखपाल की शिकायत पर जिलाधिकारी बाराबंकी ने गलत वरासत के आरोपी लेखपाल को निलंबित करने का आदेश दिया।डीएम ने यहां मौजूद विभिन्न विभागों के अधिकारियों से जनता की समस्याओं के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के आदेश दिए।

अपने मुवक्किल तहसील क्षेत्र के रोहना मीरापुर के सियाराम के साथ शिकायत की छाया प्रति लेकर डीएम के सामने पहुंचे अधिवक्ता रामकिशोर तिवारी ने डीएम को बताया कि पीड़ित तीन भाई थे।एक अविवाहित भाई की हाल ही में मौत हो गई।उसकी दो बीघे भूमि की वरासत शेष बचे दो भाइयों के नाम करने के बजाए लेखपाल ने सारी भूमि एक ही भाई के नाम कर दी है।यह भी बताया कि एक गाटा की कुछ भूमि बच गई थी।उसे पीड़ित से पैसा लेकर दो भाइयों के नाम कर दिया है।यही नहीं मामले की शिकायत करने तहसील दिवस में आया तो लेखपाल ने पीड़ित के कागजात खुद लेकर गेट से बाहर भेज दिया।इतना सुनते ही डीएम का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया।उन्होंने लेखपाल को कड़ी फटकार लगाते हुए निलंबित करने का आदेश दिया और एसडीएम को फरियादी के पक्ष में वरासत करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में थाना सुबेहा के अहिरन सरैंया गांव निवासी देवी प्रसाद ने बताया कि वह परिवार सहित दिल्ली में नौकरी करते हैं।यहां गांव में उनकी बेशकीमती सड़क के किनारे की कृषि योग्य भूमि को सह खातेदार राम केवल ने दबंगई से कब्जा कर लिया है। बताया कि क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा पैमाइश के बाद भी विपक्षी उनका हिस्सा नहीं दे रहा है।डीएम ने एसडीएम शम्स तबरेज को पूरे मामले की जांच का आदेश दिया।कहा अवैध कब्जा करने वाले के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। कुल 242 फरियादियों ने अपनी शिकायत दर्ज कराई।इनमें 5 समस्याओं का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

# जयंती पर शुरू की गई प्रेमा अवस्थी विद्या सशक्तिकरण छात्रवृत्ति योजना

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़



**ग्राम्यांचल पीजी** कॉलेज के विभिन्न संकायों में प्रेमा अवस्थी विद्या सशक्तिकरण छात्रवृत्ति योजना का आज उनकी जयंती के अवसर पर शुभारंभ हुआ। गत 13 अगस्त को हुई परीक्षा का परीक्षा परिणाम आज घोषित किया गया। जिसमें बीए में स्वाति पुत्री बैजनाथ बीएससी में आकाश रावत पुत्र अमर बहादुर बीकाम में सृष्टि शर्मा पुत्री विजय कुमार शर्मा, बीएससी कृषि में सौरभ कुमार यादव पुत्र मायाराम यादव ने सर्वोच्च अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया ।?उक्त चयनित छात्र-छात्राओं को संस्था के अध्यक्ष पंडित सिद्धार्थ अवस्थी संस्था की चेयरमैन श्रीमती सुप्रिया अवस्थी प्राचार्य लाल मणि शुक्ला व संस्था के वरिष्ठ सदस्यों ने संयुक्त रूप से शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। संस्था अध्यक्ष पंडित सिद्धार्थ अवस्थी ने इस अवसर पर अपने संक्षिप्त संबोधन में बताया कि उक्त चयनित छात्र-छात्राओं को संबंधित संकाय की पढ़ाई का संपूर्ण व्यय महाविद्यालय वहन करेगा। उन्होंने कहा कि इस तरह की योजना शुरू करने का उनका मकसद प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को आर्थिक मदद प्रदान करते हुए उन्हें आगे बढ़ाना है। इसमें जहां छात्र-छात्राओं में प्रतिस्पर्धा की भावना और मजबूत होगी आगे चलकर इस प्रतिस्पर्धा के दौर में अपने लक्ष्य को हासिल करने में उन्हें आसानी होगी । संस्था की चेयरपर्सन श्रीमती सुप्रिया अवस्थी ने भी चयनित छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह योजना आगे भी अनवरत जारी रहेगी। उल्लेखनीय है कि श्रीमती प्रेमा अवस्थी विद्या सशक्तिकरण छात्रवृत्ति योजना के तहत गत 13 अगस्त को मेधावियों को चयनित करने के लिए महाविद्यालय परिसर में परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसमें बीए, बीएससी, बीकॉम और बीएससी कृषि संकाय में इस वर्ष प्रवेश लेने वाले लगभग 350 छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया था।

## खबरें एक नजर में

### लेखपालों ने मनमर्जी से खतौनी में कर रहे गलत अंश निर्धारण

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** लेखपालों द्वारा मनमर्जी करते हुए रियल टाइम खतौनियों में किसानों के अंश निर्धारण को गलत दर्ज करवा दिये जाने को ग्रामसभा वार कैम्प लगवा कर गलत लगा दिये अंश निर्धारण को तत्काल प्रभाव से सही करवाये जाने की मांग की गई हैं। तहसील बार एशोसिएशन हैदरगढ़ के पूर्व महामंत्री सुनील त्रिवेदी ने शनिवार को तहसील दिवस में आये जिलाधिकारी को दिये गए प्रार्थनापत्र में बताया कि रियल टाइम खतौनियों में हल्का लेखपालों ने मुख्यालय पर बैठे-बैठे ही सबके अंश मनमर्जी से तय कर दिये तथा खतौनियां भी बनवा दी है, जबकि लेखपालों का यह दायित्व था कि वह सम्बन्धित किसानों से उसका शिजरा पूछकर / जानकारी कर सही अंश निधारित करना चाहिए था। परन्तु लेखपालों ने मनमर्जी करते हुए समस्त किसानों की खतौनियों में अपनी मनमर्जी के हिसाब से किसानों की समस्त खतौनियों में गलत अंश निर्धारण कर दिया है, जिसकी वजह से किसान अंश निर्धारण को सही कराने के लिए दर-दर भटकने को मजबूर है। श्री त्रिवेदी ने गावों में टीम गठित कर कैम्प लगवाकर पुराने बुजुर्गों से पूछकर अंश निर्धारण सही करवाये जाने की मांग की है।

### यांत्रिक खराबी से छह घंटे बाधित रही विद्युत आपूर्ति

**मसौली बाराबंकी।** शुक्रवार की देर शाम चंदौली पावर हॉउस से 33 / 11 विद्युत उपकेंन्द्र मसौली को आपूर्ति होने वाली 33 हजार हाईटेंशन लाइन मे आयी यांत्रिक खराबी के चलते 6 घंटे से अधिक समय बाद रामनगर की 33 हजार लाइन से जोड़ आपूर्ति चालू की गयी तब जाकर उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली। बताते चले कि शुक्रवार की देर शाम करीब पौने सात बजे अचानक 33 हजार हाईटेंशन लाइन से आपूर्ति ठप्प हो गयी अचानक आयी यांत्रिक खराबी की जानकारी मिलते ही एसडीओ अभिषेक कुमार मल्ल ने पेट्रोलिंग के आदेश दिये। एस डी ओ के निर्देश पर मरम्मत कार्य मे जुटे कर्मचारियों ने आधी से अधिक लाइन चेक करने के बाद ट्रायल के लिए आपूर्ति की मांग की लेकिन चंदौली पावर हाउस द्वारा लाइन चालू न किये जाने से विद्युत कर्मी एव उपभोक्ता परेशान रहे। एस डी ओ के तमाम प्रयास के बाद भी चंदौली पावर हाउस से सकारात्मक जवाब न मिलने पर रामनगर को आने वाली 33 हजार हाईटेंशन से जोड़कर आपूर्ति चालू की गई तब जाकर उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली।

### डॉक्टरों ने सिटी मजिस्ट्रेट को दिया ज्ञापन

**इटावा।** कोलकाता में जूनियर डॉक्टर के साथ हुई वीभत्स घटना को लेकर इंडिया मेडिकल एसोसिएशन ने विरोध जताया।डॉक्टरों ने कचहरी पहुंच कर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट दिग्विजय सिंह को सौंपा। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ एस सी गुप्ता ने कहा कि डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए कोई कानून नहीं है। उपाध्यक्ष डॉ संजीव यादव ने कहा कि एसोसियेशन ने कोलकाता की घटना के विरोध में 24 तक ओपीडी बंद रखने का फैसला किया है, उन्होंने कहा कोरोना काल अल्पकालीन कानून लगाया गया और कोरोना के बाद डॉक्टरों को दूध में पड़ी मक्खी की तरह निकाल कर फेंक दिया गया। सचिव डॉक्टर डी के सिंह ने बताया कि हड़ताल के दौरान इमरजेंसी सेवाएं चलती रहेंगी, उन्होंने कहा कि कोलकाता की घटना से पूरा डॉक्टर समाज दुखी है और आक्रोश में है।डॉक्टर अर्चना गुप्ता ने कहा कि कोलकाता की घटना से महिला डॉक्टरों में भय फैल गया है, सरकार को महिला डॉक्टरों की सुरक्षा के विशेष एक्ट बनाया जाए ताकि सभी डॉक्टर भय मुक्त होकर अपना कार्य कर सके। डॉ धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि जिनके बच्चे मेडिकल कॉलेज में पढ़ रहे वो सभी लोग चिंतित है।

### आराध्या और शौर्य करेंगे उत्तर प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व

**इटावा।** 41वी राष्ट्रीय स्तर जूनियर क्योरिगी और 14वी पूमसे ताइक्कांडो प्रतियोगिता का आयोजन 17 से 20 अगस्त तक महाराष्ट्र औरंगाबाद के डिविजनल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स संभाजीनगर में आयोजित होने जा रहा है। इटावा जिला के दो खिलाड़ी शौर्य सिंह व आराध्या सिंह ने अपनी जगह उत्तर प्रदेश के टीम में चयनित की है। के डी सिंह बाबू स्टेडियम में हुई राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित होकर दोनो खिलाड़ी महाराष्ट्र औरंगाबाद में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। आराध्या सिंह ने जूनियर बालिका वर्ग अंडर 68 किलोग्राम भार वर्ग में तथा पेयर पूम्से दो प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी। वही शौर्य प्रताप सिंह एकल पूमसे में तथा पेयर पूम्से में उत्तर प्रदेश को गौरवान्वित करेंगे। आराध्या और शौर्य की मुख्य कोच नबिला जी ने बताया यह बच्चे 5 सालो से उनके पास प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है,और प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बच्चे अपना स्थान सुनिश्चित कर उनको एवम माता पिता को गौरवान्वित महसूस करा रहे है।

# आईएमए के आह्वान पर हड़ताल पर रहे निजी व सरकारी चिकित्सक

- 18 अगस्त की शाम पांच बजे जिला चिकित्सालय से चौक घंटाघर तक निकलेगा विरोध मार्च

अयोध्या। समृद्धि न्यूज



**आईएमए** की हड़ताल के समर्थन में शनिवार को निजी व सरकारी अस्पतालो के चिकित्सक हड़ताल पर रहे। 17 अगस्त की सुबह 6 बजे से लेकर 18 अगस्त की सुबह 6 बजे तक आईएमए ने हड़ताल का आवाह्न किया था।हड़ताल के दौरान शनिवार को सभी ओपीडी चिकित्सा सेवाएं,जांच केन्द्र बंद रहे।सभी अस्पतालों मे आपाकालीन सेवाएं जारी रही।जिला व महिला चिकित्सालय मे आईएमए के अध्यक्ष डा मंजूषा पाण्डेय ने अपनी टीम के साथ चिकित्सकों से हड़ताल के प्रति समर्थन मांगा।डा मंजूषा पाण्डेय ने बताया कि आईएमए यूपी व सेन्ट्रल की तरफ से हड़ताल के दौरान केवल आपातकालीन सेवाएं देने का निर्देश आया था।जिला चिकित्सालय व महिला चिकित्सालय में आईएमए के टीम के साथ भ्रमण किया गया।इस दौरान चिकित्सको ने हड़ताल के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। निजी अस्पतालों में ओपीडी सेवाएं बंद रही।केवल आपातकालीन सेवाएं ही चलती रही।उन्होंने बताया कि कोलकाता की घटना में कड़ी कार्रवाई व इस तरह की घटनाओ की पुर्नरावृत्ति रोकने के लिए केन्द्रीय कानून बनाने की मांग की गई है।आज देश भर के चिकित्सकों को अपनी सुरक्षा की चिंता है।अपनी सुरक्षा को लेकर चिंताग्रस्त व भय में काम करने वाला चिकित्सक क्या मरीजों की सेवा अपने पूरे मनोयोग व सामर्थ्य से कर पाएगा।कोलकाता की घटना में पीड़िता को न्याय मिले,दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो।इसके साथ में आगे इस तरह की घटनाएं न हो,इसके लिए वृहद स्तर पर रणनीति बनाने की आवश्यकता है।उन्होंने बताया कि इसी क्रम में मेडिकल कालेज अयोध्या के छात्र,रेजिडेन्ट डाक्टर,नर्स, पैरामेडिकल स्टॉफ,प्रबुद्ध महिलाओं के साथ भारतीय चिकित्सा संघ ( आई.एम.ए. ) द्वारा विरोध मार्च निकाला जाएगा।विरोध मार्च 18 अगस्त शाम पांच बजे जिला चिकित्सालय से चौक घंटाघर होते हुए वापस जिला चिकित्सालय आएगा।इस मौके पर आईएमए के वाईस प्रेसिंडेंट डा हरिओम,डा पल्लवी श्रीवास्तव समेत अन्य चिकित्सक मौजूद रहे।

# नवनिर्मित पार्क में जनप्रतिनिधियों ने किया पौधरोपण

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज



**कस्बा के** सुभाष वार्ड में नगर पंचायत द्वारा नवनिर्मित पार्क में अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

पुरानी तहसील भवन के पीछे शिव मंदिर के निकट स्थित उद्यान में शनिवार को जिलाधिकारी बाराबंकी एवं पुलिस अधीक्षक बाराबंकी एवं नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी अधिशासी अधिकारी अशोक खरवार सहित अधिकारी एवं सभासदों को वृक्षारोपण करना था जिसकी तैयारी नगर पंचायत में कर रखी थी परंतु संपूर्ण समाधान दिवस में आए जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार एवं पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह को अचानक इमरजेंसी के चलते जिला मुख्यालय के लिए प्रस्थान करना पड़ा। जिसकी वजह से उनके प्रतिनिधि के रूप में उप जिलाधिकारी मोहम्मद शम्स तबरेज खान एवं पुलिस क्षेत्र अधिकारी हर्षित चौहान द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी अधिशासी अधिकारी अशोक खरवार, वरिष्ठ अधिवक्ता अचल कुमार मिश्रा सभासद शिवा वर्मा, हाजी इशहाक, मनोज आदि उपस्थित रहे।

# बुनकर एकता समिति की तिरंगा यात्रा में उमड़ी देशभक्तों की भीड़

इटावा। समृद्धि न्यूज

**बुनकर एकता** समिति इटावा के बैनर तले स्वतंत्रता दिवस पर समिति के अध्यक्ष मो. इदरीस अंसारी के नेतृत्व में बाह अड्डा से विशाल तिरंगा यात्रा जोशो खरोश के साथ निकाली गई जिसे सिटी मजिस्ट्रेट दिग्विजय प्रताप सिंह ने हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। बुनकर एकता समिति के अध्यक्ष इदरीस अंसारी के नेतृत्व में बाह अड्डा से निकली विशाल तिरंगा यात्रा पचराहा, राजागंज चौराहा, नगर पालिका चौराहा, पक्की सराये, नौरंगाबाद चौराहा, नौरंगाबाद पुलिस चौकी, पक्का तालाब चौराहा होती हुई नुमाइश पंडाल स्थित शहीद स्मारक पर सम्पन्न हुई। बुनकर एकता समिति के अध्यक्ष इदरीस अंसारी, सलाहउद्दीन अंसारी, कासिम अंसारी आदि ने शहीद स्मारक व गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन करते हुए देश के अमर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। तिरंगा यात्रा के दौरान जगह जगह अध्यक्ष इदरीस अंसारी का लोगों ने मालाएं पहनाकर व पुष्प वर्षा कर जोशीला स्वागत किया। यात्रा के दौरान कासिम अंसारी ने सिटी मजिस्ट्रेट दिग्विजय प्रताप सिंह व इदरीस अंसारी का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। तिरंगा यात्रा में मो. क़ासिम अंसारी प्रदेश प्रवक्ता/ सलाहकार, सलाहउद्दीन अंसारी मुख्य महासचिव, मो. असलम उपाध्यक्ष, शारिक अंसारी प्रबंधक, हाफिज रईस कोषाध्यक्ष, सगीर अहमद, इमरान एडवोकेट, हाजी गुड्डू मंसूरी, शावेज़ नक़वी, इकरार अहमद, राकेश शंखवार, मो. मसरूर, इरफान अंसारी, राशिद अंसारी, रोशन, संतोष सिंह चौहान जिला अध्यक्ष व्यापार मण्डल, ओम रतन कश्यप, राजीव पाल, निजामुद्दीन कामरेड, बिलाल, मो. असलम, मो. निसार, मुस्तकीम, अमीन, मो. जाबिर, हाजी अखलाक, मो. इलियास, नफीसुल हसन अंसारी, मो. रफी, अब्दुल जब्बार, इकरार अहमद, जब्बार राईन, मुनीना बेगम आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# एडी बेसिक के औचक निरीक्षण में बीओ की कागजी खानापूर्ति की खुली पोल

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज

**शनिवार** को मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक अरुण कुमार शुक्ला ने रामपुरा विकासखंड के 13 परिषदीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया जिसमें 8 विद्यालयों में ताला लटकता मिला। एडी बेसिक के औचक निरीक्षण ने रामपुरा खंड शिक्षाधिकारी की कागजी खानापूर्ति की जहां पोल खोलकर रख दी तो वहीं ग्रामीणांचल के नौनिहालों के भविष्य को चौपट करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। निरीक्षण दौरान मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने गुहार लगायी कि उनके बच्चों का जीवन अंधकार में पहुंचाने वाले बीईओ पर तत्काल कार्यवाही अमल में लायी जाये ताकि बेलगाम हो चुके शिक्षकों पर शिकंजा कसा जा सके। एडी बेसिक सबसे पहले प्राथमिक विद्यालय मड़ैया अगदेला सुबह 8.15 पर बंद मिला, प्राथमिक विद्यालय लक्ष्मणपुरा सुबह 8.20 पर बंद मिला। प्राथमिक विद्यालय रिठौरा, प्राथमिक विद्यालय सिद्धपुरा भी बंद मिला। प्राथमिक विद्यालय किशनपुरा बंद मिला और ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय में मिड डे मील कभी नहीं बनता है। पूर्व माध्यमिक विद्यालय जमालपुरा में 27 छात्रों के सापेक्ष सिर्फ 14 उपस्थित मिले। जबकि शौचालय खराब स्थिति में मिला, किचन बंद था रसोइया अनुपस्थित थी। प्राथमिक विद्यालय जायघा में तैनात शिक्षिका स्मृति पांडे 23 जुलाई 2024 से 12 अगस्त 2024 तक अनुपस्थित रही। गांव वालों ने बताया कि महीने दो महीने में एक आद बार ही आती है। कन्या प्राथमिक विद्यालय जायघा में प्रधानाध्यापक पान सिंह अनुपस्थित थे, सहायक अध्यापक देवेंद्र स्वर्णकार 23 सितंबर 2023 से अगस्त 2024 तक प्राथमिक विद्यालय कर्रा में संबद्ध थे जहां छात्र संख्या मात्र 17 है, शिक्षा मित्र पूरन लाल को प्राथमिक विद्यालय कर्रा में संबद्ध किया गया है। इसे गंभीरता से लेते हुए कार्यवाही की जाएगी। प्राथमिक विद्यालय हुकुमपुरा बंद मिला। जबकि चंद्रमणि दीक्षित सहायक अध्यापक एवं अध्यापक आनंद दोनों ही विद्यालय कभी कभी कभार आते है। प्राथमिक विद्यालय बिलौड़ में सहायक अध्यापक अमित कुमार अनुपस्थित थे। उच्च प्राथमिक विद्यालय बिलौड़ बंद मिला विद्यालय में तैनात अमित कुमार गौतम कभी आते ही नहीं है। प्राथमिक विद्यालय जाखेता बंद मिला विद्यालय में तैनात कुलदीप तोमर महीने में एक बार ही आते है। कंपोजिट विद्यालय सुल्तानपुरा बंद मिला।

### रक्षा बंधन की बढ़ी बाजारों में रौनक

**जैदपुर बाराबंकी।** भाई बहन के प्यार रक्षाबंधन को लेकर कस्बे कस्बे की रौनक बढ़ी। मिठाईयों सहित राखियों की दुकानों पर लगी भीड़ जमकर की गयी बिक्री। बताते चले रक्षा बंधन के पर्व को लेकर कस्बे सहित ग्रामीण इलाकों में की चमक में काफी बढ़ोतरी हो गयी है। जगह जगह दुकानें सजाकर लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने लगी है।थाना चौराहा पानी की टंकी बाजार छोटा इमामबाड़ा सहित आस पास मिठाई व राखियों की दुकानों सजायी गयी है। जहां बहनों की भारी भीड़ राखी खरीदने के लिये मनपसंद राखियां खरीदने में जुटी रही। जिससे बाजार की रौनक में चार चांद लग गया है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत धीरपुर विकास खण्ड मोहम्मदाबाद, फर्रु0

पत्रांकःमीमो/ ग्रा0पं0/15वां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा/ टेण्डर प्रकाशन वित्तीय वर्ष 2024-2025 दिनांक 17/08/2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

15वां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत धीरपुर विकास खण्ड मोहम्मदाबाद जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निर्माण सामग्री कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 18/08/2024 से दिनांक 24/08/2024 अपरान्ह 1.00 बजे तक सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 24/08/2024 को 2.00 बजे अपरान्ह ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रधान/सचिव/अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगीं। निविदा प्रपत्र दिनांक 18/08/2024 से दिनांक 24/08/2024 अपरान्ह 12.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से रु0 500-00 अदा करके प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | ग्राम पंचायत धीरपुर के मजरा नगला पंचम में मेन डामर रोड से जयवीर सिंह की जगह तक सीसी निर्माण कार्य | 4.51 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | ग्राम पंचायत धीरपुर के मजरा नगला पंचम में विजय सिंह के घर से शीलेन्द्र सिंह के घर तक सीसी निर्माण कार्य | 4.52 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | ग्राम पंचायत धीरपुर के मजरा नगला पंचम में जयवीर सिंह की जगह से विजय सिंह के घर तक सीसी निर्माण कार्य | 4.09 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

नियम व शर्तेः- सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

प्रधान (अमर सिंह) ग्राम पंचायात धीरपुर, विकास खण्ड मोहम्मदाबाद सचिव (शिवापाल सिंह )



## कार्यालय ग्राम पंचायत आसमपुर वि0ख0 राजेपुर, फर्रु0

पत्रांकःमीमो/ग्रा0पं0/राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत टेण्डर प्रकाशन/वित्तीय वर्ष 2024-25 दिनांक 16/08/2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में वर्ष 2024-25 अन्तर्गत ग्राम पंचायत आसमपुर की स्वीकृति कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 17/08/2024 से दिनांक 23/08/2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा विक्रय की जायेगी एवं दिनांक 23/08/2024 शाम 04 बजे निर्माण समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्रं. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | दिनेश के घर से भूरे के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 3.89 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

नियम व शर्तेः- निविदादाता का आयकर व जी.एस.टी. में पंजीकृत होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि एफ.डी.आर. व एन.एस.सी. व चेक द्वारा ली जायेगी।

ग्राम प्रधान-आसमपुर, राजेपुर सचिव-आसमपुर, राजेपुर



## कार्यालय ग्राम पंचायत मुरैठी विकास खण्ड शमशाबाद, फर्रुखाबाद।

पत्रांकःमीमो/ ग्रा0पं0/15वां वित्त/ राज्य वित्त टेण्डर प्रकाशन वित्तीय वर्ष 2024-2025 दिनांक 17/08/2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

15वां वित्त/राज्य वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मुरैठी द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 18/08/2024 से 22/08/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 22/08/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव/अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | संतोष के घर से महाराम के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य | 223150 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | उदयवीर के घर से कश्मीर के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य | 226170 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | रमेश के घर से दिनेश के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य | 229225 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 4- | रमेश के घर से दिनेश के घर तक नाली निर्माण कार्य | 226685 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 5- | दशरथ के घर से जितेंद्र के घर तक नाली निर्माण कार्य | 170910 | 2 प्रतिशत | 500 |

नियम व शर्ते- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान ( शशि देवी) ग्रा0पं0 मुरैठी, शमशाबाद सचिव ( अभय प्रताप सिंह)


**ब्रीफिंग** | परीक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही व उदासीनता क्षम्य नहीं होगी

# पुलिस भर्ती लिखित परीक्षा को व्यवस्थित तरीके से कराने के दिये निर्देश

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज




जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती 2023 की लिखित परीक्षा 23, 24, 25, 30, 31 अगस्त 2024 को होने वाली परीक्षा के संबंधित में ब्रीफिंग की। यह परीक्षा पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिलाधिकारी ने परीक्षा को संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए पूरी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। परीक्षा केंद्रों पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए, ताकि परीक्षा नकलविहीन और पारदर्शी तरीके से संपन्न हो सके। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा जारी दिशा निर्देशों का गहनता से अध्ययन समस्त केंद्र व्यवस्थापक, पर्यवेक्षक, सेक्टर एवं स्ट्रेटिक व जोनल मजिस्ट्रेट कर लें, जिससे परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने में आसानी रहे। परीक्षा कक्ष के अंदर पेन, प्रवेश पत्र व मूल पहचान पत्र के अतिरिक्त अन्य समस्त सामग्री ले जाना वर्जित है। परीक्षा केन्द्रों पर पाठ्य सामग्री (मुद्रित या लिखित), कागज के टुकड़े, ज्यामितीय- पेंसिल बॉक्स, प्लास्टिक पाउच, किसी भी प्रकार का कैलकुलेटर, क्रेडिट, डेबिट कार्ड, स्केल, कॉपी, पेन ड्राइव, इरेजर, लॉग टेबुल, इलेक्ट्रानिक पेन, स्कैनर, इलेक्ट्रानिक गैजेट, जैसे मोबाइल फोन, कैमरा, किसी प्रकार की घड़ी, स्मार्ट वाच, ब्लूटूथ डिवाइस, इयरफोन, माइक्रो फोन, पेजर, हेल्थ बैण्ड, बटुआ, काला चश्मा, हैण्ड बैग, टोपी, खुला या पैक किया हुआ खाने का सामान, सिगरेट, गुटखा लाना पूर्ण रूप से वर्जित है। किसी भी अभ्यर्थी को उक्त सामग्री, उपकरण परीक्षा केन्द्र के मुख्य द्वार के अंदर न ले जाने दिया जाये, इसको प्रभावी रूप से लागू किया जाये। उन्होंने समस्त केंद्र व्यवस्थापकों को सीटिंग प्लान के अनुसार केंद्रों पर पर्याप्त फर्नीचर की व्यवस्था, पेयजल, पुरुष एवं महिला शौचालय तथा प्रकाश की उचित व्यवस्था पूर्व में ही सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। ब्रीफिंग के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि परीक्षा को त्रुटि रहित संपन्न कराने हेतु केंद्र व्यवस्थापक, केंद्र पर्यवेक्षक एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट की भूमिका महत्वपूर्ण बताते हुए बोर्ड द्वारा जारी दिशा निर्देशों का गहनता से अध्ययन कर लें तथा निर्देशानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें। परीक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही व उदासीनता क्षम्य नहीं होगी। अफवाह की स्थिति में तत्काल उच्च अधिकारियों को सूचित करने के निर्देश भी पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप वर्मा ने परीक्षा भर्ती में लगे सभी संबंधित अधिकारियों को पीपीटी स्क्रीन के माध्यम से विधिवत प्रशिक्षण दिया ब्रीफिंग के दौरान समस्त उप जिलाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट व केन्द्र व्यवस्थापक आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### चौपाल लगाकर सुनी गई ग्रामीणों की समस्याएं

**मसौली बाराबंकी।** ग्रामीणों को उनके आसपास ही न्याय दिलाने के उद्देश्य से आयोजित होने वाली ग्राम पंचायत स्तर की ग्राम चौपाल का आयोजन शुक्रवार को ग्राम पंचायत लक्षबर बजहा एव सेमरी में सम्पन हुई। चौपाल में चार शिकायते आयी । सहायक विकास अधिकारी आई एस बी की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत लक्षबर बजहा में आयोजित चौपाल में मो0 अकरम ने हैण्डपम्प व अजय कुमार ने स्ट्रीट लाइट को सही कराने की मांग की सचिव वंदना पाल ने शीघ्र ठीक करवाने का आश्वासन दिया।


## सूचना

मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में पिता का नाम रामेश्वर कुमार त्रुटिवश अंकित हो गया है, जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरे पिता का नाम रावेन्द्र सिंह दर्ज है, जो सही है। इसे ही मेरे डीएल में दर्ज किया जाये।

**राहुल कुमार पुत्र रावेन्द्र सिंह निवासी सितवनपुर पिशु बरकेशो, नवाबगंज, फर्रु0**

# जनता की समस्या का समाधान करना हम सबके लिए सर्वोपरिः असीम

▸ मंत्री व जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़**



तहसील सदर में जनता की समस्याएं सुनते मंत्री असीम अरुण व डीएम, एसपी

**जनता की** समस्याओं का त्वरित गति के साथ निस्तारण संभव हो सके इस उद्देश्य से राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरूण एवं जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। मंत्री ने जनता की समस्याओं को बहुत ही गंभीरता के साथ सुनने के उपरांत विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही उनका निराकरण करने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी फरियादी समस्या के समाधान के उद्देश्य से ही सरकारी कार्यालयों में आता है। इसलिए जनता की समस्या का समाधान करना हम सबके लिए सर्वोपरि है। कोई भी फरियादी तहसील दिवस व किसी भी कार्यालय से निराश होकर नहीं जाना चाहिए। पारदर्शिता के आधार पर संबंधित को नियमानुसार न्याय दिया जाए। कहा कि शासन द्वारा संचालित समस्त जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक जनपद के हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। संबंधित विभाग के अधिकारी सोशल मीडिया के माध्यम से अन्य माध्यमों से शासन की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं। जिलाधिकारी ने कहा जिन विभागों की अन्य शिकायतें हैं। जिनका मौके पर निस्तारण नहीं हो सका है। संबंधित अधिकारी स्थलीय निरीक्षण कर शिकायतों का गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा जो भी निस्तारण किया जाए वह ससमय व गुणवत्ता पूर्ण किया जाए। जितनी भी शिकायतें आई हैं। सभी शिकायतों का सात दिन के अंदर निस्तारण हो जाना चाहिए। सभी शिकायत की गुणवत्ता जरूरी है। तहसील संपूर्ण समाधान दिवस सदर तहसील में कुल 124 शिकायतें मे से 12 शिकयतों का निस्तारण, तहसील छिबरामऊ में कुल 116 मे से 23 शिकायतों का निस्तारण तथा तहसील तिर्वा में कुल 92 में से 6 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद, उप जिलाधिकारी सदर रामकेश सिंह धामा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विनोद कुमार, तहसीलदार हिमांशु प्रभाकर सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी सहित आदि उपस्थित रहे।

# एक्सप्रेस-वे पर डिवाइडर से टकराकर पलटी टूरिस्ट बस

▸ बस में सवार 17 यात्री हुए घायल

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**

**आगरा-लखनऊ** एक्सप्रेस-वे के फगुहा कट के निकट शुक्रवार की मध्य रात्रि एक बजे के करीब एक टूरिस्ट बस के चालक को अचानक झपकी आ जाने से बस अनियन्त्रित होकर डिवाइडर पर चढ़कर पलट गई। जिससे बस में सवार 17 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। शनिवार की सुबह तक यात्रियों की हालत में सुधार होने पर जिला प्रशासन ने उन्हे दिल्ली के लिए भेज दिया। यह टूरिस्ट बस 18 यात्रियों को लेकर लखनऊ से दिल्ली जा रही थी। मध्य प्रदेश के भिण्ड जनपद के निवासी अनिल पुत्र राम सिया व भिण्ड के ईशपुरा निवासी नीरज सिंह पुत्र वीरेन्द्र सिंह दोनो एक टूरिस्ट बस को लेकर लखनऊ से दिल्ली जा रहे थे। बस अनिल चला रहा था। जबकि दूसरा चालक नीरज सिंह पीछे बैठा हुआ था। बस में करीब 18 यात्री सवार थे। रात एक बजे के करीब जब बस आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के फगुहा कट के पास पहुंची, तो अचानक चालक को झपकी आ गई। जिससे बस अनियन्त्रित होकर डिवाइडर पर चढ़कर पलट गई। बस में सवार चालक अनिल, सहचालक नीरज सिंह के अलावा लखनऊ निवासी रितेश सिंह, डिम्पल, आदर्श कुमार, मीना, अल्का, शुभम दुबे, डॉ.रजत, दीपक व राघवेन्द्र, दिल्ली निवासी सिद्धार्थ, अम्बेडकर नगर निवासी रूदेश तिवारी, बिजनौर निवासी आशीष भारती व रायबरेली निवासी अनमोल तिवारी व गौरव गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी होते ही यूपीडा कर्मी व तिर्वा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। सभी घायलों को एम्बुलेंस की मदद से उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। शनिवार की सुबह सभी की हालत में सुधार होने पर उनको दिल्ली के लिए भेज दिया गया। मामले में कोतवाली प्रभारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया दुर्घटनाग्रस्त बस को टोल प्लाजा के पास खड़ा करा दिया गया है। मामले में अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।



हादसे के बाद दुर्घटनाग्रस्त टूरिस्ट बस

# आकाश एजुकेशन के बच्चों ने हासिल किये नौ गोल्ड मेडल



गोल्ड मेडल एवं ट्रॉफी के साथ खुशी का इजहार करते खिलाड़ी समृद्धि न्यूज

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

▸ बैडमिंटन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के मेधावियों को किया गया सम्मानित

**जिला स्तरीय** बैडमिंटन प्रतियोगिता में आकाश एजुकेशन सेंटर के बच्चों ने 12 मेंडलों में से नौ गोल्ड मेडल हासिल कर इतिहास रचा। प्रबंध समिति द्वारा सभी बच्चों को सम्मानित कर हौसला अफ्जाई की गई है। शनिवार को एक इंटर कॉलेज में आयोजित बैडमिंटन की जिला स्तरीय प्रतियोगिता में जनपद के तमाम विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिसकी जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर आरके कटियार ने बताया कि आकाश एजुकेशन सेंटर के बालक एवं बालिका वर्ग में 12 मेडल में से 9 गोल्ड मेडल तथा तीन सिल्वर मेडल अपने नाम किए हैं। खेल प्रतियोगिता में जिला विद्यालय निरीक्षक डा. पूरन सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया था। अंडर 14 बालक एवं बालिका वर्ग सिंगल में अनन्या सक्सेना और अंश अवस्थी ने गोल्ड मेडल, बालक वर्ग डबल्स में सम्राट अग्निहोत्री एवं शुभ पाल ने गोल्ड मेडल, बालिका वर्ग में आस्था यादव एवं मीनाक्षी ने सिल्वर मेडल, अंडर 17 बालक एवं बालिका वर्ग में कोमल यादव ने गोल्ड मेडल, अलौकिक एवं आकाश यादव ने गोल्ड मेडल, बालिका वर्ग में रिया यादव एवं वैष्णवी ने गोल्ड मेडल अंडर-19 सीनियर बालक एवं बालिका वर्ग सिंगल्स में तान्या यादव ने गोल्ड मेडल, डबल्स में प्रांशु यादव एवं आकाश कौशल ने गोल्ड मेडल, बालिका वर्ग में आरजू यादव एवं पूर्वी कटियार ने सिल्वर मेडल हासिल किया। उन्होंने बताया कि टीम के कोच लोकेंद्र सिंह के नेतृत्व में 21 अगस्त को सभी जीते हुए खिलाड़ी कन्नौज जिले का इटावा में होने वाले बैडमिंटन प्रतियोगिता का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित



**छिबरामऊ। समृद्धि न्यूज**

**मुख्य विकास** अधिकारी रामकृपाल चौधरी की अध्यक्षता में तहसील सभागार में हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन इस दौरान राजस्व विभाग की 67, पुलिस विभाग की 21, विकास की 15, विद्युत विभाग 03, पूर्ति 03, नगर पालिका 01, चकबंदी विभाग 03, डूडा 01, उपयुक्त उद्योग 01, एलडीएम 01 शहीद कैसे करते हैं जिसमें तेज शिकायत को शीघ्र ही निस्तारण किया गया इस दौरान उप जिलाधिकारी उमाकांत तिवारी, पुलिसक्षेत्राधिकार ओंकारनाथ शर्मा, तहसीलदार अभिनव वर्मा, नायाब तहसीलदार शाहित का विवाह के लोग मौजूद रहे।

# खबरें चलते-चलते

## 92 शिकायतों में महज छह का हो पाया निस्तारण

**तिर्वा।** तहसील सभागार में शनिवार को एडीएम आशीष सिंह की अध्यक्षता में तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें 92 फरियादियों ने अपनी शिकायतें रखी। इनमें से 06 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए अफसरों को कड़े निर्देश दिए गए। आयोजित समाधान दिवस के दौरान एडीएम आशीष सिंह ने कहा कि समाधान दिवस में आने वाले फरियादियों की शिकायतों का समय से निस्तारण करें। निस्तारण के बाद फरियादी के मोबाइल पर सूचना अवश्य भेजें। जिससे फरियादी को निस्तारण की जानकारी हो। राजस्व संबंधित विवाद पुलिस व राजस्व टीम संयुक्त रूप मौके पर जाकर निस्तारण करें। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित 92 फरियादियों ने अपनी शिकायतें रखी। इनमें से छह का निस्तारण कर दिया गया। इस मौके पर एएसपी, एसडीएम व तहसीलदार समेत कई अफसर मौजूद रहे।

## अभिभावकों ने शिक्षकों पर जड़ा पिटाई का आरोप

**तिर्वा।** तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के नन्दपुर गांव में संचालित एक विद्यालय के कुछ शिक्षकों पर अभिभावकों के साथ मारपीट करने का आरोप लगा हैं। मामले की शिकायत भी कोतवाली पुलिस से की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के मकरन्दापुर गांव निवासी प्रवीण कुमार, धनीराम, ओमजीत, दिलीप, अभिलाष व राजीव ने तिर्वा पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया है कि उन सभी के बच्चे कोतवाली क्षेत्र के नंदपुर गांव के पास स्थित एक विद्यालय में पढ़ते हैं। उनके बच्चे स्कूल बैन से आते जाते है। कुछ दिन से स्कूल बैन बच्चों को लेने नहीं आई। जिसकी शिकायत करने सभी अभिभावक स्कूल गए, तो स्कूल में मौजूद कुछ शिक्षकों ने उनके साथ मारपीट की। मामले में कोतवाली प्रभारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि मिले प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच कराई जा रही है।

## रंजिशन युवक ने झोंका फायर, बालक हुआ घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** नगर के मोहल्ला गांधीनगर निवासी मो. नसीम खान पुत्र जैनुलआब्दीन द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि शुक्रवार की शाम वह अपनी बहन के घर की ओर जा रहा था। जैसे ही पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी के निवास के निकट पहुंचा तभी खालिद पुत्र गुलाब खान एवं उनके पुत्र ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की नियत से तमंचे से फायर कर दिया इस दौरान वह झुक गया जिससे पड़ोस में खेल रहा आदिल पुत्र आतिश के दाहिने पैर में गोली लग गई। जिससे आदिल गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुबे ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को हिरासत में ले लिया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना का मुकदमा दर्ज कर आरोपी को न्यायालय भेजा गया।

## सम्मानित हुये निपुण विद्यालयों के शिक्षक

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** बीआसी कार्यालय में खण्ड शिक्षाधिकारी की अध्यक्षता में निपुण भारत मिशन के तहत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सत्र 2023-24 मे निपुण हुए विद्यालयों के शिक्षकों को शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शनिवार को क्षेत्र के गाम सरायप्रयाग स्थित बीआरसी में आयोजित निपुण भारत मिशन के तहत ब्लाक तालग्राम के 30 विद्यालयों को निपुण विद्यालय घोषित किया गया था। निपुण प्राथमिक विद्यालय झूसी नागर के प्रधानाचार्य शैलेन्द्र सिंह यादव उर्फ गोलू व प्राथमिक विद्यालय नेहरू नगर संतोषा की प्रधानाचार्य योग्यता सहित कक्षा 1,2,3 को पढानें बाले सहायक अध्यापकों को खण्ड शिक्षाधिकारी रमेश चंद्र चौधरी ने शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करनें के उपरान्त कहा कि निपुण विद्यालय शिक्षा की गुणवत्ता को बनायें रखें एवं बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करें। इस दौरान कार्यक्रम का संचालन एआरपी अरविंद चौहान ने किया। इस दौरान एआरपी डा. पंकज यादव, रेवती रमण सिंह, मालिखान सिंह, सुदीप पटेल ब्लाक क्वालिटी कोआर्डीनेटर अमर सहित समस्त निपुण विद्यालयों के शिक्षकगण मौजूद रहे।

# मेहंदी प्रतियोगिता के साथ-साथ छात्राओं ने छात्रों के बांधी राखी



**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**स्वतंत्रता** दिवस पर शहर के प्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय जुगल किशोर सक्सेना के पौत्र द्वारा संचालित सुप्रभाष अकादमी जे यस आईटीएम मैं ध्वजारोहण कर कर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की जीवन कथा बच्चों को बताई गई। आवास विकास कॉलोनी स्थित सुप्रभाष अकादमी मे आज मेहंदी प्रतियोगिता के बाद रक्षाबंधन पर्व पर छात्राओं ने छात्रों के राखी बांध कर रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम ब द्वितीय स्थान तृतीय स्थान प्राप्त करने बाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया कार्यक्रम में प्रधानाचार्य अलका गुप्ता प्रधानाचार्य शैलेंद्र कुमार शाहिद स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# गौरी दंगल समधन में पहलवानों ने बहाया पसीना

**समधन,समृद्धि न्यूज़**



पहलवानों को कुश्ती के लिए हाथ मिलवाते कमेटी के लोग



दंगल में दांव पेंच दिखाते पहलवान समृद्धि न्यूज

**नगर के** पूर्वी स्वागत द्वार गेट के पास एक विशाल मैदान में एक दंगल का आयोजन किया गया जिसमें कई जनपदो के पहलवानों ने भाग लिया पहले दिन करीब आधा दर्जन पहलवानों ने अपने-अपने दांव पेंच से दर्शकों का मन मोह लिया पहली कुस्ती हाथरस के धमाका पहलवान ने हाथरस के ही अशीष पहलवान को हराकर जीत अपने नाम दर्ज कराई लोगों ने खूब हौसला अफजाई भी की। समधन नगर स्थित पूर्वी स्वागत द्वार गेट के पास एक विशाल मैदान में सात दिवसीय दंगल कार्यक्रम का आयोजन किया गया शनिवार को दोपहर बाद करीब 4 बजें दंगल में कुस्ती शुरू हुई जिसमें पहली कुस्ती हाथरस के धमाका पहलवान व हाथरस के ही अशीष पहलवान के बीच कराई गई जिसमें अपने दांव पेंच से संघर्ष करते हुए धमाका पहलवान ने आशीष पहलवान को पटकनी देकर जीत दर्ज कर कुस्ती अपने नाम कर ली दूसरी कुस्ती पंजाब से आये पहलवान मौसम अली व मेरठ से आये मुन्ना चौधरी के बीच कुस्ती कराई गई जो दोनों पहलवान करीब आधा घंटा दांव पेंच खेलते रहने के बाद पंजाब के मौसम अली ने मुन्ना चौधरी को पटकनी देकर जीत अपने नाम दर्ज कर ली दंगल के आयोजक रूखसाद पहलवान ने दंगल में कुश्ती के दांव पेंच के विजेता व विजेता दोनों पहलवानों को सम्मानित किया गया हजारों की संख्या में दर्शकों ने खूब आनंद लिया ।

## मेंहदी व राखी प्रतियोगिता में छात्राओं ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** नगर के एबी गर्ल्स इण्टर कालेज मे रक्षाबंधन त्योहार से पूर्व मेंहदी एवं राखी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे सैकडों छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान पूर्व विद्यायक/संचालक जमालुददीन सिददीकी नें छात्राओं का उत्साहबर्धन करते हुये कहा कि छात्राओं में छिपी प्रतिभाओं में निखार लानें के लिये प्रतियोगिताओं का आयोजन बेहद जरूरी है। शनिवार को नगर के मोहल्ला रामगंज स्थित एबी गर्ल्स इण्टर कालेज मे प्रधानाचार्या फ्रहीन एजाज के निर्देशन में आयोजित मेंहदी एवं राखी प्रतियोगिता में सैकडो छात्राओ ने प्रतिभाग कर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पूर्व विद्यायक जमालुददीन सिददीकी ने कहा कि समय समय पर प्रतियोगिताओं के आयोजन से छात्राओं में बौद्धिक क्षमता का विकास होता है।

# तालग्राम समाजवादी पार्टी कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**




**पूर्व विधायक** अरविन्द सिंह यादव यादव ने कहा 2027 का चुनाव बहुत महत्वपूर्ण चुनाव है जो देश की दशा दिशा दोनों को तय करने का चुनाव आए और नौजवान पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए। कहा कि हो सकता है इस सरकार में किसानों की कोई सुनवाई नहीं है उन्होंने अपने द्वारा कराए गए विकास कार्यों को गिनाते हुए कहा कि 100सैया अस्पताल और राजकीय इंटर कॉलेज बिजली पानी की समस्याओं से वंचित लोगों को सुविधा देने का काम किया और बड़े पैमाने पर विकास कराकर लोगों के लिए लभावित करने का काम किया और चुनाव में जुट जाने का आवाहान किया और समाज पार्टी के सरकार बनाने का काम हमें और आप सभी लोग करना है कार्यक्रम सभी समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता नेतागढ़ और लगातार ये सरकार समाजपार्टी कार्यकर्ताओं पर जुल्म कर रही है तभी तो राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने क्ष के द्वारा गांव-गांव आहान्न रखा अगर हमारे किसी भी कार्यकर्ता को तंग करेगी पुलिस तो उसकी खैर नहीं आते ही हमारे कार्यकर्ताओं के ऊपर मिनी गुंडा एक्ट कार्रवाई करेगा प्रशासन ये ठुकतई बर्दाश्त नहीं होगा आप सभी लोग एकजुट होकर समाजवादी पार्टी को वोट दें इस मौके पर जानू चैयरमैंन अर्पित शुक्ला अमन खान तस्लीम खान राहुल यादव तस्लीम सिद्दीकी वेदराम चेतन सुगर सिंह नीरज पाल पप्पू कठेरिया हरमान सिंह मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने बैठककर सर्वे के कार्य में तेजी लाएं जाने के दिए निर्देश

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़**



## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गांधी सभागार में बैठक संपन्न

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में स्वच्छ भारत मिशन एवं उ0प्र0 ग्रामीण आजीविका मिशन (प्रेरणा) के संबंध में बैठक संपन्न हुई। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि ग्राम नजरापुर में प्रयोग करके देखें कि कन्वर्जन के माध्यम से व्यक्तिगत सोकपिट, सिल्ट केयर, फिल्टर चैंबर, हैंड पाइप सोख फिट, ग्रे वॉटर मैनेजमेंट सिस्टम, नाली आदि बेहतर कार्य कैसे किया जा सकता है। बहुत स्कीमें है आपस में जोड़कर कुछ नया कार्य करें। जो भी कार्य किए जाएं मानक के अनुसार किए जाएं। कहा कि जिस प्रकार ग्राम उदैतापुर में शतप्रतिशत कूड़ा उठाने का कार्य शुरू हुआ है। सभी ब्लॉकों की एक-एक ग्राम में शतप्रतिशत कूड़ा उठाने का कार्य शीघ्र शुरू किया जाए। ठीक इसी प्रकार सभी ग्राम पंचायतो में कार्य करना होगा। कितने गांव में कूड़े उठाने का कार्य शुरू हो रहा है प्रेजेंटेशन बनाया जाए। ग्राम पंचायत में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन का 13 ग्राम पंचायतो का शेष भुगतान शीघ्र किया जाए। उन्होंने एडीओ पंचायतो को निर्देश दिए कि रेट्रोफिटिंग सर्वे का जो कार्य है समय से कराया जाए।

**जिलाधिकारी** शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जले हुये गांव के भू-अभिलेख बनाने रिकॉर्ड सर्वे एवं गौशालाओं की प्रगति के संबंध में बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि गांवो में रिकॉर्ड सर्वे का कार्य कई वर्षो से चल रहा है। लेकिन अभी तक पूरा नही हुआ है। सर्वे के कार्य में तेजी लाएं। ग्राम महाबलीपुर एवं ताजपुर नौकास्त का नोटिफिकेशन आते ही आगे की प्रकिया शीघ्र पूर्ण की जाएं। रजिस्टार और कानून गो से रिकॉर्ड लेकर ग्राम जलालपुर अमरा के कार्य में तेजी लाकर नवंबर तक पूर्ण कर लिया जाये। कास्तकारों का मौके में वेरिफिकेशन करें। जिलाधिकारी ने कहा कि 35 जले हुए ग्रामों के अभिलेख बनाए जाने के संबंध में चकबंदी आयुक्त को समय समय से जनकारी अवश्य दें और मैन पावर बढ़ाकर कार्य में तीव्रता लाई जाए। जो कार्य योजना बनाएं उसी के अनुसार समीक्षा करें। कार्य करने में सुविधा होगी। तहसील तिर्वा में जले हुए गांवो में भी अभिलेख बनाए जाने का कार्य शुरू कर दिया जाए। अपने कार्यो के प्रति संवेदनशील होकर कार्य करें। निर्देश दिए कि 5 वर्ष से पुराने मुकदमों का निस्तारण शीघ्र से शीघ्र किया जाए। यह शासन की प्राथमिकताओं में से एक है। डीएम ने कहा कि जिस ग्रामीण क्षेत्र में निराश्रित गोवंश फसल को नुकसान कर रहे हैं, सूचना दें, निश्चित ही उन्हें पकड़कर गौशालाओं में संरक्षित किया जाएगा। अब किसानों को निराश्रित गोवंशों की समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माणधीन गौशालाओं का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए। जब गौशालाओं की संख्या बढ़ेगी तो निश्चित रूप से गोवंश इधर-उधर नहीं दिखेंगे। जनपद में गौशालाओं की कमी नहीं है, गोवंशों की देख रेख के लिए सरकार पैसा दे रही है। किसी प्रकार की कमी नहीं होना चाहिये। जिन गौशालाओं में गोवंशों की संख्या ज्यादा है। दूसरे गौशालाओं में शिफ्ट किया जाए। प्रोफेशनली होकर कार्य करें। फसल बुवाई के समय गौशालाओं से गोबर खाद्य विक्रय की जाए, यह खाद्य फसल और खेती के लिए बहुत ही उपयोगी होती है। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए की नंदी गौशालाओं को बनाये जाने पर भी ध्यान दिया जाए और जहां नंदी गौशालाएं बनाई जाएं स्पेस ज्यादा होना चाहिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, अपरजिलाधिकारी (न्यायिक) देवेन्द्र सिंह, प्रशिक्षु आईएस स्मृति मिश्रा सहित संबंधित अधिकारीगण रहे।

# ब्रह्माकुमारी शाखा शिवदर्शन भवन में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

ब्रह्माकुमारीज शाखा शिवदर्शन भवन में 15 अगस्त को 78 वॉं स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नशा मुक्त समाज बनाने की प्रतिज्ञा कराई गई। मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष रणविजय ने ध्वजारोहण कराया। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष राजबेटी शंखवार, पति श्रीकृष्ण कुमार शंखवार की गरिमामयी उपस्थिति रही। नगर व गांव के सैकड़ों नर नारी व युवाओं ने भाग लिया। बी0के0 रिया बहन ने स्वागत डांस, कुमारी झलकए कुमारी पलक, कुमारी प्रिया ने देशभक्ति डांस प्रस्तुत किया। बी0के0 अभिषेक भाई ने सफल मंच संचालन किया। बी0के0 जोती बहन ने मेहमानों को तिरंगा पगड़ी व पट्टी पहनाकर स्वागत किया। सेवा केन्द्र संचालिका बी0के0 ऊषा बहन ने बताया कि जो आजादी हमें मिली है वह अधूरी आजादी है आज का मानव माया के पांच विकारों की गुलामी में है स्वयं परमपिता परमात्मा शिव हमें माया के चंगुल से छुटकारा दिला ने आया है जिसका यादगार है। रक्षाबंधन। यही वो पवित्रता का बंधन है जिससे माया के बंधन कट जायेंगे । इसके बाद बहन जी ने कार्यक्रम में भाई बहनों की कलाई पर राखी बांधकर मुख मीठा कराया तथा ईश्वरीय सौगात भेंट कर विदाई की।


कार्यक्रम के दौरान मौजूद थानाध्यक्ष व नगर पंचायत अध्यक्ष — समृद्धि न्यूज

### महिला व उसके परिजनों के साथ ससुरालीजनों ने की मारपीट

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव नगला जब्ब निवासी फूलमती पत्नी जतिन कुमार ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह बीते कुछ दिन पूर्व अपने मायके चली गई थी। उसके जाने के उपरांत उसके ससुर की मौत हो गई। जिसकी सूचना पाकर पीड़िता अपने परजनों को साथ लेकर अपनी ससुराल आयी, तभी ससुरालीजनों ने तथा सास ने कहा कि अब तू क्या करने आई है और गाली-गलौज करने लगे। जिसका विरोध करने पर पीड़िता के बताए अनुसार उसकी मां के साथ-साथ तथा गांव की महिलाओं ने मारपीट की। मां को बचाने आई गांव बराकेशव निवासी बुआ रामश्री पत्नी हुकुम सिंह के भी साथ मारपीट की। पीड़िता ने थाना पुलिस को ससुरालीजनों के विरुद्ध मामले की तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने मामले के जांच करने हेतु बबना चौकी इंचार्ज को प्रार्थना पत्र भेज दिया है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम ने सुनीं समस्यायें

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

**उपजिलाधिकारी** की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें दूरदराज से आये फरियादियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को जल्द से जल्द गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए गये। उप जिलाधिकारी ने कहा कि समस्याओं के निस्तारण में हीलाहवाली कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी। मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक डा0 सुरभि गंगवार, अपर पुलिस अधीक्षक डा0 संजय सिंह, तहसीलदार कर्मवीर, नायब तहसीलदार सर्जन कुमार, वन क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार, खण्ड शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश पाल, कायमगंज सीएचसी चिकित्सा प्रभारी शोभित शाक्य, कायमगंज कोतवाली के एसएसआई राजेश कुमार, कम्पिल थानाध्यक्ष जितेन्द चौधरी, शमसाबाद थानाध्यक्ष बलराज भाटी, नवावगंज थानाध्यक्ष आमोद कुमार सहित अन्य विभागों के लोग मौजूद रहे।


सम्पूर्ण समाधान दिवस में समस्यायें सुनते एसडीएम

## खबरें चलते-चलते

### मारपीट में आठ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रास्ते से निकलन से मना करने पर दबंगों ने पीड़ित व उसके परिजनों के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आठ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। पीड़ित आशाराम पुत्र द्वारिका प्रसाद निवासी याकूतगंज, थाना कोतवाली फतेहगढ़ का निवासी है। आज समय करीब 6.20 बजे पीड़ित अपने दरवाजे पर बैठा था, तभी पीड़ित के पड़ोस में रहने वाले डॉ0 शनी के घर पर इमरान पुत्र अफसर व विलाल पुत्र आकिल निवासीगण हाजीगंज याकूतगंज पीड़ित व डॉ0 शनी के मकान के बीच में उत्तर की तरफ जाने वाला सम्मिलित रास्ता है। उस पर इमरान व विलाल पीछे की तरफ कई बार आ रहे थे। चूंकि पीड़ित के घर पर बहुएं व पुत्र की पुत्रियां हैं। इसलिए पीड़ित ने उक्त लोगों को रोककर कहा कि आप लोग अक्सर इधर आते रहते हैं, आखिर क्यों। इस पर दोनों लड़के पीड़ित को गाली देने लगे और भला बुरा कहने लगे। तब यह सुनकर पीड़ित का बड़ा पुत्र सुरजीत पुत्र आशाराम व भतीजा रघुवीर पुत्र शिवनाथ आ गये और बीच बचाव करने लगे। इस पूरे घटनाक्रम में 10 का समय बीत गया। इतनी देर में इमरान के पिता अफसर व शाहिद पुत्र असगर, राशिदद पुत्र असगर, नदीम पुत्र रफीक, विलाल उपरोक्त, शोहरत पुत्र वाहित सभी निवासीगण याकूतगंज थाना कोतवाली फतेहगढ़ जिला फर्रुखाबाद व 7-8 व्यक्ति नाम, पता अज्ञात आ गये और पूछने लगे। इतने मे इमरान, विलाल व उपरोक्त लोगों ने पीड़ित, पीड़ित के पुत्र व भतीजे के साथ मारपीट करने लगे तथा घर में घुसने की कोशिश करने लगे। शोरगुल सुनकर सक्सेना व पीड़ित के परिवार के मदनलाल व उनके लड़के व कई अन्य लोगों के आ जाने से उक्त सभी लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। 112 नंबर पर फोन किया। इसके साथ थाने जाकर प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर उपरोक्त लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

### साहसी बालिका संस्था की सदस्यों ने पुलिसकर्मियों के बांधी राखी



**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** साहसी बालिका संस्था के सदस्यों ने शनिवार को थाना कायमगंज में जाकर सभी पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों को राखी बांधी। 24 घंटे सेवा करने वाले पुलिस प्रशासन के लोग त्योहार पर अपने घर नहीं जा पाते। रक्षाबंधन पर पुलिस कर्मियों की कलाई सूनी न रहे, इसलिए साहसी बालिका संस्था ने राखी बांधी। संस्था की सदस्यों ने कायमगंज क्षेत्राधिकार जय सिंह परिहार, कायमगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रामअवतार, अपराध शाखा प्रभारी राजेश, उप निरीक्षक नितिन कुमार, उप निरीक्षक कृष्णपाल कश्यप, कांस्टेबिल सिंधु सिंह, कांस्टेबिल मनोज कुमार, कांस्टेबिल रोहित, कांस्टेबिल अशोक आदि सभी को राखी बाधी। इस दौरान संस्था की सदस्यखुशबु मिश्रा, शिल्की मिश्रा, अंजू, निकेता, संजना, गरिमा, कशिश, चांदनी ने सभी को राखी बांधी।

### पुत्री के साथ दुष्कर्म किये जाने की दी तहरीर

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया है कि 15 अगस्त की दोपहर 2 बजे मेरी 17 वर्षीय पुत्री खेत पर चारा लेने गयी थी। वहीं खेत पर गांव का अखिलेश शाक्य 35 वर्ष पहले से मौजूद था। उसने पुत्री का मुंह बंदकर पास में मेरे पुराने ट्यूबवेल की कोठरी में ले जाकर दुर्ष्म किया। पुत्री ने घटना की जानकारी घर पर आकर मुझे दी। उस समय मेरे पति नोयडा में थे। उनके घर आने पर शनिवार को रिपोर्ट लिखाने आई हूँ।

### अखिल भारतीय किसान यूनियन ने मनाया स्वतंत्रता दिवस

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** अखिल भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष प्रेमचंद सक्सेना ने अपने निवास अताईपुर कोहना में स्वतंत्रता दिवस मनाया। अखिल भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले 78वें स्वाधीनता दिवस पर ग्राम पंचायत अताईपुर कोहना में किसान भाईयों व ग्रामवासियों ने मिलकर स्वतंत्रता दिवस को बड़े धूमधाम से मनाया। वहीं शहीदों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धाजलि अर्पित की। इस मौके पर सभी ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। इस मौके पर सन्तराम, परमानन्द, सुमित कुमार शाक्य, अनोखे लाल, कोटेदार रामाधार, केदार, लोचन प्रसाद, दयाशंकर, सुग्रीव, रामरहीस, रमेशचन्द्र पाल, तहसील अध्यक्ष मोतीलाल शाक्य, जिला अध्यक्ष डा0 प्रेम चन्द सक्सेना आदि कई ग्रामवासी उपस्थिति रहे।

# नेताजी सुभाषचंद्र बोस को समर्पित युवाओं ने निकाली रैली

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**स्वतंत्रता दिवस** के उपलक्ष्य में नवाबगंज कस्बे में नेताजी सुभाष चंद्र बोस रैली का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व पुराना गनीपुर निवासी छात्र नेता सूर्यांश रंजन ने किया। रैली को शमशाबाद थाना क्षेत्र स्थित चिलसरा चौकी से भारत माता की जय के नारे के साथ सूर्यांश रंजन ने झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में दो पहिया के साथ चार पहिया वाहन भी शामिल थे। रैली चिलसरा पुलिस चौकी से प्रारंभ होकर दुबरी, भटपुरा, बैरमपुर, असगरपुर, हजियांपुर और मंझना होते हुए नवाबगंज कस्बे तक पहुंची। विभिन्न स्थानों पर स्थानीय लोगों ने रैली का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। रैली के समापन पर छात्र नेता सूर्यांश रंजन ने अपने आवास पुराना गनीपुर में ध्वजा रोहण कार्यक्रम रखा था। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राजीव रंजन लोकदल के प्रदेश महासचिव ने ध्वजारोहण कर रैली का समापन किया। रैली को नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नाम पर समर्पित करते हुए सभी प्रतिभागियों ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर रालोद के प्रदेश महासचिव राजीव रंजन, शिक्षक संजीव रंजन, दिव्यांश रंजन, विमल यादव, अर्जुन चतुर्वेदी, जयदेव, अंशुल ठाकुर, मयंक पंडित, राज मिश्रा, लविश, निखिल यादव और दीपक सिंह सहित बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे। रैली की सुरक्षा व्यवस्था थाना प्रभारी निरीक्षक अमोद कुमार के नेतृत्व में भारी पुलिस बल द्वारा सुनिश्चित की गई।


रैली निकालते युवा — समृद्धि न्यूज

# शराब के लिए पैसे न देने पर गुस्साये मजदूर ने लेंटर की हटायी बल्ली

▸ लेंटर गिरा, पीड़ित ने थाना पुलिस को दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**लेंटर डलवाकर** शराब के लिए पैसे ना देने पर दबंग युवक ने लेंटर सपोर्ट में लगायी गयी बल्ली हटा दी। जिससे लेंटर गिर पड़ा। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर दी है।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव सितवनपुर पिथू निवासी विजेंद्र सिंह पुत्र रामशरण कठेरिया ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने बीते दिन अपने घर का लेंटर डलवाया था। लेंटर डलवाने के बाद वह पड़ोसी के घर पर जाकर बैठ गया और खाना खाने लगा, तभी मजदूर अवधेश उर्फ भूरे पुत्र अनोखेलाल उसके पास आया और पीड़ित के बताए अनुसार उससे शराब पीने के लिए पैसे मांगे। जब पीड़ित ने पैसे देने में असमर्थतता जतायी, तो आरोपी युवक दौड़कर पीड़ित के ताजा पड़े लेटर की बल्लियां उखाड़ने लगा। जब पीड़ित भागकर मौके पर पहुंचा और बल्ली उखाड़ने से मना किया, तो आरोपी युवक हाथापायी करने लगा और उसने एक बल्ली गिरा दी। जिससे लेंटर भी गिर गया। तब पीड़ित थाने आया और थाना पुलिस को गांव के ही नामजद आरोपी अवधेश उर्फ भूरे पुत्र अनोखेलाल निवासी सिताावनपुर पिथू थाना नवाबगंज के विरुद्ध मारपीट कर जानमाल की धमकी देकर लेंटर गिराने की थाने में तहरीर दी। थाना पुलिस ने पीड़ित को मामले की जांच कर कार्रवाई करने की बात कही।

# कोलकाता की घटना को लेकर काली पट्टी बांधकर डॉक्टरों ने किया विरोध प्रदर्शन

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज**

**कोलकाता** के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में लेडी डॉक्टर के साथ हुई रेप और मर्डर की वारदात के विरोध में सरकारी चिकित्सकों ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया हैं। उनके द्वारा इस दौरान कामकाज को जारी रखा गया।

कोलकाता में डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या की जघन्य वारदात का विरोध पूरे देश में फैलता जा रहा है। जनपद के सरकारी चिकित्सकों ने भी इसका विरोध किया। उनके द्वारा काली पट्टी बांधकर काम किया गया। सीएमओ कार्यालय में एसीएमओ सहित डक्टरों ने काली पट्टी बांधी और सरकार को चेतावनी दी कि यदि इस मामले में न्याय नहीं हुआ तो आगे भी विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। कमालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अजय कुमार ने बताया कि आज सभी चिकित्सक चाहे वह मुख्यालय पर तैनात हो या ग्रामीण क्षेत्रों में सभी काली पट्टी बांधकर काम कर रहे हैं इससे चिकित्सा कार्य प्रभावित नहीं हो रहा। यह सांकेतिक विरोध प्रदर्शन है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रशासन की ओर से अभी कोई हड़ताल का निर्देश नहीं मिला है। हम बिना काम को बाधित किए यह प्रदर्शन कर रहे हैं। यदि प्रांतीय आह्वान पर हड़ताल का आदेश मिलता है तो निश्चित तौर पर हड़ताल की जाएगी, लेकिन उससे पहले सरकार से लेडी डॉक्टर को न्याय दिलाकर दोषियों को कठोर से कठोर सजा मिलनी चाहिए। इस दौरान डॉक्टर विकास पटेल, डॉक्टर मानसिंह वर्मा, आदि चिकित्सक मौजूद रहे।

### अमित दुबे उर्फ बब्बन न्यायालय में पेश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अमित दुबे उर्फ बब्बन दुबे को पुलिस ने एससी/एसटी न्यायालय में पेश किया। डॉ0 अनुपम दुबे के छोटे भाई इन दिनों जनपद हरदोई जेल में निरुद्ध हैं। थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के निवासी एकलव्य पुत्र रामलाल ने फर्जी प्रपत्र व धोखाधड़ी, दलित उत्पीड़न के तहत अनुपम दुबे, अनुराग दूबे, अमित दुबे सहित नौ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करवाया था। उक्त मामले में शनिवार को हरदोई जेल से कड़ी सुरक्षा के बीच पुलिस ने जनपद फतेहगढ़ न्यायालय परिसर के एस0सी/एस0टी0 कोर्ट में पेश किया। मुकदमे में सुनवाई हेतु 31 अगस्त की तिथि नियत है।

# पाक्सो एक्ट के आरोपी को तीन वर्ष का कारावास

▸ बीस हजार रुपये का जुर्माना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**अपर जिला** जज विशेष पाक्सो एक्ट न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने ओमकार पुत्र राजबहादुर निवासी ग्राम मुड़ौल कोतवाली कायमगंज को दोषी करार देते हुए तीन वर्ष का कारावास व बीस हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

बीते आठ वर्ष पूर्व कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के निवासी युवक ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि मेरी 15 वर्षीय पुत्री जो कि कक्षा 9 की छात्रा है। मेरी पुत्री को स्कूल आते जाते समय नरवीर, ओमकार छेड़छाड़ करते हैं। दिनांक 17 अगस्त 2016 को मेरी लड़की स्कूल से वापस आ रही थी कि नरवीर, ओमकार रास्ते में मोड़ पर बुरी नियत से लड़की को पकड़ लिया। लड़की के शोर करने पर मैं व मेरी पत्नी मौके पर पहुंच गए। वह दोनों गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। इस घटना को कई लोगों ने देखा है। पुत्री बुरी तरह से भयभीत है। पुलिस ने तहरीर के आधार मुकदमा दर्ज कर विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायलाय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। मुकदमा सुनवाई के दैरान नरवीर की मृत्यु हो गयी थी। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह, विकास कटियार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने ओमकार को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर तीन वर्ष का कारावास व बीस हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

### चोरों ने शटर काटकर नकदी व किराने का सामान किया पार

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** चोरों ने शटर काटकर लाखों की नकदी व किराने का सामान पार कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चिलाँका निवासी महमूद अली पुत्र मकसूद अली ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि मेरी महमूद किराना स्टोर के नाम से जवाहरगंज सब्जी मन्डी में दुकान है। रोज की भांति दुकान बन्द करके अपने घर चला गया था। जब सुबह होने पर अपनी किराना दुकान खोलने आया, तो दुकान में लगे दो शटर को अज्ञात चोरों ने बाहर व अन्दर शटर काटकर दुकान में रखी दो लाख की नगदी व अस्सी हजार का किराने का का सामान चोर चुरा ले गये। घटना की सूचना पर कस्बा चौकी इंचार्ज विद्या सागर तिवारी, कांस्टेबिल विनीत कुमार ने पहुँचकर जाँच पड़ताल की।

# बीस योजनाओं में जनपद की रैंक खराब: डीएम


बैठक लेते जिलाधिकारी — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सी0एम0 डेशबोर्ड पोर्टल आधारित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में 27 विभागों की 74 योजनाओं की समीक्षा की गई। सीएम डेशबोर्ड पोर्टल पर जनपद की 46 रैंक है। 20 योजनाओं में जनपद की रैंक खराब है। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, पी0एम0 कुसुम योजना, एमए सेमी, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, जलजीवन मिशन, डेएनआरएलएमए, एम्बुलेंस, पंचायतीराज के 15वें वित्त समाज कल्याण की राजकीय पारिवारिक लाभ योजना में जनपद की रैंक खराब पाई गई। खराब परफॉरमेंस पर डी0डी0 एग्रीकल्चर व डी0पी0आर0ओ0 का जबाव तलब किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# बीडीओ के फरमान का कर्मचारियों पर नहीं हो रहा असर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकास खण्ड अधिकारी के निर्देश के बावजूद भी ब्लाक कर्मचारी समय से नहीं आ रहे हैं। हालांकि 14 अगस्त को दो कर्मचारी को छोड़कर सभी अनुपस्थित मिले थे। जिस पर सभी का वेतन रोकने के निर्देश दिये थे, लेकिन इसके बाद भी कर्मचारी सुधरने का नहीं ले रहे हैं। नवाबगंज विकास खंड कार्यालय पर लगातार कर्मचारी अपनी मनमानी पर उतारू हैं। समय से ना आना उन्होंने अपनी दिनचर्या में शुमार कर लिया है। बीते 14 अगस्त को विकास खंड अधिकारी सुबह अपने कार्यालय टाइम पर आ गए, तो उनको सभी कर्मचारी अनुपस्थित मिले। एक दो कर्मचारी छोड़कर बाकी सभी अनुपस्थित मिले। जिस पर विकास खंड अधिकारी ने सभी की अनुपस्थित लगाकर और वरिष्ठ लिपिक आलोक दीक्षित को सभी का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि पत्राचार कर उच्च अधिकारियों को भी अवगत करा दिया जाए। वहीं शनिवार को विकास खंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव तहसील दिवस में जाने के लिए अपने समय से विकास खंड कार्यालय पर आ गए, तो आज भी वही स्थिति देखी गई। जिस पर ज्यादातर कर्मचारी नदारत मिले, लेकिन जब विकास खंड अधिकारी से जानकारी की गई, तो उन्होंने बताया कि सभी कर्मचारी नदारत नहीं थे, लेकिन अधिकांश कर्मचारी समय से कार्यालय नहीं आए। उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों से पता चला कि जिन अधिकारियों ने आरजू मिन्नत कर ली उनको विकासखंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव ने उपस्थित होना दर्शाया है, लेकिन विकासखंड अधिकारी के औचक निरीक्षण में कर्मचारी नदारत मिलते हैं। कर्मचारियों ने अपना 11-12 बजे का समय बना लिया है। ऐसे में जनता का क्या काम होगा। 11.00 बजे जाकर समय से पूर्व घर चले जाना इससे तो यह लगता है कि विकास खंड के कर्मचारी अपने अधिकारी का फरमान नहीं मानते हैं।

# ऋषि एकेडमी में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



कार्यक्रम के दौरान मौजूद डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव व प्रबंधक चंद्रपाल सिंह यादव आदि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**ऋषि एकेडमी** माधवपुर में धूमधाम से 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि के रुप में डा0 जितेन्द्र सिंह यादव मौजूद रहे। डा0 जितेन्द्र सिंह यादव ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए भारत को आजादी दिलाने वाले महापुरुषों के इतिहास के बारे में बताया और उनसे प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। प्रबंधक चन्द्रपाल सिंह यादव ने भी विद्यार्थियों को सम्बोधित किया तथा उन्हें स्वतंत्रता दिवस के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज के ही दिन हमको अंग्रेजों की गुलामी से आजादी मिली थी। विद्यार्थियों ने रंगारंगा कार्यक्रम कर सबका मन मोह लिया। चन्द्रपाल सिंह यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर प्रधानाचार्या रागिनी यादव व समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# 'देश की आजादी में वीरांगना अवंतीबाई ने निभाई थी अहम भूमिका'

मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**वीरांगना अवंतीबाई** लोधी की 193वीं जयंती ठंडी सड़क स्थित नव भारत सभाभवन में धूमधाम से मनायी गई। मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री वीएल वर्मा, विशिष्ठ अतिथि सांसद मुकेश राजपूत, विधायक कैलाश राजपूत व जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता को नवाबगंज नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मेधावी छात्राओं को अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।



केंद्रीय राज्यमंत्री वीएल वर्मा को सम्मानित करते अनिल राजपूत — समृद्धि न्यूज

वीरांगना अवंतीबाई लोधी की जयंती पर मुख्य अतिथि वीएल वर्मा ने कहा कि वह अजादी की प्रथम नायिका थी। उन्होंने देश की आजादी में अहम भूमिका निभाते हुए बलिदान हो गयी। पूरा देश आज उनकी जयंती पर उन्हें याद कर रहा है। हमें ऐसे महापुरुषों से सीख लेनी चाहिए और उनके पदचिन्हों पर चले। उन्होंने समाज के लोगों से अपील की कि अपने बच्चों को शिक्षित बनाये। विशिष्ठ अतिथि सांसद मुकेश राजपूत ने अवंतीबाई के इतिहास पर प्रकाश डाला। इस मौके पर नवाब सिंह वर्मा, फतेहचन्द्र राजपूत, भाजपा जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता, डा0 भूदेव राजपूत, श्याम सुंदर लल्ला, राहुल राजपूत, शीलचन्द्र राजपूत, ईश्वर दयाल राजपूत, अनिल राजपूत, नरेश चन्द्र राजपूत, शिवम वर्मा, धीरेन्द्र वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# डीएसबीडी पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया राखी उत्सव

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**डीएसवीडी** पब्लिक स्कूल पंचालघाट में राखी उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। बेटियों ने भाइयों की कलाइयों पर राखी बांधी। विद्यालय में राखी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। छात्राओं ने छात्रों को राखी बांधी और वचन लिया कि हर सुख दुख में एक दूसरे के साथी बनेगें। चाहे वह विद्यालय की बहन या परिवार की सबकी मदद करने का संकल्प दिलाया गया। बेटी नित्या, अंजली, अदिति, सलोनी, मुस्कान, दिव्या, प्राची, जानवी, नेहा, अभिलाषा, आंशी ने भाई हिमांशु, आशीष, हिमांशू, विशाल, आर्यन, शुभम, राजाबाबू, निहाल तथा समस्त बच्चों को राखी बांधी गई। एमडी व प्रधानाचार्य विभोर सोमवंशी व समस्त अध्यापक निर्भय मिश्रा, अभिनव पाल, सुरजीत, ज्ञानप्रकाश, अध्यापिका आकृति मिश्रा, कीर्ति त्रिवेदी, सोनाली, अंशिका पांडेय, रूबी आदि की देखरेख में राखी उत्सव मनाया गया।


भाइयों की कलाई पर राखी बांधती छात्रा बहने

# जेएन मेमोरियल स्कूल में कैप्टन व वाइस कैप्टन का हुआ चुनाव

मेहंदी व राखी मेकिंग प्रतियोगिता सम्पन्न

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**जेएन मेमोरियल** स्कूल में लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव में छात्र-छात्राओं ने स्कूल कैप्टन, स्कूल वाइस कैप्टन तथा हाउस कैप्टन व वाइस कैप्टन को वोट देकर चुना। मुख्य अतिथि कादरीगेट थानाध्यक्ष अवध नारायण पाण्डेय, प्रबंधक अंजुम दुबे ने छात्र-छात्राओं को शपथ दिलायी। अतिथियों ने मां वीणा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया। तुलसी जयंती, मेहंदी एवं राखी मेकिंग प्रतियोगिता करायी गई।



कार्यक्रम में मौजूद बच्चे व अतिथि — समृद्धि न्यूज

विजयी प्रतिभागियों को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि रामचरित मानस त्याग और परिभाषित करता है, अनुकरणीय है। माता-पिता यह चाहते है कि उनका पुत्र राम और बेटी सीता बने और बच्चे में अनुशासन में रहकर अध्ययन करें। दुष्यंत दुबे ने अतिथियों का स्वागत कर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अनुराग, अमन, माधव सिंह, राहुल सिंह, कृतिका, कीर्ति, अंजली राजपूत, शिवानी सिंह, प्रिया कुशवाहा, सपना शुक्ला, प्रिया सिंह, निशा, रेखा त्रिवेदी, रेशू कटियार, आरती राठौर, डिम्पल आदि लोग मौजूद रहे।

# केंद्रीय मंत्री का पूर्व सभासद ने अपने निवास पर किया स्वागत


श्याम सुंदर लल्ला के साथ बीएल वर्मा — समृद्धि न्यूज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने नवभारत सभा भवन में आयोजित वीरांगना अवंतीबाई लोधी की जयंती कार्यक्रम के बाद पूर्व सभासद तलैया फजल इमाम निवासी श्याम सुंदर लल्ला के निवास पर जाकर परिजनों से मुलाकात की। श्याम सुंदर लल्ला के अनुरोध पर बीएल वर्मा उनके निवास पर पहुंचे और राजनैतिक चर्चा की। श्याम सुंदर लल्ला ने बीएल वर्मा का फूल मालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर उनके परिवार व समर्थक मौजूद रहे। व्यवस्था शिवम वर्मा ने देखी।

## खबरें एक नजर में

### किसानों ने बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार को रुकवाये जाने की मांग


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते किसान नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के पदाधिकारियों ने बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार को रुकवाये जाने के लिए प्रधानमंत्री सम्बोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट संजय सिंह को सौंपा। दिये गये ज्ञापन में दर्शाया कि किसान दिन रात मेहनत कर अन्न उगाते है और उस अन्न को खाने वाले यह नहीं देखते कि यह किस जाति अथवा किस धर्म ने पैदा किया है उस अन्न को खाकर मानव जाति अपना पेट भरता है। बांग्लादेश में जिस तरह एक धर्म के नाम पर धार्मिक उन्माद चल रहा है और हिन्दुओं पर अत्याचार हो रहा है, एक ही धर्म के धार्मिक स्थानों को गिराया जा रहा है। जो वीडियो सोशल मीडिया के माध्यम से देखने को मिल रहे है वह बहुत कष्टदायक व निंदनीय है। बांग्लादेश में निवास करने वाले लोग भारत के बगैर बांग्लादेश की आजादी की कल्पना भी नहीं कर सकते थे। भारत एक ऐसा देश है जहां सभी धर्म के लोग सौम्प्रदायिक सौहार्द के साथ रहते है। किसानों ने बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार को रोकने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष रामबहादुर राजपूत, संजय गंगवार, राममोहन दीक्षित, रामवरन यादव, नन्हेलाल राजपूत, जगदीश चन्द्र आदि मौजूद रहे।

### ई-रिक्शा-मोटरसाइकिल भिड़ंत में तीन घायल


घटनास्थल पर खड़ी क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज।** ई-रिक्शा व मोटर साइकिल की भिड़ंत में तीन लोग घायल हो गये। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार थाना राजेपुर के अंतर्गत ग्राम कुइयां निवासी काले पाठक पुत्र राम हरी पाठक अपनी मोटरसाइकिल संख्या-यू.पी.84के4652 से कस्बा राजपुर आए थे। कड़क्का निवासी विपिन पुत्र अमर सिंह अपना ई-रिक्शा जिसका पंजीयन नंबर यू.पी.76टी9415 सवारी भरकर फर्रुखाबाद जा रहे थे। जैसे ही कस्बा राजेपुर में संजय कुमार गुप्ता की दुकान के सामने पहुंचे तभी काले पाठक की मोटरसाइकिल तीव्र गति में अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा से जा टकराई। जिससे ई-रिक्शा मौके पर पलट गया। मोटरसाइकिल सवार युवक व ई-रिक्शा में बैठी सवारी शान मोहम्मद, उनकी माता आसमा पत्नी सैजुद्दीन निवासी कड़क्का थाना राजेपुर घायल हो गई। जिसे व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर पहुंचाया। डॉ0 प्रमित कुमार वर्मा ने शान मोहम्मद, उनकी माता आसमा बेगम को भर्ती कर लिया। वहीं हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार करने के बाद काले पाठक को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।

### महिलाओं के सम्मान में एबीवीपी उतरा मैदान में


विरोध प्रदर्शन करते एबीवीपी कार्यकर्ता

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शमशाबाद नगर इकाई ने पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ रोड पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। पश्चिम बंगाल के कोलकाता के आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गयी। पश्चिम बंगाल में बीते कई माह से महिलाओं के साथ घटनायें हो रही हैं। दुष्कर्म से संलिप्त लोगों को बचाने का प्रयास पश्चिम बंगाल की ममता सरकार कर रही है। इन घटनाओं को ध्यान में रखते हुए ममता सरकार के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शमशाबाद नगर इकाई ने विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर विद्यार्थी परिषद के जिलाध्यक्ष प्रियांशु सक्सेना, नगर मंत्री शमशाबादए शिवम, एसएफएस प्रमुख श्रवण, नगर मंत्री श्याम सुंदर, पूर्व नगर अध्यक्ष प्रवीण, बृजेश के अलावा शमशाबाद नगर इकाई के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# छात्राओं ने सैन्य अधिकारियों को राखी बांध देश की रक्षा का लिया वचन


सैन्य अधिकारी के राखी बांधती छात्रा — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रक्षाबंधन के अवसर पर सेंट पॉल्स ब्राइटन अकेडमी की छात्रों द्वारा रक्षाबंधन का त्योहार हमारे देश के सैन्य अधिकारियों तथा वीर सैनिकों के साथ मनाया गया। विद्यालय में राखी बनाओं प्रतियोगिता में चयनित राखियों को वीर सैनिकों की कलाइयों पर बांधकर विद्यालय की छात्रों द्वारा देश की रक्षा का वचन सैन्य अधिकारियों तथा सनिकों से लिया। अधिकारियों तथा सैनिकों द्वारा छात्रों को उपहार स्वरूप चॉकलेट्स आदि अन्य उपहार प्रदान किए गए। इस अवसर पर राजपूत रेजीमेंट के सैन्य अधिकारी, जवान, शिक्षकगण, विद्यालय की छात्राएं अरीबा, जाह्नवी, प्रिया पाल तथा अवंतिका आदि मौजूद रही।

# चिकित्सकों ने आईएमए के आवाह्न पर किया विरोध प्रदर्शन

मृतका महिला डाक्टर को न्याय दिलाने के लिए आरोपियों को कड़ी सजा देने की उठायी मांग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**इंडियन मेडिकल** एसोसिएशन ने मार्च निकालकर ज्ञापन सौंपा। आईएमए के आवाह्न पर चिकित्सकों ने हड़ताल जारी रखी और कलकत्ता में महिला डाक्टर की निर्मम हत्या और बलात्कार के विरोध में दोषियों को कठोर सजा देने की मांग की। प्रधानमंत्री सम्बोधित ज्ञापन में दर्शाया कि आरजी कार मेडिकल कालेज कोलकता में पल्मोनरी मेडिसन की रेजीडेंट महिला डाक्टर की नृशंस हत्या के विरोध में चिकित्सकों में आक्रोश है। सभी शिक्षकों ने राष्ट्रव्यापी हड़ताल जारी रखते हुए आंदोलन किया और आरोपी के खिलाफ ठोस व कड़ी कार्यवाही करने की मांग की। दोषियों को तत्काल गिरफ्तार कर अधिकतम समय में सजा दी जाये। डाक्टरों एवं स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों को सभी प्रकार के अत्याचारों से बचाने के लिए केंद्रीय कानून बनाया जाये। स्वास्थ्य देखभाल संस्थानों की विशेष संरक्षित क्षेत्र घोषित करें। भारत में कहीं भी काम करने वाले मेडिकल छात्रों और सभी आधुनिक चिकित्सा डाक्टरों की सुरक्षा से संबंधित नियमों को लागू करने के लिए राष्ट्रीय चिकित्सा परिषद बनाया जाये आदि मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर अध्यक्ष डा0 विपुल अग्रवाल, सचिव डा0 प्रशांत श्रीवास्तव, डा0 विशाल अग्रवाल, डा0 उदयराज, डा0 भल्ला, डा0 नरेश शर्मा, डा0 अनवार हुसैन, डा0 ऋषिनाथ गुप्ता सहित चिकित्सक मौजूद रहे।



विरोध प्रदर्शन करते चिकित्सक — समृद्धि न्यूज

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मातृ गोष्ठी का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**सरस्वती शिशु** विद्या मंदिर सेनापति में मात्र मातृ गोष्ठी का आयोजन हुआ। प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह, प्रबंधक संजीव चौहान ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम में भइया, बहनों की माताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह ने कहा कि बच्चों की प्रथम पाठशाला उनकी मां होती है। प्रत्येक गतिविधि व शिक्षा पर ध्यान रखती है। सभी बच्चों के साथ घरों का वातावरण बनाती है।

इसकी प्रत्येक गैजेट पर शिक्षा के साथ-साथ देना ध्यान देना चाहिए। बच्चे देश का भविष्य है। इसमें सभी बच्चों के घरों का वातावरण इस प्रकार का होना चाहिए कि उन्हें संस्कार निहित गतिविधियां हो और लगातार उनके कार्यों की समीक्षा होना चाहिए। जिससे पता हो कि हमारा बच्चा क्या कर रहा है क्या नहीं और उनकी समस्याओं को जल्द से जल्द निस्तारण करें और जिससे बुरी संगत में बच्चे ना पड़े और आगे चलकर देश का उज्जवल भविष्य बन सके। इस अवसर पर सैकड़ो महिलाएं व आचार्य उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन पल्लवी राजपूत ने किया। इस दौरान मीनू वर्मा, कृष्णा दुबे, निशा, नीलम, भावना, अंजलि, आर्तिका शुक्ला, अमृता सिंह, पल्लवी, रीतू अग्निहोत्री आदि मौजूद रही।


मातृ संगोष्ठी में मौजूद मातायें — समृद्धि न्यूज

# एसएस पब्लिक स्कूल में राखी व मेहंदी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन


राखी व मेहंदी प्रतियोगिता में भाग लेते छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को एसएस पब्लिक स्कूल नारायणपुर में रक्षाबंधन पर्व को लेकर मेहंदी लगाओ और राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और राखी बनायी। मेहंदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने हिना के रंग उकेरे। मेहंदी में मेहंदी में प्रथम पुरस्कार सोनम, द्वितीय पुरस्कार वैष्णवी, तृतीय पुरस्कार तान्या को मिला। राखी बनाओ प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार काव्या, द्वितीय पुरस्कार पायल, तृतीय पुरस्कार पलक को दिया गया। इस अवसर पर चैयरमैन सुरेश चंद्र अवस्थी, मैनेजर अनुपम अवस्थी एवं प्रधानाचार्य देवेश नारायण अवस्थी, डायरेक्टर जतिन नारायण अवस्थी, कोआर्डिनेटर राहुल मिश्रा, राजेश तिवारी, प्रतिभा सिंह, पूजा, बीनू, आयुषी, कशिश, सोनू सिंह आदि ने मौजूद रहे।

# सर्म्पूण समाधान दिवस में डीएम ने तीन शिकायतों का किया निस्तारण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** तहसील सदर के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी डॉ0 वीके सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समाधान दिवस में डीएम ने जनता की समस्याओं को सुना।

शनिवार को तहसील सदर के सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 111 शिकायती प्रार्थना पत्र आए। जिनमें से मात्र 3 का ही मौक पर निस्तारण किया जा सका। थाना मोहम्मदाबाद के नहरैया के रहने वाले राम दास पुत्र तिलक राम ने इंतखाब खतौनी में नाम फीडिंग कराए जाने की मांग की। थाना कमालगंज के रहने वाले सुनील कुमार पुत्र होते लाल ने अपने भूमि में हिस्सा छूट जाने पर हिस्सा ठीक कराए जाने की मांग की है। थाना मऊदरवाजा के ग्राम हैवतपुर गढ़िया निवासी मीरा देवी पत्नी नंद राम ने अपने प्लाट को दबंगों से कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग की। मोहम्मदाबाद के ग्राम हरकमपुर में ग्रामीणों ने आम रास्ते को कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग की। समाधान दिवस में पुलिस अधिक्षक आलोक प्रियदर्शी, मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्र, उपजिलाधिकारी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।


समाधान दिवस में समस्यायें सुनते डीएम

प्रतियोगिता — सरस्वती विद्या मंदिर के कृष्णा पाण्डेय रहे अव्वल

# लायंस क्लब द्वारा पीस पोस्टर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**लायंस क्लब** फर्रुखाबाद सिटी की ओर से पीस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन मॉर्डन पब्लिक स्कूल में सम्पन्न हुआ। कनोडिया इंटर कालेज, एनएकेपी इंटर कालेज, गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल, रामानंद बालिका इंटर कालेज, रहमानी गर्ल्स इंटर कालेज, मदर्स प्राइड स्कूल, सरस्वती विद्या मंदिर श्याम नगर, ब्लूवैल मेमोरियल स्कूल, अमनतारा पब्लिक स्कूल आदि के विद्यालयों के बच्चों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि के रुप में पदारे कानपुर के वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन शरद अग्निहोत्री रहे। विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने पीस पोस्टर कॉन्टेस्ट के अन्तर्गत विश्व में शांति की असीमित सीमा स्थापित करने हेतु चित्रण किया। दो घंटे तक चली प्रतियोगिता में बच्चों ने चित्र उकेरे। मुख्य अतिथि ने विजेता के नामों की घोषणा की। जिसमें सरस्वती विद्या मंदिर श्याम नगर के कृष्णा पाण्डेय ने प्रथम स्थान, ब्लूवैल मेमोरियल स्कूल की सौम्या सिंह द्वितीय स्थान पर रही। मॉर्डन पब्लिक स्कूल की परिधि श्रीवास्तव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता बच्चों को शील्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि कार्यक्रम प्रशंसनीय योग्य है। सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पीस पोस्टर प्रतियोगिता के डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन लायन राजन महेश्वरी, चेयरमैन लायन रोहित गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अध्यक्ष रचित टंडन एवं मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। इस मौके पर विवेक अग्रवाल, निमिषा गुप्ता ने अध्यापकों का स्वागत किया। निर्णायक मण्डल द्वारा पुरुस्कारों की घोषणा की गई।



मुख्य अतिथि को सम्मानित करते लांयस क्लब के पदाधिकारी

# बंगाल में विरोध के बीच 43 डॉक्टरों का तबादला

**भाजपा बोली- न्याय की आवाज उठाने पर ममता सरकार ने किया ट्रांसफर**

**एजेंसी, कोलकाता।**



कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में महिला डॉक्टर से दुष्कर्म-हत्या के मामले को लेकर को लेकर पूरे देश में भारी गुस्सा है। डॉक्टर सड़कों पर उतकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बीच पश्चिम बंगाल के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग ने 43 सरकारी डॉक्टरों का एक साथ तबादला कर दिया है। यह आदेश शुक्रवार को जारी किया गया और इसमें कहा गया कि यह तबादला राज्यपाल की इच्छा से किया गया है। शनिवार को सूत्रों ने बताया है कि स्वास्थ्य विभाग ने यह कदम तब उठाया जब आरजी कर के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष ने स्वास्थ्य विभाग में जाकर उच्च अधिकारियों से मुलाकात की। माना जा रहा है कि उन्हीं के कहने पर विभाग ने यह कदम उठाया है जिसकी वजह से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के अधीनस्थ इस विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

भाजपा ने इस तबादले को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार का प्रतिशोधात्मक कदम बताया है। पार्टी का कहना है कि इन डॉक्टरों ने आरजी कर अस्पताल में महिला डॉक्टर के साथ हुई दुष्कर्म और हत्या की घटना के विरोध में आवाज उठाई थी, और इसी कारण से उनका तबादला किया गया है। भाजपा के केंद्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने शनिवार को नई दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में आरोप लगाते हुए कहा कि तृणमूल सरकार दुष्कर्मियों, हत्यारों और आरजी कर मेडिकल कॉलेज में सुनियोजित ढंग से घुसकर तोड़ फोड़ करने वालों पर कार्रवाई करने के बदले न्याय की गुहार लगा रहे आम नागरिकों, डॉक्टरों और मीडियाकर्मियों पर कार्रवाई कर रही है।

ममता सरकार ने बंगाल की बिटिया के लिए न्याय की आवाज उठाने वाले 43 डॉक्टरों का ट्रांसफर किया है और कुछ डॉक्टरों का ट्रांसफर दूर-दराज के इलाकों में भी किया गया है। इस तबादले के खिलाफ डॉक्टरों के संगठन यूनाइटेड डॉक्टर्स फ्रंट एसोसिएशन ने भी विरोध जताया है। संगठन ने अपने बयान में कहा कि हमारे विरोध का समर्थन करने वाले सदस्यों का अन्यायपूर्ण तरीके से तबादला किया गया है। यह सजा देने वाला कदम न्याय और सुरक्षा के लिए हमारी मांग को नहीं दबा सकता। हम अपनी लड़ाई में एकजुट और दृढ़ हैं। इस मुद्दे पर स्वास्थ्य सेवा डॉक्टरों के संगठन एसोसिएशन ऑफ हेल्थ सर्विस डॉक्टर्स के महासचिव उत्पल बनर्जी ने कहा कि इस समय सभी डॉक्टर इस घटना के विरोध में खड़े हैं। कुछ डॉक्टरों ने अधिक सक्रियता दिखाई है। हमारे प्रमोशन रुके हुए हैं और ऐसे हालात में तबादला क्यों किया गया? पश्चिम बंगाल की स्वास्थ्य राज्यमंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने शनिवार को कहा कि इस विषय में मुझे कोई जानकारी नहीं है, इसलिए मेरे पास कहने के लिए कुछ नहीं है। डॉक्टरों के इस तबादले को लेकर राज्य की राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। विपक्ष ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताते हुए सरकार पर निशाना साधा है।

## आरजी कर मेडिकल कॉलेज की घटना पर भाजपा ने कांग्रेस पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में महिला रेजिडेंट डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या की निर्मम घटना पर भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कहा कि वे डॉक्टर समुदाय और दोस्तों के साथ एकजुटता से साथ खड़े हैं। डॉ. पात्रा ने इस घटना पर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए पूछा कि कोलकाता में कांग्रेस के कितने नेता पहुंचे। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी कब कोलकाता जाएंगे। शनिवार को भाजपा मुख्यालय में हुई प्रेसवार्ता में सांसद डा. संबित पात्रा ने कहा कि बंगाल में हुई बर्बरता पर खुद मुख्यमंत्री पर्दा डाल रही हैं। उन्होंने सवाल किया कि इतनी जल्दी 40-50 डॉक्टरों का तबादला क्यों किया गया? मुख्यमंत्री क्या छिपाना चाह रही हैं? उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और गृह मंत्री होते हुए ममता बनर्जी हाथों में तख्तियां लिए हुए और सड़कों पर विरोध प्रदर्शन करने उतरी हैं। पीड़िता के परिवार वालों को न्याय दिलवाने के बजाय प्रदर्शन कर रही हैं। यह समझ से परे है कि वे किसके खिलाफ प्रदर्शन कर रही हैं। वह किससे न्याय और सुरक्षा की मांग कर रही हैं? संदीप घोष (आरजी कर के पूर्व प्रिंसिपल) ने किसके लिए काम किया?

# कुछ लोग राजनीतिक हित को राष्ट्रीय हित से ऊपर रखते हैं : उपराष्ट्रपति

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा कि देश में कुछ लोगों ने अपने राजनीतिक हित को राष्ट्रीय हित से ऊपर रखा है।

धनखड़ ने शनिवार को नेल्लोर जिले के वेंकटचलम में स्वर्ण भारत ट्रस्ट में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश में कुछ लोगों ने अनुचित कारणों से अपने राजनीतिक हित को राष्ट्रीय हित से ऊपर रखा है। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि उन्हें सद्बुद्धि आएगी। ऐसे लोग हमारे देश की स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए किए गए सर्वोच्च बलिदानों से सीख लेंगे। धनखड़ का यह बयान राहुल गांधी द्वारा हिंडनबर्ग की नवीनतम रिपोर्ट के बाद भारत के शेयर बाजार की अखंडता के बारे में चिंता जताए जाने के बाद आया है। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने राष्ट्र से आर्थिक राष्ट्रवाद अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने उद्योग, व्यापार और वाणिज्य क्षेत्रों से आग्रह किया कि वे अनावश्यक आयातों के बजाय स्थानीय उत्पादन को प्राथमिकता दें। उन्होंने अर्थव्यवस्था पर अनावश्यक आयात के नकारात्मक प्रभाव का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि कालीन, वस्त्र और खिलौनों जैसी आयातित वस्तुओं पर हमारी निर्भरता न केवल हमारी विदेशी मुद्रा को विदेश भेज रही है, बल्कि घरेलू उद्यमिता के विकास में भी बाधा डाल रही है। धनखड़ ने प्राकृतिक संसाधनों के इष्टतम उपभोग की महत्वपूर्ण आवश्यकता को रेखांकित किया और नागरिकों से वित्तीय शक्ति के बजाय आवश्यकता के आधार पर संसाधनों का उपयोग करने का आग्रह किया।

# मंकीपॉक्स सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



**केन्द्र सरकार सतर्क**

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा मंकीपॉक्स को सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल (पीएचईआईसी) घोषित करने के मद्देनजर, केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय सतर्क हो गया है। शनिवार को मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने मंकीपॉक्स की स्थिति और तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। फिलहाल भारत में मंकीपॉक्स का कोई मामला सामने नहीं आया है।

मंत्रालय के मुताबिक केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सभी हवाई अड्डों, बंदरगाहों और ग्राउंड क्रॉसिंग पर स्वास्थ्य इकाइयों पर अत्यधिक सावधानी बरती जानी चाहिए। इन स्थानों को अधिक संवेदनशील बनाने के साथ परीक्षण प्रयोगशालाओं (लैब) को तैयार, करना , किसी भी मामले का पता लगाने, अलग करने और उसका प्रबंधन करने आदि के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं को तैयार करने पर जोर देना चाहिए। वहीं स्थिति की समीक्षा के लिए शुक्रवार को स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक की अध्यक्षता में संबंधित क्षेत्रों के विशेषज्ञों की एक संयुक्त निगरानी समूह की बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी), केंद्र सरकार के अस्पताल, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ), भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एनवीबीडीसीपी), स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के विशेषज्ञों ने भाग लिया। आने वाले हफ्तों में कुछ आयातित मामलों का पता चलने की संभावना को देखते हुए तैयारी पूरी होनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि मंकीपॉक्स संक्रमण आमतौर पर 2-4 सप्ताह के बीच स्व-सीमित होता है और रोगी आमतौर पर सहायक प्रबंधन के साथ ठीक हो जाते हैं। संचरण के लिए संक्रमित मामले के साथ लंबे समय तक निकट संपर्क की आवश्यकता होती है और यह आम तौर पर यौन मार्ग, शरीर, घाव के तरल पदार्थ, या संक्रमित व्यक्ति के दूषित कपड़ों, लिनन के सीधे संपर्क के माध्यम से होता है।

# रांगापानी में ट्रेन हादसा, मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से उतरे

**कोलकाता, एजेंसी।**



रांगापानी में एक बार फिर से ट्रेन हादसा हुआ है, जिससे रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। शुक्रवार रात करीब 9-45 बजे, न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन के पास स्थित रांगापानी इलाके में तेल के टैंकर ले जा रही मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से उतर गए। हादसे के दौरान ट्रेन यार्ड में टैंकरों को भरने के लिए प्रवेश कर रही थी।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, दुर्घटना में कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। रेलवे के उच्चाधिकारियों सहित अन्य कर्मचारी मौके पर पहुंच गए थे और दुर्घटनाग्रस्त डिब्बों को उठाने का काम रातभर किया गया। उत्तर-पूर्व सीमा रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी, कपींजल किशोर शर्मा ने शनिवार सुबह बताया कि यह दुर्घटना यार्ड में घुसते समय हुई और मुख्य लाइन पर कोई दुर्घटना नहीं हुई, जिससे रेलवे सेवाएं सामान्य बनी हुई हैं। यह उल्लेखनीय है कि लगभग दो सप्ताह पहले, इसी स्थान पर एक और तेल से लदी मालगाड़ी पटरी से उतरी थी। इसके अलावा, रांगापानी में पिछले 17 जून को भी एक बड़ी दुर्घटना हुई थी, जब कंचनजंघा एक्सप्रेस एक मालगाड़ी से टकरा गई थी। इस हादसे में कंचनजंघा एक्सप्रेस के चार डिब्बे पटरी से उतर गए थे, जिससे 10 लोगों की मौत हो गई थी और 41 से अधिक लोग घायल हो गए थे। लगातार हो रही इन दुर्घटनाओं ने रेलवे सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# गर्मजोशी से विनेश फोगाट का इस्तकबाल

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



**बजरंग, साक्षी के साथ किया रोडशो**

पेरिस ओलंपिक में अपने दमदार प्रदर्शन से फाइनल में जगह बनाने वाली भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट का शनिवार को यहां इंदिरा गांधी राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया।

विनेश ने शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी में रोड शो किया। रोड शो में बजरंग पुनिया, साक्षी मलिक और कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा भी मौजूद रहे। साक्षी मलिक ने कहा कि विनेश ने देश के लिए जो किया है, वह बहुत कम लोग करते हैं। उन्हें और अधिक सम्मान और सराहना मिलनी चाहिए।

इस बीच बजरंग पुनिया ने कहा कि देशवासी उन्हें जबरदस्त प्यार दे रहे हैं, आप देख सकते हैं कि देश ने उनका किस तरह स्वागत किया गया।

इससे पहले शनिवार को विनेश फोगाट दिल्ली के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचीं, जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। विनेश ने कहा कि मैं सभी देशवासियों को धन्यवाद देती हूं, मैं बहुत भाग्यशाली हूं। पेरिस से लौटने पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया, जहां वह ओलंपिक के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनीं। गौरतलब है कि विनेश को 50 किलोग्राम स्वर्ण पदक मुकाबले से अयोग्य घोषित कर दिया गया क्योंकि भारतीय महिला पहलवान का वजन 100 ग्राम अधिक पाया गया। बुधवार को कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट (सीएएस) ने संयुक्त रजत से सम्मानित करने की उनकी याचिका खारिज कर दी। उन्होंने अपनी अयोग्यता के एक दिन बाद आठ अगस्त को कुश्ती से संन्यास की घोषणा की थी।

## 'घर' में भावुक हुईं ओलंपियन विनेश फोगाट



भारतीय पहलवान विनेश फोगाट के पेरिस में 2024 ओलंपिक खेलों से दिल्ली लौटने पर इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का हलचल भरा टर्मिनल उत्सव और भावना के मंच में बदल गया। विनेश महिला कुश्ती के 50 किग्रा वर्ग के फाइनल में पहुंचने के बावजूद कोई पदक नहीं जीत सकीं, लेकिन अपने देशवासियों से मिली गर्मजोशी और प्रशंसा ने राष्ट्रीय गौरव और समर्थन की एक ज्वलंत तस्वीर पेश की। फोगाट जैसे ही टर्मिनल से बाहर निकलीं, परिवार, दोस्तों और कुश्ती के दिग्गजों समेत समर्थकों की भारी भीड़ ने अपनी लोकप्रिय एथलीट के स्वागत के लिए पलक पांवड़े बिछा दिये। इस मौके पर कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा, प्रमुख पहलवान बजरंग पुनिया और साक्षी मलिक मौजूद थे। फोगट के प्रशंसकों ने नृत्य कर अपनी खुशी का इजहार किया, उनका यह उत्साह पहलवान के प्रति उनके गहरे सम्मान और प्रशंसा को दर्शाने के लिये काफी था। हालांकि, जश्न के बीच फोगाट भावुक नजर आईं। उनकी ओलंपिक यात्रा के भावनात्मक बोझ ने उन्हें अभिभूत कर दिया और अपने साथी देशवासियों के स्नेह से अभिभूत होकर वह रोने लगीं। उनके भाई, हरिंदर पुनिया ने कृतज्ञता और संकल्प के साथ प्रशंसको से बात की। उन्होने कहा कि देश भर से कुश्ती और खेल प्रेमी उनके सम्मान में एक साथ आए हैं। हालांकि इस बार उन्होंने कोई पदक हासिल नहीं किया, लेकिन हमारी प्रतिबद्धता दृढ़ है। हम यह सुनिश्चित करने के लिए अपने प्रयासों में दृढ़ हैं कि वह भविष्य में ओलंपिक स्वर्ण घर लाएं।

# डाबर ओडोमॉस ने लॉन्च किया सुरक्षा बंधन कैंपेन





**मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों की रोकथाम पर बढ़ाई जागरुकता**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों के खिलाफ़ शहर की लड़ाई में योगदान देते हुए डाबर की ओर से भारत के जाने-माने पर्सनल ऐप्लीकेशन मॉस्क्युटो रेपेलेन्ट ब्राण्ड ओडोमॉस ने आज सुरक्षा बंधन कैंपेन के लॉन्च की घोषणा की है। सुरक्षा के प्रतीक, रक्षाबंधन के त्योहार के उपलक्ष्य में यह कैंपेन लाया गया है। जिस तरह से बहन भाई की कलाई पर राखी बांध कर उसकी सुरक्षा की कामना करती है, ठीक उसी तरह ओडोमॉस मच्छरों से सुरक्षा देता है।

इस कैंपेन के तहत ओडोमॉस ने छात्रों के बीच ओडोमॉस बैण्ड बांटे, उन्हें मच्छरों से फैलनी वाली बीमारियों और इनकी रोकथाम के बारे में जागरुक बनाया। आज यहां संत एस. राम इंटर कालेज, निकट शुक्ला चौराहा, जानकीपुरम में इस पहल के अन्तर्गत हुये जागरूकता सत्र में दिनेश कुमार, मैनेजर, कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन, डाबर इण्डिया लिमिटेड, कालेज की प्रधानाचार्या मिथिलेश कनौजिया, उप प्रधानाचार्य अमित बाजपेई, समाजसेवी अजय यादव सहित कई प्रमुख लोग मौजूद थे। इस दौरान डाबर ने बच्चों में ओडोमॉस मॉस्क्युटो रेपेलेन्ट प्रोडक्ट्स भी वितरित किए। कंपनी ने मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया के कारण, लक्षण एवं रोकथाम के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए एक सेमिनार का आयोजन भी किया।

इस पहल पर संतोश जयसवाल, कैटेगरी हैड- मॉस्क्युटो रेपेलेन्ट, डाबर इंडिया लिमिटेड ने कहा, ''सुरक्षा बंधन कैंपेन समाज के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए डाबर ओडोमॉस के प्रयासों पर रोशनी डालता है। रक्षा बंधन के अवसर पर मच्छरों से सुरक्षा के बारे में जागरुकता बढ़ाकर इस कैंपेन ने समाज पर सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न किया।

























